हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • सोमवार • 03.03.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 220 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# 18 लाख के इनामी आक्रमण गंझू समेत चार नक्सलियों को किया गया गिरफ्तार

## अमेरिकन राइफल सहित भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा हुआ बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा :** झारखंड बिहार का मोस्ट वांटेड टीएसपीसी संगठन का सेकंड सुप्रीमो आक्रमण गंझु गिरफ्तार हो गया है। इसके निशानदेही पर चतरा पुलिस को अमेरिकन राइफल सहित हथियारों का जखीरा बरामद करने में सफलता मिली है। कुंभ स्नान से लौटने के क्रम में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था।। उसके निशान देही पर अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी हुई है और भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं।



रविवार को चतरा एसपी विकास पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी दी। आक्रमण गंझु पर झारखंड पुलिस 15 लाख और टेरर फंडिग के मामले में एनआईए ने तीन लाख का इनाम रखा हुआ था। उसके साथ उसकी पत्नी लावालौंग की पूर्व प्रमुख ममता देवी, चैनपुर, मांडू जिला रामगढ़ के सचिन कुमार गंझू, कुंदा के लुकुईया के अमित गंझू की भी गिरफ्तारी हुई है। आक्रमण की पत्नी लावालौंग ब्लॉक की पूर्व प्रमुख रह चुकी है। झारखंड के कई जिलों के थाने में उसपर 75 से अधिक मामले दर्ज हैं। इनमें चतरा में 49, पलामू में 10, लातेहार में 14 और हजारीबाग में दो मामले शामिल हैं।

एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने बिहार और झारखंड के सीमा में हंटरगंज के पत्सुगिया पुल के पास से एक क्रेटा कार से उसकी गिरफ्तारी हुई है।

### ये हथियार हुए बरामद

गिरफ्तार नक्सली के पास और उसकी निशानदेही पर नाइन एमएम का तीन पिस्टल, एक देशी कट्टा, नाइन एमएम का 15 जिन्दा गोली, .315 का एक गोली, एक हुंडई क्रेटा गाड़ी, विभिन्न कंपनियों का सात मोबाईल, डोंगल (राउटर)तीन, एम-16 एआई राईफल (अमेरिकन) एक, एसएलआर राईफल, .315 बोर की देशी निर्मीत राइफल दो, 7.62 एम.एम. का देशी पिस्टल एक, 7.65 एम.एम. का देशी पिस्टल तीन, देशी कट्टा एक, एम-16 एआई राईफल का मैगजीन-03, एसएलआर का मैगजीन एक, अन्य पिस्टल का मैगजीन दो, नाइन एमएम का जिन्दा गोली 4597 पीस, 5.5 एमएम का जिन्दा गोली 172 पीस, .315 एमएम का जिन्दा गोली 100 पीस, एम-16 का जिन्दा गोली 90 पीस, 7.62एमएम का जिन्दा गोली-20 राउण्ड, चितकबरा रंग का 01 मैगजीन पाउच सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

एसपी विकास पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कुख्यात उग्रवादी के पास से कई देशी और विदेशी हथियार बरामद किए गए हैं। झारखंड सरकार ने राज्य को नक्सली मुक्त राज्य बनाने का संकल्प लिया है। इसी संकल्प को धरातल पर उतरने की दिशा में पुलिस कार्य कर रही है।

नक्सलियों के खिलाफ चौतरफा कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को प्रतिबंधित नक्सली संगठनों के विरुद्ध निरंतर सफलता भी मिल रही है। नक्सलियों के खिलाफ लागातर छापेमारी अभियान भी चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में एक मार्च को सूचना मिली कि टीएसपीसी संगठन का कुख्यात उग्रवादी रीजनल कमांडर आक्रमण बिहार की ओर से झारखंड होते पलामू जाने वाला है। इसी को लेकर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने अभियान के दौरान एक गाड़ी में सवार चार लोगों को गिरफ्तार की। गिरफ्तार लोगों के पास से हथियार मिले और उनके निशानदेही पर हथियारों का जखीरा मिला है। अभियान में सीडीपीओ संदीप सुमन, चतरा सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार, हंटरगंज थाना प्रभारी पप्पू कुमार शर्मा, सिमरिया थाना प्रभारी मानव मयंक पुलिस और सब इंस्पेक्टर हरिश्चंद्र सहित जिला बल के जवान शामिल थे।

# विस में आज पेश होगा वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट, 7-10 फीसदी वृद्धि की संभावना

### पिछले पांच सालों में बजट का आकार

- 2020-21: 86,370 करोड़
- 2021-22: 91,277 करोड़
- 2022-23: 1,01,101 करोड़
- 2023-24: 1,16,418 करोड़
- 2024-25: 1,28,900 करोड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है, तीन मार्च को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगे। पिछले पांच साल के बजट का ट्रेंड भी बता रहा है कि इस बार के बजट आकार करीब सात से 10 प्रतिशत वृद्धि की जा सकती है। इस हिसाब से यह बजट लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये हो जाने की संभावना है। वर्ष 2024-25 में झारखंड का बजट आकार 1 लाख 28 हजार 900 करोड़ रुपये था। वहीं शुक्रवार को सदन में 5508 करोड़ का अनुपूरक बजट पास हो गया। पिछले पांच वर्षों के बजट को देखें तो हर साल वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024-25 में झारखंड का बजट 1,28,900 करोड़ रुपये था, जबकि इस साल इसे बढ़ाकर और भी व्यापक बनाया जा सकता है। इस बार सरकार ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, और शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है।

### महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए अधिक धन राशि का आवंटन

इस वर्ष राज्य सरकार का फोकस ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा पर था। वहीं आगामी बजट में मंईयां सम्मान योजना के कारण महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए अधिक धन राशि का आवंटन किए जाने की संभावना है।

### झारखंड का सकल घरेलू उत्पाद

वर्ष 2001 को राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 32000 करोड़ रुपया का था, जो अब बढ़कर 4 लाख 70 हजार करोड़ रुपया से अधिक का हो गया है। आगामी वित्त वर्ष के बजट में नॉमिनल जीएसडीपी 9.5 से 10 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। वर्ष 2024-25 में 128900 करोड़ के बजट में सामान्य प्रक्षेत्र में 37124, सोशल प्रक्षेत्र में 45377 करोड़ और आर्थिक प्रक्षेत्र में 46399 रुपये का प्रावधान किया गया था।

### स्वास्थ्य और शिक्षा में बड़े निवेश की उम्मीद

स्वास्थ्य बजट 169.09 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,223 करोड़ रुपये हो गया। वहीं शिक्षा बजट 915.36 करोड़ रुपये से बढ़कर 14,725 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

### चुनौतियां और आगे की योजनाएं

स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं को हर नागरिक तक पहुंचाने पर जोर रहेगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। कृषि, पशुपालन, पेयजल जैसी बुनियादी जरूरतों पर फोकस किया जाएगा। इस साल का बजट झारखंड की अर्थव्यवस्था को और रफ्तार देगा या नहीं, यह तो आगामी घोषणाओं के बाद ही स्पष्ट होगा, लेकिन अब तक के संकेत एक बड़े और विकासोन्मुखी बजट की ओर इशारा कर रहे हैं।

## एक नजर

### नशा तस्करों को दंडित करने में केन्द्र कोई कसर नहीं छोड़ रहा : शाह

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पैसे के लालच में हमारे युवाओं को नशे की अंधेरी खाई में धकेलने वाले नशा तस्करों को दंडित करने में मोदी सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का संकल्प नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए नशीली दवाओं के खतरे से लड़ना है। गृह मंत्री ने कहा कि नीचे से ऊपर और ऊपर से नीचे की रणनीति के साथ अचूक जांच के परिणामस्वरूप देश भर में 12 अलग-अलग मामलों में 29 नशा तस्करों को अदालतों ने दोषी ठहराया है। मादक पदार्थों के खिलाफ मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुसरण में एनसीबी ने यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 11 करोड़ की कोकीन बरामद

**मुंबई :** राजस्व खुफिया निदेशालय की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर ब्राजील की एक महिला को पकड़ा है। उसके पास से 11 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन बरामद की गई है। इसके बाद विदेशी महिला के पेट का ऑपरेशन कर कोकीन के 100 कैप्सूल निकाल कर जब्त किया गया है। इस मामले की गहन छानबीन डीआरआई टीम कर रही है। डीआरआई सूत्रों ने रविवार को बताया कि उनकी टीम को बेहद गोपनीय तरीके से ड्रग की तस्करी किए जाने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर डीआरआई की टीम शनिवार को निगरानी कर रही थी। डीआरआई की टीम ने संदिग्ध अवस्था में ब्राजील से आई महिला साओ पाउलो को रोका और सामान की तलाशी ली, लेकिन उसके सामान में कुछ भी नहीं मिला।

# बिरसा मुंडा जेल ब्रेक मामला : छह कक्षपाल निलंबित, एसआईटी गठित




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से उग्रवादी समीर तिर्की उर्फ शाकिर तिर्की के फरार होने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। जेल प्रशासन की लापरवाही सामने आने के बाद छह कक्षपालों को निलंबित कर दिया गया है। जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने जेल एएसआई तुषार गुप्ता की अनुशंसा पर शनिवार को यह आदेश जारी किया।

निलंबित कक्षपालों में बीचा मुंडा, सतन नायक, सोमन लोहार, राकेश कुमार सिंह, रामजीत महतो और गोपालजी सिंह का नाम शामिल है। जांच रिपोर्ट में सामने आया कि 12 नंबर वार्ड में तैनात कक्षपालों ने गिनती में लापरवाही बरती, जिससे कैदी के भागने की जानकारी नहीं मिल सकी। गुरुवार को आजीवन कारावास की सजा काट रहा समीर तिर्की जेल की दीवार फांदकर फरार हो गया।

हैरानी की बात यह रही कि जेल प्रशासन को इस घटना की जानकारी दो दिन बाद कैदियों की गिनती के दौरान मिली। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कैदी की तलाश के लिए एसआईटी का गठन किया है। टीम का नेतृत्व सदर डीएसपी कर रहे हैं। टीम ने गुमला स्थित घर और अन्य ठिकानों पर छापेमारी की है। परिजनों और रिश्तेदारों से पूछताछ की जा रही है। फरार कैदी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

# रमजान का पाक महीना शुरू, पीएम मोदी समेत राहुल-प्रियंका ने लोगों को दी शुभकामनाएं

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** रमजान का पाक महीना शुरू हो गया है और मुस्लिम समुदाय के लोग इसे लेकर काफी ज्यादा उत्साहित नजर आ रहे हैं। रमजान शुरू होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को इसकी शुभकामनाएं दी है।

पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, जैसे ही रमजान का पवित्र महीना शुरू हो रहा है, यह हमारे समाज में शांति और सद्भाव लाए। यह पवित्र महीना चिंतन, कृतज्ञता और भक्ति का प्रतीक है, साथ ही हमें करुणा, दयालुता और सेवा के मूल्यों को भी याद दिलाता है। रमजान मुबारक!



प्रधानमंत्री मोदी से एक दिन पहले संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी लोगों को रमजान की शुभकामनाएं दी। राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, रमजान मुबारक! यह पवित्र महीना आपके जीवन को खुशियों से भर दे और आपके दिलों को शांति दे। वहीं, प्रियंका गांधी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, आप सभी को रहमतों और बरकतों को पवित्र महीने रमजान की हार्दिक बधाई। मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि यह पवित्र महीना आप सभी के जीवन में खुशियां, समृद्धि और शांति लाए। इसके अलावा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू यादव, बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी मुस्लिम समुदाय के लोगों को रमजान की मुबारकबाद दी है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी लोगों को रमजान की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, आप सभी को रमजान की ढेर सारी मुबारकबाद। यह पवित्र महीना आपके जीवन में खूब सारी खुशियां, सुख-समृद्धि और तरक़्क़ी लेकर आए।

# प्रेम विवाह की मिसाल : जाति और समाज की बेड़ियां तोड़ते हुए दलित युवक और पिछड़ी जाति की युवती का हुआ विवाह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग के एक छोटे से कस्बे में हाल ही में एक ऐसी शादी संपन्न हुई, जो केवल दो दिलों का मिलन नहीं थी, बल्कि यह सामाजिक बेड़ियों को तोड़ने की एक मिसाल भी बन गई। यह कहानी है एक दलित युवक और एक पिछड़ी जाति की युवती की, जिनका प्रेम सात सालों तक समाज की रूढ़ियों, पारिवारिक दबाव और कानूनी उलझनों से जूझता रहा। इस अनोखी शादी को संभव बनाने में समाजसेवी अभिषेक कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने इन प्रेमियों के जीवन को अंधकार से निकालकर एक नई रोशनी दी।



यह प्रेम कहानी कॉलेज के दिनों में शुरू हुई थी। दोनों युवा, जो एक ही विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे थे, धीरे-धीरे एक-दूसरे के करीब आए। पढ़ाई के दौरान उनकी दोस्ती गहरी हुई और यह दोस्ती प्यार में बदल गई। लेकिन, उनकी प्रेम कहानी उतनी आसान नहीं थी। जैसे ही परिवारों को इस रिश्ते की भनक लगी, उन्होंने इसे समाज के लिए "अस्वीकार्य" बताकर नकार दिया। लड़की के माता-पिता ने उसे घर से बाहर निकलने तक पर पाबंदी लगा दी, जबकि लड़के पर दबाव बनाया गया कि वह यह रिश्ता खत्म कर दे।

हालांकि, प्रेम में डूबे इन दोनों ने एक-दूसरे से अलग होने का फैसला नहीं किया। समाज और परिवार के दबाव के बावजूद, दोनों ने चोरी-छिपे एक-दूसरे से मिलने की कोशिश की, लेकिन परिस्थितियां इतनी प्रतिकूल थीं कि वे ज्यादा समय तक संपर्क में नहीं रह सके।

समाज और परिवार के विरोध के चलते लड़की ने पुलिस थाने तक का रुख किया। उसने पुलिस से गुहार लगाई कि उसे अपने पसंद के व्यक्ति से शादी करने का अधिकार मिले, लेकिन कानूनी उलझनों और सामाजिक दबावों के कारण मामला सुलझने की बजाय और उलझ गया। लड़की के माता-पिता ने उसके खिलाफ भावनात्मक दबाव बनाया, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान हो गई। लड़के ने भी परिस्थिति के चलते बातचीत बंद कर दी, जिससे लड़की पूरी तरह से अकेली महसूस करने लगी। वह दिन-रात इधर-उधर भटकती रही, समाधान की तलाश में पुलिस थानों और महिला संगठनों के चक्कर लगाती रही, लेकिन कोई ठोस हल नहीं निकल पाया।

इसी बीच, लड़की को सोशल मीडिया के माध्यम से समाजसेवी अभिषेक कुमार के बारे में जानकारी मिली। उसने उनसे संपर्क किया और अपनी पूरी कहानी सुनाई। अभिषेक कुमार, जो लंबे समय से सामाजिक सुधार और अंतरजातीय विवाह को प्रोत्साहित करने के लिए काम कर रहे हैं, इस मामले में सक्रिय रूप से आगे आए। उन्होंने सबसे पहले महिला थाना में एक बैठक आयोजित करवाई, जिसमें दोनों परिवारों को बुलाया गया। बैठक के दौरान, उन्होंने परिवारों को समझाया कि कानूनी लड़ाई में न केवल समय और पैसा बर्बाद होगा, बल्कि इससे बच्चों का जीवन भी बर्बाद हो सकता है। कोर्ट के चक्कर और मुकदमों से किसी को कोई लाभ नहीं होगा, बल्कि रिश्ते और ज्यादा बिगड़ सकते हैं। समाजसेवी अभिषेक कुमार के तर्कपूर्ण समझाने के बाद दोनों परिवार इस बात पर सहमत हुए कि अगर दोनों बालिग हैं और अपनी मर्जी से शादी करना चाहते हैं, तो उन्हें इस रिश्ते को स्वीकार कर लेना चाहिए। इसके बाद, अभिषेक कुमार ने 28 तारीख को कस्बे के प्रसिद्ध काली मंदिर में शादी कराने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने दोनों परिवारों को वहां बुलाया और एक नई शुरूआत का प्रस्ताव दिया। 28 तारीख को काली मंदिर में एक सादे लेकिन भावनात्मक रूप से महत्वपूर्ण समारोह में दोनों प्रेमियों का विवाह संपन्न हुआ। समाजसेवी अभिषेक कुमार ने विवाह की पूरी व्यवस्था की और सुनिश्चित किया कि दोनों को कानूनी और सामाजिक सुरक्षा मिले।

# हिमस्खलन : लापता सभी श्रमिक मिले, कुल आठ की मौत



एजेंसी

**देहरादून :** बदरीनाथ धाम से करीब छह किमी की दूरी पर स्थित माणा के पास हिमस्खलन के बाद से लापता सभी श्रमिकों को ढूंढ लिया है। रविवार शाम को हादसे के बाद से लापता अंतिम व्यक्ति का शव बरामद होने के बाद सेना का रेस्क्यू आपरेशन पूरा हो गया है। रविवार को सेना के जवानों ने लापता चारों श्रमिकों के शवों को बरामद कर लिया है। इस हादसे में आठ श्रमिकों की मौत हुई है। इससे पहले शनिवार को ही चार शव बरामद कर लिए गए थे। इस हादसे में बचाव दल ने 46 श्रमिकों की जान बचाई है।

सेना के जन संपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को सुबह ही रेस्क्यू अभियान तेज कर दिया गया था। दोपहर तक तीन शव बरामद हो गए थे। शाम तक अंतिम लापता श्रमिक देहरादूनवासी अरविंद कुमार सिंह का शव भी बरामद कर लिया गया है। इस हिमस्खल की चपेट में आए 54 श्रमिकों में आठ की मौत हुई है और 46 श्रमिकों की जान बचा ली गई। उन्होंने बताया कि बचाए गए 44 श्रमिकों का जोशीमठ के सेना अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि दो श्रमिकों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर किया गया है।

उन्होंने बताया कि पूरे रेस्क्यू अभियान के दौरान सेना के जवानों ने पूरी तत्परता से कार्य किया और विषम भौगोलिक परिस्थितियों से लड़ते हुए 46 श्रम वीरों की जान बचाई। उन्होंने हिमस्खलन में आठ श्रमिकों की मौत होना दुखद है।

## एक नजर

### अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत कमेटी हुई की बैठक

**हजारीबाग** : अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की कोर कमेटी की बैठक रविवार को परिसदन कक्ष में हुआ। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गौरव सहाय व संचालन सचिव बब्लु कुमार ने की। बैठक में यात्री वाहनों द्वारा दी जाने वाली टिकट पर वाहन का नाम और पंजीयन नंबर को लेकर आरटीए कार्यालय के साथ साथ बस मालिकों द्वारा बरती जाने वाली लापरवाही पर चर्चा की गई। बताया गया कि 2024 अगस्त से लगातार इस दिशा में आरटीए और संबंधित पदाधिकारियों को ज्ञापन दिया जा रहा है। परंतु आमजन की परेशानी को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। बैठक में इस बाबत एक सदर विधायक प्रदीप प्रसाद को एक ज्ञापन देकर इसे सदर में उठाने का निर्णय लिया गया। ज्ञात हो कि 2008 के बाद से झारखंड में राज्य सरकार द्वारा किराया तय नहीं किया गया है। जबकि राज्य के लगे पड़ोसी राज्य बिहार, उड़िसा, छतीसगढ़ में प्रत्येक चार वर्षो में भाड़ा तय किया जा रहा है। इसे लेकर बस मालिकों द्वारा मनमानी किया जाता रहा है। बैठक में जिला में बनाए गए पर्यटक सूचना केंद्र को शादी घर और रेस्टुरेंट बनाए जाने को लेकर आपत्ति दर्ज कराया गया है। इस बाबत पर्यटन विभाग और उपायुक्त से कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिय गया है। बैठक में प्रांत उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, सह सचिव अरविंद राणा, जिलाध्यक्ष गौरव सहाय, उपाध्यक्ष प्रेम प्रसाद राणा, सचिव बब्लु कुमार, प्रचार प्रमुख दयानंद गुप्ता, सदस्य संजय कुमार सहित अन्य शामिल थे।

### सांसद के प्रयास से उपकरण के लिए दिव्यांगों का हुआ पंजीकरण

**हजारीबाग** : हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से भारत सरकार की एपिड योजना के तहत एलिम्को द्वारा रविवार को हजारीबाग नगर प्रेक्षागृह सभागार में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क सहायक यंत्र/उपकरण उपलब्ध कराने हेतु पंजीकरण सह परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 588 दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों का अनुभवी और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने दिव्यांगता का परीक्षण किया और सभी का पंजीकरण कर आवश्यक सहायक यंत्र/उपकरण के लिए सूची तैयार की गई तथा उनसे जरूरत के दस्तावेज यथा आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड/ऑनलाइन कार्ड, राशन कार्ड/ आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति और एक फोटो जमा कराया गया। इस शिविर की विधिवत शुरूआत पूर्व निर्धारित समय के मुताबिक सुबह 10:00 बजे से हुई जो संध्या 5:00 बजे तक निर्बाध रूप से चला।

### ब्रह्मर्षि समाज का होली मिलन समारोह नौ मार्च को

**हजारीबाग** : स्वामी सहजानंद सेवा संस्थान की बैठक हजारीबाग के डीवीसी चौक स्थित होटल प्रवेश रिसॉर्ट & बैंक्वेट हाल में किया गया। जिसमें ब्रह्मर्षि समाज हजारीबाग के द्वारा होली मिलन समारोह 9 मार्च दिन रविवार को मानने का निर्णय लिया गया। होली मिलन समारोह के संयोजक कन्हैया कुमार को बनाया गया,संस्थापक अध्यक्ष मुकेश सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह होगा। संस्था के प्रवक्ता डॉ आनंद कुमार शाही ने बताया कि इस बार होने वाली होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा,जिसमें मशहूर गायक मनिता श्री अपने पूरे टिम के साथ होली संगीत का कार्यक्रम कर सभी लोगों का उत्साह बढ़ाएंगी। संस्था के सचिव कन्हैया शर्मा ने सभी हजारीबाग जिले के ब्रह्मर्षि भाइयों से अपील किया है।

# हजारीबाग और रामगढ़ में अवैध कोयला कारोबार पर असलम का साम्राज्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग/रामगढ़ :** झारखंड के हजारीबाग और रामगढ़ जिलों में अवैध कोयला खनन और तस्करी का जाल फैलता जा रहा है, जिसमें किसी असलम नामक व्यक्ति का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है। रामगढ़ जिला निवासी असलम हजारीबाग में रहकर इस अवैध कारोबार का संचालन करता है। बताया जा रहा है कि उसने हजारीबाग में एक मेडिसिन दुकान भी खोल रखी है, जो उसके अवैध गतिविधियों की आड़ मानी जाती है।



**अवैध कारोबार का विस्तार**

असलम का अवैध कोयला कारोबार हजारीबाग के बड़कागांव, चरही, गिद्दी और रामगढ़ के मांडू क्षेत्रों में सक्रिय है। सूर्यास्त के बाद और रात के अंधेरे में, आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टरों के माध्यम से कोयले की तस्करी की जाती है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, असलम का प्रभाव इतना है कि पुलिस और वन विभाग में उसके खिलाफ दर्जनों मामले दर्ज हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

**पुलिस पर हमले की घटनाएं**

अवैध कोयला तस्करों का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि वे कानूनी एजेंसियों पर हमला करने से भी नहीं हिचकते। पिछले वर्ष रामगढ़ के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के काकली मोड़ के समीप, हजारीबाग डीआईजी की टीम पर कोयला तस्करों ने हमला किया और अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर छुड़ा ले गए। इस घटना से स्पष्ट होता है कि तस्करों के हौसले कितने बुलंद हैं और वे कानून का कोई खौफ नहीं मानते।

**प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल**

स्थानीय जनता और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि असलम के खिलाफ कई मामले दर्ज होने के बावजूद, प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे अवैध कोयला कारोबार को बढ़ावा मिल रहा है और सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है।

**आवश्यकता सख्त कार्रवाई की**

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, आवश्यक है कि प्रशासन और कानूनी एजेंसियां मिलकर असलम और उसके जैसे अन्य अवैध कोयला तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। साथ ही, स्थानीय समुदाय को भी जागरूक किया जाए ताकि वे इस अवैध गतिविधि के खिलाफ आवाज उठा सकें और अपने पर्यावरण और संसाधनों की रक्षा कर सके।

# विभिन्न पदों में नियुक्त छह हजार कर्मियों का भविष्य निधि लेखा संख्या डीसी ने नेतृत्व में किया गया आवंटित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** राज्य के विकास और सरकारी कामकाज में लंबी अवधि तक तक सेवा देने वाले कर्मी सेवानिवृत्ति के उपरांत आर्थिक रूप से संबल रहे इसकें लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुरानी पेंशन योजना फिर से (ओपीएस) बहाल कर राज्य कर्मियों को बड़ा तोहफा दिया था। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि नई पेंशन योजना के तहत नियुक्त कोई भी सरकारी कर्मी पुरानी पेंशन योजना से वंचित ना रहे। मुख्यमंत्री के निदेर्शों का पालन करते हुए हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय के कुशल नेतृत्व में जिला पेंशन एवं लेखा निदेशालय, तदेन भविष्य निधि कार्यालय एवं जिला कोषागार कार्यालय ने त्वरित पहल करते हुए मात्र 2 महीने के अंदर हजारीबाग जिला में अवस्थित सभी राज्य स्तरीय कार्यालय एवं जिला स्तरीय कार्यालय के लगभग छह हजार कर्मियों, जिनकी नियुक्ति नई पेंशन योजना के तहत हुई थी, का भविष्य निधि लेखा संख्या आवंटित कर दिया है। हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि वित्त विभाग के संकल्प संख्या 141- दिनांक 1 सितंबर 2023 के तहत 1 सितंबर 2022 के पूर्व सेवानिवृत्त वैसे कर्मियों, जिन्हें सेवा निवृत्ति के पश्चात नई पेंशन योजना (एनपीएस) राशि का भुगतान नहीं हुआ है, के लिए एनपीएस खाता में जमा राशि में से सरकार के अंशदान एवं लाभांश की राशि का भुगतान सरकार के खजाने में जमा कराकर उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्रदान करते हुए पेंशन भुगतान करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि इस श्रेणी में वैसे कर्मी शामिल थे जो दैनिक वेतनभोगी/ संविदा के रूप में नियुक्त हुए थे और जिन्हें राज्य सरकार द्वारा नियमित किया गया था। वहीं, 01.09.2022 के पूर्व सेवानिवृत वैसे कर्मी जिन्हें न्यू पेंशन स्कीम के तहत जमा राशि का भुगतान हो चुका है तथा वे पुरानी पेशन योजना का लाभ लेने के इच्छुक है। वैसे सेवानिवृत कर्मियों से न्यू पेंशन योजना से प्राप्त राशि चालान के माध्यम से सरकारी खजाने में जमा कराकर उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया गया। उपायुक्त नैंसी सहाय के मार्गदर्शन में जिला कोषागार पदाधिकारी सह - पेंशन एवं लेखा पदाधिकारी उज्जवल कुमार चौरसिया द्वारा हजारीबाग जिला अंतर्गत मुख्यालय से प्राप्त 48 सेवानिवृत्त कर्मी, के अलावे वैसे कर्मी जो सेवानिवृत्ति के पश्चात अपने-अपने घर चले गए थे तथा कार्यालय के पास उनके वर्तमान आवासीय पता एवं मोबाइल नंबर भी उपलब्ध नहीं था,से संपर्क स्थापित कर कार्यालय बुलाकर एनपीएस में जमा सरकारी अंशदान एवं लाभांश की राशि चालान के माध्यम से सरकारी खजाने में जमा कराया गया और उनके पेंशन प्रपत्र को भर कर महालेखागार कार्यालय, झारखंड, रांची को उपलब्ध करा दिया गया है। साथ ही साथ वैसे छुटे हुए सेवा निवृत कर्मी जो किसी कारण से अभी तक पुरानी पेंशन योजना का लाभ नहीं ले पाये है,उन्हें भी सरकार के इस सराहनीय कार्य (पुरानी पेंशन योजना) का लाभ पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे है। पेंशन कार्यालय द्वारा सेवानिवृत दिब्याँग पेंशनरों को पेंशन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु महालेखाकार द्वारा उपलब्ध कराये गये प्राधिकार पत्र के आधार पर उनके घर जाकर पेंशन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है ।

### चौपारण में पहला रोजा के साथ तरावीह शुरू

**चौपारण** : प्रखंड के 26 पंचायतों में शनिवार की शाम चांद नजर आते ही इबादत का महीना शुरू हो गया। रविवार को रोजेदारों ने पहला रोजा रखा। मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा की गई, पूरे प्रखंड में रमजान की आमद के साथ रौनक बढ़ गई। चौपारण औलाद कॉलोनी में संचालित बिट्टू किराना स्टोर में रमजान को लेकर प्रखंडवासियों का खासा भीड़ देखा गया। जिसमें खजूर, मिस्वाक और इफ्तार के सामान के साथ किसी ने नान रोटी तो किसी ने सेवई-दूध की खरीदारी किया। संचालक काऊनेन खान ने कह कि रमजान को देखते हुए कई खाद्य सामग्री की कीमतों में कमी की गई है। जिससे रोजेदारों को राहत मिलेगी। कमलवार के इमाम उजैर अलम ने बताया कि रमजान इस्लाम का सबसे पाक महीना है और हर बालिग, तंदुरुस्त मुसलमान पर रोजा रखना फर्ज है। बिना किसी मजबूरी के रोजा न रखना बड़ा गुनाह है। रमजान खुद को अल्लाह की इबादत में लगाने और गुनाहों से तौबा करने का मौका है।

# दनुआ घाटी में सब्जी लदा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, चालक घायल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** मौत की घाटी के नाम से मशहूर हजारीबाग जिले के झारखंड-बिहार के सीमावर्ती चौपारण के दनुआ घाटी में रविवार सुबह 9 बजे के आस पास एक बार फिर दुर्घटना हुआ। मिली जानकारी के अनुसार आगे चल रही कंटेनर गाड़ी को पीछे से सब्जी लाद ट्रक ने जोरदार टक्कर मारी। जिससे सब्जी लदा ट्रक बुरी तरीका से क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक में दबे चालक जिसकी पहचान चालक लवकुश (25) वर्ष की रूप में हुई है। चालक बुरी तरीके से ट्रक में फंस गया था। जिसे ग्रामीणों की मदद से निकाला गया। जिसे एनएचएआई एंबुलेंस के माध्यम से चौपारण स्वास्थ केंद्र भेज दिया गया हैं। ट्रक कोलकाता से सब्जी लोड कर आगरा (यूपी) की ओर जा रही थी।

# चौपारण में अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों को किया गया सील, चार गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण** : चौपारण थाना क्षेत्र में प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित हो रहे अल्ट्रासाउंड सेंटरों और क्लीनिकों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कड़े कदम उठाए हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध रूप से भ्रूण लिंग जांच करने और भ्रूण हत्या में लिप्त झोला छाप डॉक्टरों का गोरखधंधा उजागर हुआ है। चौपारण अंचलाधिकारी संजय यादव, सामुदायिक अस्पताल प्रभारी डॉ सतीश सिंह और थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने क्षेत्र के दो अलग-अलग क्लीनिकों पर छापेमारी की। इस दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि कुछ झोला छाप डॉक्टर अवैध रूप से भ्रूण लिंग जांच करवा रहे थे। सबसे पहले प्रशासन की टीम ने चौपारण के मंगलम अस्पताल में जांच की, जहां कई अनियमितताएं पाई गईं। इस अस्पताल में न तो जरूरी दस्तावेज मौजूद थे और न ही सरकारी नियमों के अनुसार आवश्यक प्रमाणपत्र थे। इसके बाद प्रशासन की टीम ने बजरंगी कॉलोनी स्थित एक अन्य क्लिनिक पर छापेमारी की। जांच के दौरान यह सामने आया कि यह क्लिनिक पूरी तरह से अवैध रूप से संचालित हो रहा था। यहां न तो कोई अधिकृत डॉक्टर मौजूद था और न ही कोई बोर्ड लगा था। मोबाइल डेटा और अन्य सबूतों के आधार पर यह खुलासा हुआ कि यह केंद्र अवैध रूप से लिंग जांच करने और कराने का काम करता था। छापेमारी के दौरान प्रशासन ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें प्रमोद गुप्ता, पिता लक्ष्मी नायक, घनश्याम साव उर्फ डॉक्टर कश्यप, पिता बालो साव ग्राम ताजपुर, थाना चौपारण, गणेश कुमार साव, पिता स्वर्गीय भरत साव ग्राम बाराडीह नगवां, थाना चौपारण, प्रकाश कुमार, पिता सुरेंद्र प्रजापति ग्राम सोनवरसा, थाना प्रतापपुर, जिला चतरा। अल्ट्रासाउंड सेंटर पर हुई कारवाई के बाद प्रशासन द्वारा क्लीनिक-सेंटर भी सील कर दिए गए है।

# संगठनात्मक चुनाव को लेकर बीजेपी सांसद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** संघटनात्मक चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश रस होता है। मंडल स्तर के चुनाव को लेकर सभी मंडलों के कार्यकर्ताओं को टास्क दिया जा रहा है। इसी निमित्त रविवार को हजारीबाग जिला भाजपा कमिटी का एक महत्वपूर्ण बैठक सांसद मनीष जायसवाल के सेवा कार्यालय सभागार में आयोजित हुई। जिसमें विशेषरूप से पूर्व राज्यसभा सांसद सह जिला पर्यवेक्षक समीर उरांव, जिला प्रभारी विनोद सिंह, जिला सह प्रभारी टुन्नु गोप सहित अन्य कई गणमान्य लोग शामिल हुए और जिले के उपस्थित बीजेपी के प्रमुख मंडल कार्यकर्ताओं को



संबोधित कर कई टास्क दिया। मौके पर संगठन चुनाव के जिला पर्यवेक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा कि आगामी 17 मार्च से 19 मार्च तक बीजेपी मंडल अध्यक्षों का चुनाव किया जाना है तत्पश्चात 19- 25 मार्च तक जिला अध्यक्षों का चुनाव किया जाना है। जिसे लेकर आप सभी कार्यकर्ता बूथ कमिटी का गठन कर लें अगर 12 नहीं होता है तो कम से कम पांच सदस्यीय कमिटी का गठन कर लें और बाद में बूथ कमिटी का विस्तार करें। हजारीबाग जिला जनसंघ काल से संगठन के मामले में अग्रणी भूमिका में रहा है और मुझे विश्वास है कि आप अपने प्रदर्शन को अव्वल बनाए रखेंगे। जिला प्रभारी विनोद सिंह ने कहा कि जिला में सभी बूथों का गठन कर ले ताकि जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हो सके। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि समयसीमा के अनुरूप हजारीबाग जिले में संगठन का चुनाव संपन्न कर लिया जाएगा। मंडल अध्यक्षों के रिपोर्ट के आधार पर लगभग सभी बूथों पर बूथ कमिटी का गठन हो गया है। निर्धारित समय पर हजारीबाग जिले में चुनाव संपन्न हो जाने से राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में हजारीबाग का सहभागिता सुनिश्चित हो सकेगा। कार्यकताओं को विशेषरूप से के. पी ओझा और भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री सुनील मेहता द्वारा की गई। मौके पर विशेषरूप से जिला सह प्रभारी टुन्नू गोप, के.पी.ओझा, दामोदर सिंह, रेणुका साहू, सुनील मेहता, सुमन कुमार, जय नारायण प्रसाद, नंदकुमार नंदू, कुंवर मनोज सिंह, खोखा सिंह, अंबिका सिंह, गणेश यादव, सरवेश सिंह, रमेश ठाकुर, शेफाली गुप्ता, अशोक यादव, विवेक बैरियर, विजय वर्मा उपस्थित रहें ।

## संक्षिप्त खबरें

### चानो में सामुदायिक पुस्तकालय स्थापित करने को लेकर हुई बैठक



बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड के गरसुल्ला पंचायत अंतर्गत ग्राम चानो के शिव मंदिर प्रांगण में सामुदायिक पुस्तकालय केंद्र को लेकर बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक देवकी महतो एंव संचालन योगेश्वर महतो के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मैट्रिक, इंटर बी ए, पास युवाओं के लिए कंपटीशन की तैयारी कैसे की जाएगी और मैट्रिक से नीचे के बच्चों को पढ़ने के लिए सामुदायिक पुस्तकालय स्थापित करने के लिए विचार विमर्श किया गया। आगे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगामी बैठक 05 मार्च को किया जाएगा।इस नेक कार्य को करने में मुख्य रूप से शिक्षक सह समाजसेवी देवकी महतो, वासुदेव महतो, योगेश्वर महतो, उमा शंकर महतो, सुरेंद्र महतो, बैजनाथ महतो, प्रेमचंद महतो, अनिल महतो, विमल कुमार, द्वारिका महतो, राहुल कुमार, महेश महतो, काशीनाथ महतो, दशरथ महतो, बालदेव महतो, बालेश्वर महतो आदी शामिल थे।

### स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन के संस्थापक ने बच्चों के बीच किया बैग का वितरण



बड़कागांव : शिक्षा के प्रति समर्पित स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन के संस्थापक एवं निदेशक सांढ़ निवासी युवा लेखक बिपिन कुमार ने अपने निजी खर्चे से चेपाकला पंचायत अंतर्गत जुगरा गाँव के अंबेडकर आश्रम में 25 जरूरतमंद दलित एवं गरीब बच्चों के बीच नि:शुल्क स्कूल बैग का वितरण। बैग प्रकार बच्चे काफी खुश नजर आए। वही उपस्थित अभिभावकों ने फाउंडेशन के इस शैक्षणिक कल्याणकारी कार्य के प्रति आभार जताया।फाउंडेशन के संस्थापक एवं निदेशक बिपिन कुमार ने कहा कि बच्चों को शिक्षित करने का उद्देश्य तब पूरा होगा,जब सबसे निचले पायदान पर खड़े समाज का एक-एक बच्चा शिक्षित होगा।कहा कि उनका उद्देश्य उन सभी बच्चों को शिक्षित करना है,जो शिक्षा से वंचित हैं। मौके पर संस्थापक बिपिन कुमार ने बच्चों से पढाई से संबंधित सवाल-जवाब भी पूछे। उपस्थित रामचरित्र प्रसाद एवं महिला समाजसेवी गिन्नी वर्मा ने फाउंडेशन के इस सराहनीय कदम को लेकर संस्थापक बिपिन कुमार एवं उनके टीम की भूरी भूरी प्रशंसा की।बैग पाने वालों में शुभम कुमार, अनुज कुमार, रितिका कुमारी, माही कुमारी, चाहत कुमार, देवराज कुमार, मनीष कुमार, पिन्टू कुमार, सौरभ कुमार, सतीश कुमार पिता -आशीष कुमार, सोनम कुमार, मुन्ना कुमार सहित वर्ग 5 से 9 वीं के बीच अध्ययनरत कुल 25 बच्चों का नाम शामिल है। कार्यकम अरूण रंजन और राजेश राम की देख रेख में आयोजित हुई। संचालन रोजगार सेवक जुगेश्वर राम ने किया ।

### सहमति होने के बाद भी प्रशासन ने नहीं दी मीनार और धर्म ध्वजा हटाने की इजाजत

**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले के इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरौन इन दिनों पूरे देश भर में सुर्खियों में है। इस गांव में महाशिवरात्रि के दौरान दो संप्रदाय आपस में भिड़ गए थे। जिसमें आधे दर्जन से अधिक गाड़ी को आग के हवाले कर दिया गया था। दोनों समुदाय ने एक दूसरे पर पथराव भी किया गया था। जिसमें एक दर्जन से अधिक लोग मामूनी रूप से चोटिल हुए थे। पूरा घटना धर्म ध्वज और लाउडस्पीकर लगाने को लेकर हुआ था। पास में ही एक सरकारी विद्यालय है जिसके प्रवेश द्वार पर मीनार बना है। इस कारण गांव में पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा है। इस विवाद को रविवार को समाप्त करने की कोशिश की गई। दोनों पक्षों ने बैठक कर तय किया की मीनार और धर्म ध्वज भी हिंदुस्तान चौक से हटा लिया जाएगा। जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता इस दौरान काफी सक्रिय नजर आए। उन्होंने ही झंडा हटाने के लिए हाइड्रा मशीन भी बुलाया। लेकिन बात नहीं बनने पर मशीन वापस कर दिया गया। मामला सुलझाने के लिए सुबह 10:00 बजे से ही समाज के लोग सक्रिय नजर आए। एन वक्त में प्रशासन के दखलंदाजी के बाद मीनार और धर्म ध्वजा नहीं हटाया गया। बताया जाता है कि एक पक्ष ने प्रशासन से दो दिनों का समय की मांग की है। इसे देखते हुए प्रशासन ने रोक लगा दिया। इस दौरान प्रशासन की ओर से एएसपी श्रुति, थाना प्रभारी संतोष कुमार, एडिशनल एसपी सदर अमित कुमार, इचाक बीडीओ संतोष कुमार समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन, 58 विद्यार्थियों को मिली डिग्री



**हजारीबाग** : हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में दिन रविवार को दीक्षांत समारोह- 2025 कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के परिक्षा नियंत्रक सुनील कुमार दुबे, डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास, परी फाउंडेशन के निदेशक रोली गुप्ता, डेंटल कॉलेज के प्राचार्य के श्रीकृष्ण एवं उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर दीक्षांत समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें बीडीएस में ग्रेजुएट 49 विद्यार्थियों एवं एमडीएस में पोस्ट ग्रेजुएट 09 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट वितरण किया गया। कुल 58 विद्यार्थियों को डिग्री मिली। टोपी फेंकने एवं सामुहिक फोटो सेशन सहित पारंपरिक समारोहों में भी भाग लिया। अतिथियों ने डिग्री प्राप्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को हौसला बढाया एवं उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मन मोहक संस्कृतिक कार्यक्रम से दर्शकों का मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर की शोभा बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल ने भीड़ को संबोधित किया। अपने भाषण में उन्होंने करियर निर्माण में तीन करुणा, चरित्र और योग्यता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अपना उदाहरण दिया जिसने दर्शकों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की परिस्थिति का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए और जिंदगी कभी भी हमारी परीक्षा ले सकती है। विशिष्ट अतिथि विभावि के परीक्षा नियंत्रक सुनील कुमार दुबे ने छात्रों से नैतिक बने रहने और अपने काम के प्रति प्रतिबद्ध रहने और समाज की सेवा करने के लिए कहा।

## एक नजर

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी फरार

**रांची :** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना शनिवार रात की है, जब पड़ोसी युवक ने नाबालिग को घर में अकेला पाकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और दुष्कर्म किया। नाबालिग ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने नाबालिग का बयान दर्ज किया और मेडिकल जांच कराई। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि आरोपी की पहचान कर ली गई है और वह फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

### झारखंड के कई जिलों में औसत से अधिक हुआ तापमान

**रांची :** झारखंड में मार्च माह की शुरूआत में ही कई जिलों में तापमान औसत से अधिक पहुंच गया है। मार्च माह के पहले हफ्ते में सबसे अधिक गर्मी डालटेनगंज और बोकारो में बढ़ी है। दोनों जिलों में औसत तापमान क्रमशः 8.40 और 8.50 बढ़ा है, जबकि राजधानी रांची में औसत तापमान 4.2 बढ़ा है और चाईबासा का औसत तापमान 4.71 डिग्री बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने इस माह के अंत तक राज्य में तापमान में 4-5 डिग्री के वृद्धि होने की आशंका व्यक्त की है। इससे मार्च में ही मई और जून जैसी गर्मी पड़ेगी। इसका सीधा आम जन - जीवन पर पड़ेगा। वहीं रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री, जमशेदपुर में 37.3, डालटेनगंज में 35.8, बोकारो में 33.8 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### मुक्ति संस्था ने 29 शवों का किया अंतिम संस्कार

**रांची :** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 29 अज्ञात शवों का पूरे विधि विधान से अंतिम संस्कार किया। मुक्ति संस्था के सदस्यों ने रिम्स के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकालकर पैक कर जुमार नदी के तट पर लेकर गए। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने बताया कि मुक्ति संस्था के जरिये अबतक कुल 1946 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। अंतिम अरदास राहुल जायसवाल ने किया। मौके पर संस्था के रवि अग्रवाल, सौरभ बथवाल, सुमित अग्रवाल, आर के गांधी, सीताराम कौशिक, हरीश नागपाल और विनोद सिन्हा शामिल थे।

### अरगोड़ा में पंच मंदिर का पहला वार्षिकोत्सव 6 मार्च को

**रांची :** अरगोड़ा के पीपरटोली आवासीय परिसर स्थित पंच मंदिर में 6 मार्च को पहले वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर संचालन समिति के मुख्य संरक्षक बीरेंद्र साहु ने रविवार को इस आयोजन की जानकारी दी। मुख्य प्रधान पुजारी पंडित रवि पांडेय और पंच मंदिर तारा नगर के पुजारी पंडित रवि शंकर पांडेय अन्य पुजारियों के साथ सुबह 9 बजे कलश और वेदी पूजन से पूजा की शुरूआत करेंगे। इसके बाद, सुबह 11 बजे महा स्नान, शृंखला पूजन, मंत्रोच्चारण, महाआरती और हवन होगा, जिसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। दोपहर 3 बजे से रांची के प्रसिद्ध ब्राह्मण जागरण दल द्वारा श्री सुंदरकांड पाठ की संगीतमय प्रस्तुति होगी। संध्या 6 बजे से रात 10 बजे तक भक्ति संगीत की वर्षा होगी। इस आयोजन की सफलता में मंदिर संचालन समिति के सदस्य चितरंजन प्रसाद, छोटन सिंह सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

# बिना नेता प्रतिपक्ष के विस में पेश होगा बजट : सुप्रियो भट्टाचार्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता और महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 3 मार्च को राज्य का वार्षिक बजट पेश किया जाएगा, लेकिन अब तक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तय नहीं हुआ है। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड का 24वां बजट पेश होने जा रहा है, लेकिन पहली बार ऐसा होगा जब विधानसभा में विपक्ष का नेता नहीं होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी संविधान पर हमला कर रही है और अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। उनका कहना था कि चुनाव में जनादेश मिलने के बावजूद बीजेपी अब तक नेता प्रतिपक्ष तय नहीं कर पाई है, जिससे कई आयोगों और महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां रुकी हुई हैं। जेएमएम नेता ने कहा कि बीजेपी को विपक्ष का नेता देना चाहिए, अन्यथा उसके विधायकों को इस्तीफा दे देना चाहिए।

उन्होंने इसे लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश करार दिया और कहा कि धीरे-धीरे पूरे सिस्टम को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि जब बजट पेश किया जाएगा, तो बीजेपी के कुछ नेता विधानसभा के बाहर बयानबाजी करेंगे, लेकिन सदन में चर्चा से बचेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह बजट '3डी' होगा, जो राज्य के विकास, जनता के विश्वास और एक बेहतर झारखंड की दिशा में तैयार किया गया है।

## हेमन्त सरकार का बजट होगा ऐतिहासिक : कैलाश यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रदेश राजद के महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा है कि सोमवार को विधानसभा में पेश होनेवाला हेमन्त सरकार का बजट ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि बजट में निश्चित रूप से राज्य के चहुंमुखी विकास पर जोर दिया जाएगा।

इसमें ग्रामीण विकास, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ, ऊर्जा, उद्योग, कौशल विकास के साथ युवाओं तथा महिलाओं व अन्य क्षेत्रों को सुदृढ़ बनाने पर विशेष फोकस रहेगा। यादव ने रविवार को कहा कि महागठबंधन सरकार-टू में काफी अच्छा काम हो रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि झारखंड के सीएजी की रिपोर्ट कहा गया है कि कोविड आपदा के समय केंद्र सरकार से कुल राशि का सीमित हिस्सा हीं राज्य सरकार ने खर्च किया था,



जिससे स्वास्थ व्यवस्था चरमरा गई थी। यादव ने कहा कि सीएजी का यह कहना बिल्कुल निराधार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन.त सोरेन ने कोविड काल में काफी ऐतिहासिक और सराहनीय काम किया था। देश विदेश में फंसे लोग और मजदूरों को सरकार ने हवाई जहाज और रेलवे से झारखंड लाया था। अपने राज्यों के अलावा दूसरे राज्यों को भी ऑक्सीजन सहित जरूरी उपकरण और दवाइयां मुहैया कर मदद की गई थी।

## जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना उद्देश्य : केशव कमलेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, सरकार और संगठन में समन्वय के लिए लगातार जूम मीटिंग कर रहे हैं। ताकि संगठन और सरकार के तालमेल से सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद जनता को समय पर पहुंचाई जा सके। इसी क्रम में कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के साथ क्रमशः जूम मीटिंग कर विभाग की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की पूरी योजना का रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रभारी के राजू के छह मार्च के झारखंड आगमन को लेकर सभी बोर्ड निगम के अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस के नेताओं के साथ



बैठक कर उन्हें जिलावार जिम्मेवारी भी दी है। शाहदेव ने बताया कि जिलावार बनायी गयी समिति के सदस्य प्रदेश प्रभारी के जिला दौरा से पूर्व अपने-अपने जिलों में जाकर कार्यक्रम की तैयारी की जानकारी लेने और सलाह देने को कहा गया है। इसे लेकर रविवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस कार्यान्वयन समिति की हुई, जिसमें छह से 10 मार्च तक के कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा की गयी और कार्यान्वयन समिति के सदस्यों को प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम की सफलता के लिए निर्देश दिया। बैठक में कार्यान्वयन समिति के समन्वयक नागेंद्र कुमार, सदस्य डॉ राजेश गुप्ता, आलोक कुमार दूबे, कामेश्वर गिरि, सुरेन राम, जितेन्द्र त्रिवेदी, अख्तर अली सहित अन्य शामिल हुए।

## होटवार जेल से कैदी के फरार होने की घटना प्रशासनिक विफलता की मिसाल : बाबूलाल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने होटवार जेल से फरार कैदी मामले में एक बार फिर झारखंड सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा कि पिछले साल, बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक बेसरा निशांत रॉबर्ट को सिर्फ इसलिए हटाया गया था क्योंकि उन्होंने जेल में सख्ती बरती और वीआईपी कैदियों की विशेष मेहमाननवाजी से इनकार कर दिया। नतीजा यह हुआ कि ऐसे काबिल अधीक्षक को हटा दिया गया, और तब से जेल अधीक्षक का पद सिर्फ प्रभार में चल रहा है, जबकि जेलर का पद भी लंबे समय से खाली पड़ा है। झारखंड में कानून का खौफ तो पहले ही खत्म हो चुका था, और अब ऐसा लग रहा है कि सजा का डर भी पूरी तरह खत्म हो गया है। रांची जेल से आजीवन सजायाफ्ता कैदी के फरार होने की घटना कोई आम घटना नहीं, बल्कि प्रशासनिक विफलता की एक और मिसाल है। राज्य के मुखिया को यह जवाब देना चाहिए कि राजधानी के सेंट्रल जेल में सुपरिटेंडेंट और जेलर का पद लंबे समय से खाली रखकर कुछ लोगों को मनमाना वीआईपी ट्रीटमेंट देने के लिए पूरे राज्य को खतरे में डालना कहां तक सही है? सरकार को यह भी बताना चाहिये कि आखिर रिमोट कंट्रोल से जेल को वास्तव में चला कौन रहा है?

## कैग रिपोर्ट पर भाजपा का वार स्वास्थ्य मंत्री को दी नसीहत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने हाल ही में जारी कैग रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड सरकार और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के निमार्ता बाबासाहेब आंबेडकर ने कैग को प्रशासनिक प्रणाली का सबसे महत्वपूर्ण अंग बताया था, जो लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक अटूट दीवार की तरह कार्य करता है। उन्होंने 2012 में यूपीए सरकार के खिलाफ कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि यह संस्था सच उजागर करने का कार्य करती रही है। अजय साह ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के उस बयान की कड़ी आलोचना की, जिसमें उन्होंने कैग रिपोर्ट की जांच कराने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 148 के तहत कैग को पूरे देश के खातों की जांच का अधिकार सौंपा गया है, लेकिन अब झारखंड में एक मंत्री ही इस संस्था के रिपोर्ट की जांच की मांग कर रहे हैं। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि झारखंड सरकार के मंत्री खुद को संविधान से भी ऊपर समझने लगे हैं। साह ने रविवार को कहा कि कांग्रेस-जेएमएम के नेता समय के अनुसार संवैधानिक संस्थाओं का मूल्यांकन करते हैं। जब कोई फैसला उनके पक्ष में आता है, तो वे इसे लोकतंत्र की जीत बताते हैं, लेकिन जब फैसला उनके खिलाफ जाता है, तो वे इसे लोकतंत्र विरोधी करार देते हैं। संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने की यह प्रवृत्ति पहले चुनाव आयोग, फिर सुप्रीम कोर्ट और अब कैग तक पहुंच चुकी है।

# मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों को साइबर अपराधी कर रहे फोन, प्रशासन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना से लाभान्वित महिलाएं जहां प्रसन्न हैं, वहीं साइबर अपराधियों की नजर भी इस योजना पर है। इस योजना के तहत ठगी के कई मामले सामने आ चुके हैं। मिली खबर के मुताबिक साइबर अपराधी महिलाओं को योजना का पैसा दिलाने के नाम पर ठगी के लिए फोन कर रहे हैं। हाल ही में 27 फरवरी को मंईयां सम्मान योजना और किसान समृद्धि योजना के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले 12 आरोपियों को देवघर से गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने उनके पास से




17 मोबाइल फोन, 23 सिम कार्ड और 11 प्रतिबंधित टारगेटेड सिम जब्त किए।

**फर्जी कॉल से रहें सावधान**

साइबर अपराधी लाभार्थियों को फोन कर बैंक डिटेल्स और पैसे मांगते हैं। ध्यान रखें, योजना का लाभ लेने के लिए किसी भी तरह का भुगतान नहीं करना पड़ता। यदि कोई अज्ञात व्यक्ति फोन कर आपसे पैसे या बैंक जानकारी मांगता है, तो तुरंत सतर्क हो जाएं और कोई भी जानकारी साझा न करें। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी स्पष्ट किया है कि योजना से जुड़ा कोई आधिकारिक फोन कॉल नहीं किया जाता। साइबर ठग व्हाट्सएप और टेलीग्राम के माध्यम से फर्जी लिंक भेजकर जाल में फंसाने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे किसी भी अनजाने लिंक पर क्लिक न करें, क्योंकि ऐसा करते ही आपका बैंक अकाउंट खाली हो सकता है।

**साइबर ठगी की तुरंत रिपोर्ट करें**

अगर आपको कोई संदिग्ध कॉल या मैसेज प्राप्त होता है, तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

पुलिस ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई कर रही है। साइबर अपराध से संबंधित किसी भी सूचना को आप मोबाइल नंबर 9798302117 पर गुप्त रूप से साझा कर सकते हैं। इसके अलावा, यदि आप साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं, तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in वेबसाइट पर जाकर रिपोर्ट दर्ज कराएं। पुलिस आपकी पहचान गोपनीय रखेगी और उचित कार्रवाई करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के बीच शिष्टाचार भेंट



**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

### आम लोगों की समस्याओं का करें समाधान : रंजन कुमार




**रांची :** रांची के राजद प्रदेश कार्यालय में रविवार को युवा राजद के अध्यक्ष रंजन कुमार यादव के नेतृत्व में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में राज्य के सभी जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे। जिलाध्यक्षों ने अपने जिलों में चल रहे सदस्यता अभियान की प्रगति की जानकारी बैठक में दी। बैठक में युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार ने एक बूथ 25 यूथ का नारा देते हुए सभी जिलाध्यक्षों को से तीव्र गति से प्रखंड से लेकर बूथ तक सदस्यता अभियान चलाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और युवा नेता तेजस्वी यादव की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आप सभी हमेशा लोगों की समस्याओं को सुनें और समाधान करने प्रयास करें तथा संगठन से हर वर्ग से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ें। रंजन ने हर बूथ पर 25-25 युवाओं की टीम बनाने का निर्देश दिया। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष सह सदस्यता अभियान प्रभारी अनीता यादव, वरिष्ठ नेता संजय रंजन, गुलशन खातून सहित अन्य ने संबोधित किया। इस अवसर पर विनोद भोक्ता, जफीर खान,पूनम देवी, गायत्री देवी, रघुनाथ राणा, अभिराज राय,क्षितिज मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

### मारवाड़ी ब्राह्मण सभा का चुनाव 23 मार्च को

**रांची :** मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के चुनाव के लिए मतदान मारवाड़ी ब्राह्मण भवन में 23 मार्च को होगा। इस दौरान सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। इस दौरान मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के लगभग 1600 सदस्य अपने मत का प्रयोग करेंगे। इस संबंध में मुख्य चुनाव पदाधिकारी राधेश्याम शर्मा ने रविवार को चुनाव के कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए चार से सात मार्च, नामांकन पत्र की जांच सात मार्च को होगी। साथ ही उम्मीदवारों की प्रथम सूची आठ मार्च को जारी होगी। नामांकन वापसी नौ से 12 मार्च तक होगा। उम्मीदवारों कि अंतिम सूची 13 मार्च और मतदान 23 मार्च को होगी। कार्यालय में नामांकन फार्म लेने एवं देने का समय सुबह 10 बजे से अपराहन चार बजे तक रहेगा।

### धूमधाम से निकली श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा



**रांची :** श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति ने रविवार को नेवरी विकास से मंदिर खाटू श्याम हरमू रोड के लिए श्री श्याम प्रभु का ध्वजा निशान पदयात्रा धूमधाम से निकाली। नेवरी के श्री दुर्गा मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के साथ श्री श्याम निशान पदयात्रा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर चारों ओर श्री श्याम के जयकारे और भक्तों के हाथों में श्री श्याम प्रभु का ध्वज लहरा रहा थे। वहीं सुगंधित फूलों से अलंकृत दिव्यरथ पर विराजमान श्री श्याम प्रभु की मनोहरी छवि की सुंदर झांकी का अद्भुत नजारा सबका ध्यान आकर्षित कर रहा था। 251 निशान धारक महिला और पुरुषों ने पारंपरिक वेशभूषा में श्याम प्रभु की दिव्य आभा भक्तों को आध्यात्मिक आनंद से भर रही थी। श्याम भक्त बाबा की ध्वजा अपने कंधे पर उठाकर नाचते- झूमते हुए 17 किलोमीटर यात्रा में शामिल होकर अपने आप मे बाबा की कृपा अनुभव कर रहे थे। 17 किलोमीटर की पदयात्रा मे चल रहे श्याम भक्तों का पूरे मार्ग में जगह-जगह रांची के विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठन जिला मारवाड़ी सम्मेलन, अग्रवाल सभा, अग्रवाल युवा सभा, मारवाड़ी युवा मंच,मारवाड़ी सहायक समिति, गौ सेवा समिति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जीण माता सेवा संघ सहित कई संगठनों ने यात्रा का स्वागत किया। बरियातू रोड, सर्कुलर रोड, कचहरी रोड, मेन रोड, अपर बाजार होते हुए श्री खाटू श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में ध्वजा निशान अर्पित करने के बाद पदयात्रा समाप्त हुई। पदयात्रा में भजन गायकों ने मधुर भजन डोरी खींच के राखीजो यह तो है बाबा को निशान..., श्याम धनी को आयो रे बुलावो... गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### रांची महानगर 151 स्थानों पर मनाएगा रामोत्सव : विहिप

**रांची :** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) रांची महानगर की बैठक रविवार को हरमू रोड स्थित प्रांत कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी ने की, जबकि संचालन महानगर मंत्री विश्वरंजन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विहिप के क्षेत्र सहमंत्री डॉ. वीरेंद्र साहू उपस्थित रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रम रामोत्सव को 30 मार्च से 12 अप्रैल तक मनाने का निर्णय लिया गया। महानगर अंतर्गत सभी 16 नगरों में कार्यक्रम करने के लिए तथा 12 अप्रैल को बलोपासना दिवस के रूप में रांची महानगर के 151 स्थान पर कार्यक्रम करने की योजना बनाई गई। रांची महानगर के सभी नगरों की बैठक सात, आठ एवं नौ मार्च को तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. वीरेंद्र साहू ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद के 60 वर्ष पूर्ण होने के कालखंड में भगवान पुरुषोत्तम श्री रामलला का भव्य एवं नूतन मंदिर में स्थापित होना सनातन हिंदू समाज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि षष्ठीपूर्ति वर्ष में ही महाकुंभ में 65 करोड़ से अधिक सनातन हिंदू जनमानस का एकत्र होना हमारी प्राचीन सनातन परंपरा का बड़ा उद्घोष के समान है। डॉ. साहू ने विश्व हिंदू परिषद के कार्यों को जन-जन तक ले जाने के लिए समिति बनाने एवं निश्चित कार्यक्रम को करने का आग्रह किया।

# सेल प्रबंधन कर्मचारियों के साथ कर रहा अन्याय अब तक 2017 का वेतन समझौता अधूरा है : बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ का कार्यकर्ता सम्मेलन सह वनभोज सिटी पार्क में शम्भु कुमार वरीय संयुक्त महामंत्री के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। संचालन सुरेन्द्र महतो कार्यकारी महामंत्री ने किया। संघ के अध्यक्ष व भाजपा झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बतौर मुख्य अतिथी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि सेल प्रबंधन कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रहा है। अभी तक 2017 का वेतन समझौता अधूरा है। कर्मचारियों को 39 महीने का एरियर व पर्क्स का मामला सेल प्रबंधन ने उलझा रखा है साथ ही ग्रॅजुईटी पर सीलिंग का फैसला कर के कर्मचारियों को सेवनिवृति में आर्थिक नुकसान पहुँचा रही है जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इसलिए सेल प्रबंधन इसपर एनजेसीएस की बैठक बुलाकर जल्दी सुलझाए साथ ही 2027 का अगला वेतन समझौता अभी से शुरू करे ताकि यह समय से हो सके। संघ के महामंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि बिएसएल प्रबंधन अपने चहेते यूनियन के नेतागण को गोद में बैठा के रखे हुए है जिनके माध्यम से ये कर्मचारियों को बर्गला कर रखे हुए है। उन्होंने बिएसएल प्रबंधन से मांग किया कि मान्यता प्राप्त यूनियन का चुनाव गुप्त मतदान से जल्द करवाए और वाईऐबल यूनियन की सूची पूर्णरविचार करें। उन्होंने एनजेसीएस में सिर्फ कार्यरत कर्मचारी नेता को ही जगह देने की बात कही और इनसेन्टीव रिवार्ड का मनी टेबल को रिव्यू किया जाए। एस पी तिवारी ट्रेड यूनियन कॉ - ऑर्डिनेशन सेंटर के केन्द्रीय महासचिव एस पी तिवारी और बीरांची नारायण पूर्व विधायक बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे और संघ के सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिएसएल में मैनपावर की कमी को दूर किया जाए और कर्मचारियों की मृत्यु किसी भी परिस्थिति में होने से उनके आश्रित को बिना शर्त नियोजन दिया जाए। वक्ताओ ने कहा कि आजकल सयंत्र में दुर्घटनाये बढ़ गयी है। नियोजन हेतू आश्रितों की अधिकतम उम्र सीमा एवं योग्यता की बाध्यता को हटाया जाए। ठेका श्रमिकों को कर्मचारियों की तरह ड्यूटी के एक घंटा पहले और ड्यूटी के एक घंटे बाद रास्ते में दुर्घटना होने पर उनके आश्रितों का नियोजन का प्रावधान बनाया जाए। इएसआईसी के अंतर्गत ठेका श्रमिकों के इलाज हेतू राशि को कम से कम 30,000/- किया जाए। मेडिकल टेस्ट को आधार बनाकर ठेका श्रमिकों को नियोजन से नहीं हटाया जाए। कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य रूप से कमलेश कुमार कार्यकारी अध्यक्ष, सत्यनारायन ठाकुर उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार संयुक्त महामंत्री, आर के श्रीवास्तवा कोषाध्यक्ष, एस के सिंह उपकोषाध्यक्ष, राकेश कुमार, सुशील कुमार सचिव, दिलीप कुमार, राजेंद्र महतो, दिनेश मांझी, अशोक शर्मा, असंगठित क्षेत्र के संयुक्त महासचिव जय नारायन मरांडी, विनोद यादव, प्रेमचंद झा, संजय शर्मा, जय प्रकाश यादव, रामा शंकर शर्मा, संतोष टक्कगर, सुजित राण' आदि मौजूद थें।

## एक नजर

### उमेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कार्यसमिति की हुई बैठक




**बोकारो** : जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता जी के अध्यक्षता में बोकारो जिला कांग्रेस कार्यसमिति की मासिक बैठक आर के फार्म तेलगड़िया मोड़ चास में संपन्न हुई। बैठक का संचालन वरिष्ठ कोंग्रेसी सुशील कु झा ने किया। बैठक में मुख्यरूप से नवनियुक्त जिला प्रभारी सह विधायिका स्वेता सिंह जी उपस्थित रहे। बैठक में विशेष कर संगठन सशक्तिकरण पर गहन विचार विमर्श किया गया। मौके पर श्री गुप्ता ने कार्य समिति की मासिक बैठक को संबोधन करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीतियों को आम जनमानस तक पहुंचाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु सामूहिक प्रयास करने की प्रतिबद्धता है। यह बैठक नए उत्साह और समर्पण के साथ कांग्रेस संगठन को सशक्तिकरण बनाने की दिशा में अहम कदम साबित होगी। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों,बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारीगण,प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारीगण, एआईसीसी सदस्य,20 सूत्रीउपाध्यक्ष एवं सदस्य,सभी मंच –मोर्चा के जिलाध्यक्षों एवं सभी प्रखंड/नगर/कार्यकारी अध्यक्षों, मण्डल अध्यक्षो समेत बोकारो जिला के ऊजार्वान कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### सेंट जेवियर्स स्कूल में फ्रेशर्स डे कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बोकारो** : सेंट जेवियर्स स्कूल, सेक्टर–1सी, बोकारो स्टील सिटी में प्रेप वर्ग के छात्रों के लिए फ्रेशर्स डे कार्यक्रम 1 मार्च को बड़े उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती डोमिनिका एंड ने कुशलतापूर्वक किया। इसकी शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए ईश्वरीय आशीर्वाद की प्रार्थना की गई। इसके बाद, प्राथमिक विद्यालय गान समिति द्वारा एक मधुर प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने पूरे माहौल को आध्यात्मिकता से भर दिया। इसके बाद, छात्रों ने एक आकर्षक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की मुख्य प्रस्तुति 'ए फन बिगिनिंग' नामक एक नाटक थी, जो समय की पाबंदी, स्वच्छता, नियमितता, ईमानदारी और स्वस्थ भोजन के महत्व पर केंद्रित थी। यह नाटक बच्चों में अनुशासन और समग्र विकास की भावना जगाने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया गया।

### नाला से पानी निकासी मामले में मारपीट, चार घायल

**दुमका** : जिले के रामगढ़ थाना के धरमपुर गांव में रविवार को नाली का पानी निकासी को लेकर हुए विवाद में मारपीट, दो महिला सहित चार घायल हो गये। घायलों का इलाज फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। घायलों में मीरा देवी, पति रामप्रसाद साह, बहू चंपा देवी एवं उसका पति विनय साह है। घायल चंपा देवी ने बताया कि नाला से पानी निकासी नहीं होने पर नाला में जाम किए कपड़ा निलाने में विवाद में दूसरे पक्ष ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में सास–बहु सहित पूरे परिवार को चोट आयी है। आरोपित पक्ष संजीत कुमार गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, राजकुमारी देवी, कन्हाई प्रसाद साह, रूपा देवी, राजनंदनी देवी सहित अन्य शामिल है।

## लड़कियों का नेतृत्व क्षमता विकास के लिए लाइफ स्किल प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** लड़कियों का नेतृत्व क्षमता विकास के लिए लाइफ स्किल प्रशिक्षण का आयोजन आज सहयोगिनी द्वारा कसमार के टांगटोना पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत के मुखिया सुमित्रा कुमारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की किशोरियों के पास जानकारी का अभाव होने के कारण जीवन में आगे नहीं बढ़ पा रही है। सहयोगिनी द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण से उन्हें जानकारी मिल रहा है । तथा लाइफ स्किल पर दी जा रही प्रशिक्षण से उन्हें अपने भविष्य को संवारने में काफी मदद मिलेगा। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य प्रिया देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में लड़कियों तथा महिलाओं को विभिन्न प्रकार की सरकार की योजनाओं की जानकारी दिए जाने से यह वर्ग विकास के मुख्य धारा से जुड़ पाएगा। प्रशिक्षक प्रेम कुमार महतो ने कहा कि लाइफ स्किल का प्रशिक्षण के माध्यम से लड़कियां अपना भविष्य में सफलता प्राप्त कर सकती है। सहयोगिनी समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि कसमार प्रखंड के 30 गांव में किशोरी क्लब बनाकर उनके नेतृत्व क्षमता विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने तथा महिला हिंसा रोक थाम पर काम किया जा रहा है। रेखा देवी ने कहा कि किशोरियों का नेतृत्व क्षमता का विकास को लेकर विभिन्न गतिविधिया आयोजित की जा रही है।

## सीबीएसई स्कूल के प्राचार्यों के बीच क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**धनबाद :** रविवार को सहोदया स्कूल कॉम्पलेक्स धनबाद चैप्टर के द्वारा अपने सदस्यों के लिए एक क्रिकेट मैच का आयोजन सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल, नावाडीह में किया गया । विगत 5 वर्षों से इस तरह का आयोजन सहोदया धनबाद के द्वारा किया गया। दो टीम सहोदया स्टोरमर्स और सहोदया फाल्कनस बीच मुकाबला हुआ। सहोदया स्टोरमर्स टीम के कप्तान डीएवी स्कूल कोयला नगर के प्राचार्य श्री एन एन श्रीवास्तव एवं उप कप्तान बड्स गार्डेन स्कूल के प्राचार्य प्रमोद चौरसिया थे, जबकि फाल्कन्स के कप्तान द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी के प्राचार्य मदन कुमार सिंह एवं उप कप्तान स्वामी विवेकानंद स्कूल चिरकुंडा के प्राचार्य संजीव कुमार साव थे। टॉस जीत कर टीम स्टोरमर्स के उपकप्तान प्रमोद चौरसिया ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम फाल्कन्स ने 178 रन बनाए, जवाब में स्टोरमर्स ने 151 रन बनाया, इस प्रकार सहोदया फाल्कन्स ने 27 रन से मैच जीत लिया। फाल्कन्स टीम की और से जीजीपीएस स्कूल के प्राचार्य सुदीप कुमार ठाकुर के सर्वाधिक 82 रन के योगदान के लिए बेस्ट बैट्समैन का खिताब मिला। डी ए वी लोदना के प्राचार्य एस के मोदक ने बेहतरीन गेंदबाजी की और उन्हें बेस्ट बॉलर का पुरस्कार मिला। स्टोरमर्स की ओर से प्रमोद चौरसिया ने काफी जोरदार छक्को वह तूफानी पारी के साथ 52 बना कर नॉट आउट रहे परंतु मैच को जीत नहीं पाए।

## स्वदेशी जागरण मंच की ओर से किया गया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** स्वदेशी स्वदेशी जागरण मंच बोकारो की ओर से यहां के सेक्टर तीन स्थित पूज्य तपस्वी जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मंच के राष्ट्रीय मेल प्रमुख सचिन्द्र कुमार बरियार जी की धर्म पत्नी स्वर्गीय मंजू सिन्हा जी के चित्रपट पर सभी ने बहुत ही नाम आंखों से पुष्पांजलि अर्पित की । इस चतुर्दिक कष्ट के वातावरण में सभी परिवार जनों को संबल प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय प्रवास पर आए हुए सतीश कुमार ने पुष्पांजलि अर्पित किया और श्रद्धांजलि में एक श्रेष्ठ कार्यकर्ता के परिवार जीवन दर्शन पर प्रेरणादाई मार्गदर्शन किया। वहीँ सचिन्द्र बरियार ने भी अपने धर्मपत्नी की चित्रपट पर पुष्प अर्पित किए और श्रद्धांजलि में अपने संस्मरणों को याद करते हुए कहा कि संगठन को विस्तार देने में नारी सशक्तिकरण की मिसाल थी स्वर्गीय मंजू सिन्हा। जिन्होंने स्वदेशी जागरण मंच को बोकारो में फलने फूलने और सफलतापूर्वक स्वदेशी आंदोलन को गति देने का काम किया । क्षेत्र संयोजक अमरेन्द्र सिंह जी, अजय उपाध्याय, पूर्व विधायक बिरंची नारायण, अजय कुमार चौधरी जी जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा, सुजीत कुमार, डाक्टर अनिनदो मंडल, जयशंकर जी, नवीन सिन्हा जी, अजय कुमार सिंह,अमरजी सिन्हा, कुमार संजय प्रेम प्रकाश, विकास वर्मा, अशोक रंजन, अवधेश कुमार ,ददन प्रसाद भारतीय मजदूर संघ के विनोद कुमार, प्रशांत कुमार, सुशील कुमार, कौशल किशोर, पूनम सिन्हा, रीता श्रीवास्तव, अनुजा सिंह, आशा सिंह, राधा सिंह, मनोरमा चौधरी, सिद्धेश नारायण दास, साहित्य परिषद के गोस्वामी जी पाठक, विपिन ठाकुर सहित सभी कार्यकर्ता एवं नगर के प्रमुख लोगों ने श्रद्धांजलि सभा में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम की शुरूआत बोकारो गुरुद्वारे के ग्रन्थि साहब द्वारा पुण्य आत्मा के सद गति लिए अरदास के साथ हुई। ओम शांति शांति शांति।

## सुधा डेयरी ने किसानों के बीच किया लाभांश वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** सुधा डेयरी बोकारो द्वारा नारायण दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति के पशुपालकों किसानो के बीच अंबिका विवाह मंडप सेक्टर 9 में वार्षिक लाभांश का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सुधा डेयरी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार एवं प्रापण पदाधिकारी राजेश रमन उपस्थित थे जिनका समिति की ओर से सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य कार्यपालक नवीन कुमार ने किसानों के बीच दुग्ध उत्पादक पशुपालको को दूध कैन बाल्टी मिठाई आदि बांटी साथ ही पशुधन के विकास के लिए जरूरी जानकारी साझा किया। प्रापण पदाधिकारी राजेश रमन ने सभी किसानों को जागरुक करते हुए कहा कि सुधा डेयरी हर वर्ष अपने किशन पशुपालकों के बीच लाभांश वितरण करती है जिससे पशुपालकों में कुछ अच्छा और नया करने की ललक रहती है। बोकारो राष्ट्रीय जनता दल जिला अध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव ने कहा कि बाजार में जो सुधा उत्पाद उपलब्ध करवा रही है वह पशुपालकों के सहयोग से ही संभव हो पा रहा है। प्रदेश महासचिव घनश्याम चौधरी ने सभी को जानवरों की साफ सफाई एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान रखने की अपील की। समिति के सचिव जितेंद्र नारायण यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर इसी प्रकार पशुपालक मेहनत करेंगे तो आगामी वर्ष में दुग्ध उत्पादन की क्षमता को हम और बढ़ा सकेंगे। मौके पर अजय यादव, विपुल यादव, कुंदन गुप्ता, सीताराम यादव, मसूदन पहलवान, जोगिंदर यादव, उमेश तिवारी ,सुनील यादव, नागेश्वर यादव, अक्षय यादव, डॉक्टर गोपाल, शंकर महतो ,उर्मिला देवी, अधिनियम यादव, बाला यादव, अजीत यादव, कोनू यादव, पप्पू सिंह, अनिता राय, सहित सैकड़ो की संख्या में किसान पशुपालक गण मौजूद थे।

## क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ ने लंबित मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** इस्पात संयंत्र के कोक-ओवन एवं कोक-केमिकल्स विभाग के मजदूरों ने 7 मार्च को क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ द्वारा मजदूरो के लंबित मांगों के समर्थन में आहुत चक्का जाम के पक्ष में मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय पर विशाल आक्रोश प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे संघ के महामन्त्री सह-सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह कहा कि प्रबंधन के कथनी और करनी मे आसमान जमीन का फर्क है। हर वार्ता मे इन्होंने वचन दिया था कि मेडिकल चेकअप की खामियों को दूर करेंगे। मगर आज महीनो बीत जाने के बाद भी कुछ नहीं हुआ बल्कि स्थिति और बदत्तर हो गई है। सैकड़ो मजदूर कार्य से बाहर है। सुध लेने वाला कोई नहीं है। स्किल्ड मजदूर जो ईएसआईसी से बाहर हो चुके हैं, अपने और अपने परिवार के ईलाज के लिये दर दर भटक रहे हैं। अधिकिरी मस्त हैं, मजदूर मरे तो मरे। इनकी नीति तो देखिये एक तरफ ये ए.डब्लू.ए. को वेज का भाग नहीं मानकर ए.डब्लू.ए. का पी. एफ. नहीं काटते हैं,मगर दूसरी और ईएसआईसी मे ए.डब्लू.ए. को वेज का भाग बतलाती है ताकि इन्हें ईलाज से वंचित रख सके । मतलब हर तरफ से शोषण सिर्फ शोषण इनकी एकमात्र नीति है।सुरक्षा की बात हीं मत कीजिए। बस राम भरोसे चल रहा है। दुर्घटना आये दिन हो रही हैं, अधिकारी लीपापोती में व्यस्त हैं। परमानेन्ट मजदूरों का भी यही हाल है। एरियर,इंसेंटिव रिवार्ड डकार कर उत्पादन का श्रेय लेकर खुद अपनी पीठ थपथपा रहें हैं, दारू पार्टी जोरो पर है मगर उत्पादन करने वाले मजदूर के हाथ खाली हैं।कोर्ट पैन्ट वाले मस्त हैं।अब बहुत हुआ,कोरे आश्वासन से काम नहीं चलेगा। हम संघर्ष से भी अधिकार लेना बखूबी जानते हैं। ' याचना नहीं अब रण होगा, संघर्ष हीं समाधान लायेगा'। 7 मार्च को कोक-ओवन और ब्लास्ट फर्नेस का चक्काजाम रहेगा। अन्त में श्री सिंह ने मजदूरो से अपील करते हुए कहा दलालो को लगा दिया गया है,हमारी एकता को तोड़ने की हर साजिश होगी, मगर एक बार फिर हमारी एकता हमारी विजय का मार्ग प्रशस्त करेगी। 7 तारीख को मजदूर आन्दोलन में हमेशा याद किया जायेगा।प्रदर्शन को श्री सिंह के अलावे आर के सिंह, शशिभूषण, जुम्मन खान, हरेराम, नागेंद्र कुमार, अमित यादव, सिराज अहमद, टुनटुन सिंह आदि ने संबोधित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### कोयला चोरी के आरोप में मजदूरों ने चेकपोस्ट पर किया विरोध प्रदर्शन



**धनबाद :** असंगठित मैनुअल मजदूरो ने पहाड़ी पेंच से आउटसोर्सिंग, प्रबंधक व सीआईएसएफ पर बीते रात्री कोयला चोरी का आरोप लगाया है। मजदूरों ने चेकपोस्ट के पास विरोध प्रदर्शन किया। कोल डंप अध्यक्ष सह मुखिया अशोक ठाकुर ने कहा कि रोड सेल के लिए कोयला नहीं लेकिन रात के अंधेरे में कोयला चोरी करवाते है। मनोज सरदार ने कहा कि 14 चक्का ट्रक को रोड सेल में कोयला ले जाने पर रोक लगी है। वहीं दूसरी ओर कोयला चोरी में ट्रक का इस्तेमाल की जा रही है। मौके पर सैकड़ों मजदूर मौजूद थे।

### एलआईसी शाखा-एक ने किया अंतरशाखा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**धनबाद :** भारतीय जीवन बीमा निगम धनबाद शाखा– एक के द्वारा आयोजित नवल किशोर सिंह द्वारा प्रायोजित अंतशार्खा क्रिकेट टूनार्मेन्ट सिंफर खेल मैदान में सम्पन्न हुआ । इस क्रिकेटिंग आयोजन में कुल आठ शाखाओं के टीम ने हिस्सा लिया एवं उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। मुख्य प्रायोजक नवल किशोर सिंह जो एक दिन पूर्व सेवा निवृत हुए के अलावा सह प्रायोजक वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एल आई सी ब्रांच शाखा एक के द्वारा ट्रॉफी तथा सीए ऋषभ सिन्हा एंड कंपनी के द्वारा टीम जर्सी की आपूर्ति की गई। देश के विशाल एवं विराट बीमा संस्थान के रूप में प्रतिष्ठित भारतीय जीवन बीमा जैसे व्यवसायिक प्रतिष्ठान में सभी बीमा कर्मी ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। बीमा कर्मियों द्वारा खेल अभ्यास के अभाव के बावजूद रनों की भड़ी लग गई। गेंद और बल्ला के मध्य कांटे की टक्कर, रनों की बरसात, चौका एवं छक्का की बौछार देखी गई।इस टूनार्मेन्ट में कुल आठ शाखाओं की टीम ने भागीदारी निभाई। चार नॉक आउट राउण्ड के पश्चात चार टीमें सेमिफाइनल के लिए क्वालिफाई किया। फाइनल मैच धनबाद शाखा–एक एवं टीम बोकारो के मध्य खेला गया। और धनबाद शाखा–एक विजेता घोषित किया गया। सभी खिलाडी, अम्पायर, विजेता, उप–विजेता को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया ।

### गौ रक्षक वाहिनी ने पकड़ी 6 नंदी गाय, चालक व तस्कर फरार



**बोकारो :** बोकारो के लकड़ी गोला के पास गौ रक्षक वाहिनी जिला अध्यक्ष बबलू पांडे ने एक गाड़ी सहित 6 नंदी गाय को पकड़ा और थाना को हवाले किया। कार्रवाई के दौरान गाड़ी चालक और संदिग्ध तस्कर मौके से फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार इस कदम से गैरकानूनी पशु तस्करी पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण मदद मिली है। पकड़ी गई गायों का उचित निरीक्षण करने के बाद उन्हें थाना में जमा कराया गया है, जिससे पशु संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक संदेश जाता है। पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी है और फरार गाड़ी चालक व तस्कर का पता लगाने हेतु विस्तृत जांच चल रही है। गौ रक्षक वाहिनी द्वारा की गई इस कारवाई से क्षेत्र में पशु संरक्षण एवं कानून व्यवस्था के प्रति सजगता को दशार्या गया है। यह घटना रमजान के पहले दिन के अवसर पर सामने आई, जब धार्मिक माहौल में तस्करी की गतिविधियों में वृद्धि देखने को मिल रही है। पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी है और संदिग्ध की पहचान तथा उसके संदिग्ध नेटवर्क का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

### रेस्टोरेंट में धर्मांतरण कराने का आरोप, विहिप ने किया हंगामा



**बोकारो :** गोमिया, गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हजारी मोड़ के समीप एक रेस्टोरेंट में शनिवार को एक धर्म विशेष के कुछ लोगों द्वारा धार्मिक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों से आए कुछ लोग कार्यक्रम कर रहे थे। इसकी सूचना जब विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं को मिली तो वे अविलंब रेस्टोरेंट में पहुंचकर हंगामा किया और स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। गोमिया थाना के अवर निरीक्षक मनोज कुमार सदल बल रेस्टोरेंट में पहुंचकर मामले को शांत कराते हुए कार्यक्रम को रुकवाया। अवर निरीक्षक ने बताया कि यह एक जागरूकता कार्यक्रम था और इसके आयोजन के लिए प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। वहीं आरएसएस के प्रांत सेवा सह प्रमुख टोली के पदाधिकारी विनय कुमार ने बताया कि एक धर्म विशेष के लोगों द्वारा गांव के भोले भाले लोगों को बहला फुसलाकर धर्मांतरण कराया जा रहा है और इस तरह के कार्य आरएसएस के लोग बर्दास्त नहीं करेंगे। कहा कि सूचना मिलते ही हमलोग रेस्टोरेंट में पहुंचकर स्थानीय पुलिस को सूचित किया और प्रशासन को बिना सूचित किए गए कार्यक्रम को रुकवाया। मौके पर विहिप के प्रखंड संयोजक सुमित कुमार,अमित कुमार, किशन कुमार,राजू कुमार, विक्की मिश्रा, विनय वर्मा आदि उपस्थित थे।

# संघर्ष और स्वाभिमान से है किसानों के प्रणेता स्वामी सहजानंद सरस्वती की पहचान : कालीचरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** किसानों के प्रणेता स्वामी सहजानंद सरस्वती की पहचान संघर्ष और स्वाभिमान से है। वे संघर्ष से कभी पीछे नहीं हटे। उनका मानना था कि जीवन में संघर्ष हमारी बढ़ती शक्ति का प्रमाण है। उक्त बातें रविवार को शहर के बिजुलिया तालाब रोड स्थित आशेश्वर सिंह ब्रह्मर्षि धर्मशाला में आयोजित स्वामी सहजानंद सरस्वती की 137वीं जयंती समारोह को संबोधित करते हुए चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि समाज को संभाल कर हर परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। समाज के लोगों में समन्वय स्थापित कर बाधाओं के बिना परवाह किए हुए हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए।



उन्होंने कहा कि हम भगवान परशुराम के वंशज हैं। यदि स्वाभिमान पर कोई चोट पहुंचाया, तो हम कदम पीछे कभी नहीं हटाएंगे। समारोह को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि शिवकुमार सिंह ने कहा कि ब्रह्मर्षि परिवार कोई जाति नहीं बल्कि एक परिवार का संगठन है। परिवार के अंदर ना कोई उच्च और ना ही कोई नीच है, सभी एक सामान्य है। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध लड़ने का हम सभी प्रण लें, तभी समाज का समुचित विकास हो सकता है। स्वामी सहजानंद ने किसानों के हक और अधिकार के लिए संगठित किसान आंदोलन में बढ़-चढ़कर नेतृत्व किया था। समारोह का उद्घाटन चतरा सांसद कालीचरण सिंह, विशिष्ट अतिथि शिवकुमार सिंह, समाज के अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, संरक्षक सीपी संतन सहित अन्य ने संयुक्त रूप से स्वामी सहजानंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह का संचालन प्रो संजय सिंह ने किया, जबकि, धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष विभन सिंह ने किया। समारोह में प्रो के के शर्मा, मुरारी शर्मा, वृंदावन सिंह, प्रदीप सिंह, संजय कुमार राय, नित्यानंद कुमार, अरुण राय, विकास कुमार, शशि भूषण शर्मा, विजय कुमार सिंह, प्रो बालकृष्ण सिंह, रीता तिवारी, बीके चौधरी, अखिलेश शर्मा, पिंटू शर्मा, शशि भूषण सिंह, संजय शर्मा, सियाराम सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### माहुरी बैश्य महामंडल का महाअधिवेशन 9 एवं 10 मार्च को

**सरिया (गिरिडीह):** सरिया में आगामी 9 एवं 10 मार्च को माहुरी बैश्य महामंडल हजारीबाग जोन का महाअधिवेशन होना तय है, यह कार्यक्रम सरिया के शौण्डिक धर्मशाला में होगा। इसमें हजारीबाग, सरिया,इसरी बाजार,पालगंज,बागोडीह समेत पूरे हजारीबाग जोन से माहुरी समाज के करीब 10 हजार महिला व पुरुषों की जुटान होने की संभावना है। उक्त जानकारी प्रेसवार्ता कर दी गयी। महिला मोर्चा की अध्यक्ष संगीता बैश्यखियार के आवास पर रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में मौजूद माहुरी समिति के अध्यक्ष अमितेश कुटरियार,सचिव संजय तर्वे,व महिला मोर्चा की अध्यक्ष संगीता बैश्यखिंयार सचिव बीणा तर्वे ने संयुक्त रुप से जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय इस कार्यक्रम में सामाजिक उत्थान पर जोर दिये जायेंगे।

# जिला स्तरीय मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में रविाार को व्यवहार न्यायालय परिसर में स्थित लोक अदालत कक्ष में जिला स्तरीय मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायलय, साहेबगंज संजय कुमार उपाध्याय, जिला न्यायाधीश सह अतिरिक्त सत्र न्यायाधीशझ्र दुतीय बिरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, पुलिस उपाधीक्षक विजय कुशवाहा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजमहल विमलेश त्रिपाठी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, साहेबगंज किशोर तिर्की, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरहरवा नितिन खंडेलवाल, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक, साहेबगंज नीरज कुमार साह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायलय, साहेबगंज संजय कुमार उपाध्याय ने कहा कि हर थाना प्रभारी और पुलिस पदाधिकारी का कर्त्तव्य और कानूनी बाध्यता है कि मोटर दुर्घटना में पीड़ित परिवार को ससमय और उचित मुआवजा मिले। ऐसा नहीं करने पर कानूनी प्रतिबंध्यता है। उन्होंने चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के कागजातों की डीटीओ से जांच कराना अनिवार्य है। पुलिस पदाधिकारियों के कर्त्तव्यों को बताते हुए कहा कि दुर्घटना के बाद इंशोरेंस कंपनी को जानकारी देना है और इंशोरेंस कंपनी को ससमय रिपोर्ट सौंपना और वैद्य स्वीकृति देना कार्य है। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश सह अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश झ्र दुतीय बिरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने मोटर दुर्घटना कानूनों में हुए बदलाव को उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में 30 दिनों के अंदर पुलिस को दुर्घटना से संबंधित कागजात न्यायालय में प्रस्तुत करना है।

## मेगा ब्लॉक व ट्रेनों के शॉर्ट टर्मिनेशन का असर रेलयात्री रहे परेशान

**साहिबगंज :** मालदा मंडल के जमालपुर-किउल रेलखंड में विभिन्न विकास कार्यों के कारण रविवार को भागलपुर-साहिबगंज रेलखंड को ब्लॉक रखा गया था। इस वजह से इस रूट की दो ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया। इसमें 13409/13410 मालदा टाउन-किउल-मालदा टाउन इंटरसिटी एक्सप्रेस को भागलपुर तक ही संचालित किया गया, जबकि 63431/63432 साहिबगंज-जमालपुर-साहिबगंज पैसेंजर ट्रेन सुल्तानगंज तक ही गयी। उधर, शनिवार को 15658 कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल को भागलपुर-रतनपुर-मुंगेर-बरौनी मार्ग से संचालित किया गया, जिससे यात्रियों को कुछ असुविधा हुई। खासकर, साहिबगंज से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस संबंध में स्टेशन प्रबंधक राजहंस पाठक ने बताया कि भागलपुर की ओर कार्य चल रहा है, इसी कारण ब्लॉक लिया गया है।

# अवैध कोयला परिवहन पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, पांच मोटरसाइकिल जब्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/मंडरो :** वन विभाग ने अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए बड़ी कार्यवाही की है। डीएफओ प्रबल गर्ग के निर्देश पर मंडरो फॉसिल पार्क के निकट मुख्य मार्ग पर वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर 5 कोयला लदी मोटरसाइकिल जब्त की। इस दौरान लगभग 40 क्विंटल कोयला बरामद किया गया। इस अभियान का नेतृत्व वनपाल राणा रंजीत चौधरी कर रहे थे, जिनके साथ वनरक्षी अंकित झा, सुनील कुमार, सनी रजक, अमित कुमार, प्रेम कुमार, इंद्रजीत कुमार, फैलिसिटस हांसदा समेत अन्य वनकर्मी मौजूद थे। विभाग का यह अभियान अवैध कोयला खनन और परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाया गया। डीएफओ प्रबल गर्ग ने स्पष्ट किया कि अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में अवैध कोयला खनन और परिवहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि इससे सरकार को राजस्व की भारी क्षति होती है और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। वन विभाग ने यह भी संकेत दिया कि इस अवैध धंधे में शामिल पूरे नेटवर्क को चिन्हित कर कानूनी प्रक्रिया के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आग लगने से पूरा घर जलकर हुआ राख, हजारों का सामान जला



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/राजमहल :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मंगलहाट निकट मोकिमपुर पंचायत के शोभापुर गांव में आग लगने के कारण एक फुस का घर जाकर पूरी तरह राख हो गया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। गृहस्वामी ओनिमा देवी ने बताया उनके घर के ऊपर से 440 वॉल्ट हाईटेंशन तार गुजरा हुआ है। रविवार के दिन करीब ग्यारह बजे मेरी पुत्री प्रियंका कुमारी अपने बच्चों के साथ घर पर थी। तभी तार में शॉर्ट सर्किट हुई जिसके वजह से घर पर आग लग गया। घर से उठ रहे आग की लपटे को देखते मैंने तुरंत अपनी पुत्री को बाहर निकलने को कहा इधर तार में विद्युत प्रवाहित होने के वजह से ग्रामीणों ने तुरंत पॉवर ग्रिड फोन कर लाइन काटने को कहा, लाइन कटते जिसके बाद ग्रामीण सुधीर मिश्रा, मिथिलेश तिवारी, सेंटू महलदार, नीरेन महलदार, इंडियन मिश्रा, विशाल मिश्रा, पंकज दुबे, प्रताप मंडल, अर्जून मंडल आग बुझाने में लग गए।लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी आग की लपटे इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते पूरे घर को अपने चपेट में ले लिया। जिसके वजह से घर पर रखा 21 हजार नकदी सहित तीन चौकी, एक पलंग, साईकिल, कुर्सी, अनाज की ढेऱी, सोना व चांदी के आभूषण, जरुरी कागजात सहित सारा सामान जल कर पुरी तरीके से राख हो गया। आग की लपटों ने सुधीर मंडल के घर को भी अपने चपेट में लिया लेकिन ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड की सहायता से काफी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया। जिससे उनके घर को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है। नहीं तो आग और भी विक्राल रुप धारण कर आस पास के घरों को अपने चपेट में ले सकती थी।

## 72 घंटे बाद भी महिला के शव की नही हुई शिनाख्त

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के अंजुमन नगर में 27 फरवरी 2025 को एक अज्ञात महिला का शव मिलने के मामले में पुलिस लगातार जांच कर रही है, लेकिन 72 घंटे बीत जाने के बाद भी शव की पहचान नहीं हो पाई है। हालांकि, पुलिस विभिन्न तरीकों से पहचान की कोशिश कर रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी इस महिला के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया है। इसके अलावा, जिले के सभी थानों में भी इस मामले को लेकर पूछताछ की गई है। कहीं कोई गुमशुदगी की रिपोर्ट तो दर्ज नहीं हुई है, इस दिशा में भी पुलिस गंभीरता से छानबीन कर रही है। हालांकि, अब तक पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। पुलिस इस मामले की जांच दो एंगल से कर रही है. पहला, महिला का शव अर्द्धनग्न अवस्था में मिलने के कारण पुलिस को संदेह है कि कहीं घटना से पहले उसके साथ कोई अनहोनी तो नहीं हुई। दूसरा, शव मिलने के बावजूद अब तक किसी ने महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट क्यों नहीं दर्ज कराई और न ही कोई उसकी पहचान करने सामने आया।

# किसानों का जमीन लगान रसीद सरकार कटवाना जल्द शुरू करें

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट परिसर में रविवार को पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार भारतीय हलधर किसान यूनियन की सप्ताहिक बैठक डा० शैलेश कुमार गिरि राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता व बिहार झारखंड प्रदेश प्रभारी के निदेर्शानुसार सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने किया। इस दौरान किसानों ने अपनी अपनी समस्याओं से जुड़ी बातों को रखा। किसानों ने बताया कि जमीन का लगान रसीद काटना बंद हैं। जबकि किसान अपने जमीनों का रसीद कटाने के लिए तैयार हैं। जमीन लगान का रसीद काटने का सरकार शीघ्र व्यवस्था करें। जिससे किसानों का ससमय लगान रसीद कटवा ले। इस क्रम में अपनी पुरानी समस्या प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसानों का लंबित फसल बीमा की राशि की ओर सरकार ध्यान आकृष्ट करने की बात रखी। आपदा प्रबंधन की ओर से किसान को शिविर में बाढ़ रिलीव दी



जाती हैं। उसी क्षेत्र के किसान को फसल नुकसान होने पर कहा जाता है,फसल अच्छा हुआ इसलिए फसल बीमा के नियमानुसार नहीं मिलेगा। आखिर कैसा सर्वे कराया गया। एक ही क्षेत्र के किसान को बाढ़ पीड़ित घोषित कर रिलीव दिया गया, वही फसल बाढ़ में डूब जाने से बर्बाद हुआ। किसान को अभी तक बीमा राशि की भुगतान नहीं किया गया है। दिसंबर 2024 तक हो चुका जमीन बीमा का राशि का अभिलम्ब भुगतान किया जाय। किसान का कृषि ऋण को लेकर बैंक का नोटिस जारी किया जाता हैं। जबकि सरकार ने किसान का कृषि ऋण माफ कर दी हैं। किसानों ने सरकार से खेती करने के लिए ब्याज मुक्त कृषि ऋण की मांग रखा। वही किसान को पेंशन योजना से जोड़ कर पेंशन चालू किया जाय। वही पीड़ित लक्ष्मण यादव को माननीय उच्च न्यायालय रांची से पारित आदेश एवं सूचना राज्य आयुक्त रांची के आदेश के बाबजूद क्षतिपूर्ति का भुगतान नहीं किए जाने पर किसानों ने खेद व्यक्त किया। यूनियन की अगली बैठक 17 मार्च को होगी। इस मौके पर शंकर प्रसाद यादव, चंद्रमा प्रसाद यादव, मन्नू यादव, भरत पांडे, पवन कुमार यादव, रुदल यादव, बच्चन कुमार पाठक एवं अन्य किसान मौजूद रहे।

# हिट एंड रन मामलों को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सड़क सुरक्षा से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य हिट एंड रन के मामलों में पुलिस की भूमिका को अधिक प्रभावी बनाना तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं की जांच प्रक्रिया को सुदृढ़ करना था।

iRAD/eDAR प्रणाली और बीथ एनालाइजर के उपयोग पर विस्तृत जानकारी

प्रशिक्षण के दौरान



iRAD/eDAR प्रणाली में दुर्घटनाओं की जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया, बीथ एनालाइजर के उपयोग, तथा हिट एंड रन मामलों से संबंधित कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। iRAD और eDAR आधुनिक तकनीक आधारित प्रणाली हैं, जिनके माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं का सटीक रिकॉर्ड रखा जाता है। इन प्रणालियों के माध्यम से पुलिस को मामलों की त्वरित जांच करने में सहायता मिलती है, जिससे पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने की प्रक्रिया तेज हो जाती है।

**पुलिस अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी**

इस अवसर पर मुख्यालय उपाधीक्षक विजय कुमार कुशवाहा, iRAD/eDAR प्रबंधक मनोज कुमार, तथा सभी थाना प्रभारी, उप-निरीक्षक एवं सहायक उप-निरीक्षक उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की त्वरित और निष्पक्ष जांच करने, पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने, तथा हिट एंड रन मामलों में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

**प्रशिक्षण का उद्देश्य**

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को आधुनिक तकनीकों से लैस करना, सड़क दुर्घटनाओं के मामलों को प्रभावी ढंग से दर्ज करना, तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए उचित रणनीतियाँ विकसित करना था।सभी अधिकारियों ने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को अपने कार्यक्षेत्र में लागू करने का संकल्प लिया, जिससे सड़क सुरक्षा को और अधिक मजबूत किया जा सके और दुर्घटनाओं में पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### नकाबपोश अपराधियों ने लूट की घटना को दिया अंजाम

**सरिया (गिरिडीह):** बीते शनिवार की रात लगभग 12 बजे सरिया थाना क्षेत्र के अछुवा टांड़ गांव में पांच नकाबपोश अपराधियों के द्वारा एक घर में लूट की घटना को अंजाम देकर चलये बने। इसे लेकर पीड़ित अच्छुआटांड़ निवासी जितेंद्र मंडल ने बताया कि शनिवार की रात लगभग 12 बजे घर के ऊपरी छत पर लगे एलवेस्टर को तोड़कर पांच अज्ञात नकाबपोश अपराधी घर में घुसे। इसकी भनक होने पर अपराधियों का विरोध करने लगा तो उसे अपने कब्जे में लेकर वह मारपीट कर भयभीत कर दिए। और घर में शादी की खर्च के लिए रखे लगभग 1 लाख 74 हजार नगद, 3 ग्राम सोने का जेवर एवं 400 ग्राम चांदी के जेवर को अपराधियों के द्वारा लूट कर चलते बने। तत्काल इसकी सूचना सरिया पुलिस को दी गई। मौके पर रात में सरिया पुलिस ने पहुंचकर घटना की जानकारी लेते हुए अपराधियों की धर पकड़ के कार्य में जुट गया । वहीं पीड़ित जितेंद्र मंडल ने बताया कि उसके घर में कुछ दिनों के बाद शादी का कार्यक्रम होना था। उसी की खर्च के लिए नगदी समेत जेवर रखे थे । जिसे अपराधियों के द्वारा लूट लिया गया। वहीं घटना की सूचना पाकर आसपास के काफी ग्रामीण भी जुट गए थे। एवं इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दी वहीं अगले दिन रविवार को भी ग्रामीणों ने इस घटना की निंदा करते हुए स्थानीय प्रशासन से जल्द अपराधियों की धर पकड़ करने एवं पुलिस की गस्ति को बढ़ाने की अपील किया । लुट की घटना के समय पीड़ित जितेंद्र मंडल और उसकी मां घर पर थे ।

वहीं इस घटना को लेकर सरिया एसडीपीओ धनंजय कुमार राम ने बताया कि घटना की सूचना रात को ही मिली थी सूचना मिलते ही तुरंत सरिया पुलिस की गश्ती वाहन पीड़ित के घर पहुंच कर मामले की जानकारी लेकर अपराधियों की धर पकड़ में जुट गई है । वहीं उन्होंने कहा कि यह लूट की नहीं बल्कि एक चोरी की घटना है। पुलिस हर बिंदु पर जांच में जुटी हुई है ।

### झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक जिला स्तरीय महिला मोर्चा कमेटी का किया गया गठन




**साहिबगंज/राजमहल:** स्थानीय निरीक्षण भवन राजमहल में झारखंड मजदूर संघ जिला समिति की बैठक जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला स्तरीय महिला मोर्चा कमेटी का गठन किया गया है। इस बैठक में झारखंड मजदूर संघ महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अंशु कुमारी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष रूमकी दास, जिला महामंत्री सोनी कुमारी, उपाध्यक्ष संगीता कुमारी, श्रुति कुमारी, सहायक मंत्री मनवाड़ा खातून, लक्ष्मी शाह, कार्यालय मंत्री लिपिका कुमारी, कोषाध्यक्ष शिल्पी देवी, संगठन मंत्री रीता देवी एवं कार्य समिति सदस्य तापसी कुमारी, जमुना दास, प्रिया कुमारी सहित 21 सदस्य वाली कमेटी को चुना गया। जहां सभी नए कमिटी को संगठन के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने माला पहना कर स्वागत किया गया। इस बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा कि असंगठित मजदूरों को संगठित करना, महिलाओं को भागीदारी सुरक्षित करना साथ ही कहा कि साहिबगंज जिले में अवैध चालान बालू की रोक लगाने की मांग पुलिस प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि एक ट्रैक्टर बालू की कीमत 6500 लेने से अबूआ आवास या प्रधानमंत्री आवास में निर्माण कार्य में क्षति पहुंचता है। बैठक में जिला महामंत्री मो इमाम, फूल कुमारी देवी, विश्वास, मनोज सोरेन, दिव्या हांसदा, मोनिका देवी, मिथुन राजवंशी, श्रीदाम बासु, रूपचंद राय, कार्तिक राय, सीमा देवी, मो हफीजुल विश्वास, राजमहल प्रखंड अध्यक्ष यमुना राय, सुष्मिता दास, छवि पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

### पाक माहे रमजान में कुरान मजीद कि तिलावत एवं नमाज के साथ रमजान महीने की हुई शुरूआत



**बरहरवा:** रविवार से पवित्र रमजान महीना प्रारंभ हो गया है इस्लाम धर्म के मानने वालों ने पूरे विधि विधान के साथ तरबी की नमाज पढ़ कर एवं शहरी खाकर पूरे दिन भर अकीदत के साथ रोजा रखा एवं नमाज तथा कुरान पढ़ कर दिन बिताया। रविवार की शाम को पहले दिन बहुत से रोजेदारों ने अपने घर परिवार के अलावे लगभग सभी मस्जिदों में सामूहिक रूप से रोजा इफ्तार किया। इस दौरान रविवार को मिजार्पुर जमे मस्जिद में मस्जिद के इमाम मौलाना इसराफिल सभी रोजेदारों को रोजा इफ्तार की दुआ पढ़कर साथ में मिलकर रोजा इफ्तार किया इस दौरान उन्होंने देश दुनिया एवं कौम के लिए विशेष दुआ भी किया।रमजान के प्रथम दिन शुक्रवार शनि, साहबदंगा, लालमतटी रामनगर, सातगाछी, रूपसपुर, फतेहपुर, रहमतपुर, रूपपुर की मस्जिदों में काफी संख्या में बच्चे बूढ़े एवं नौजवान लोग रमजान की नमाज अदा करने के लिए उपस्थित हुए थे, इस इलाके में यह सिलसिला पूरे 1 महीने तक चलेगा जिसमें इस्लाम धर्म के मानने वाले सभी मर्द औरत एवं बूढ़े बुजुर्ग पूरे अकीदत के साथ पूरे रमजान महीने भर रोज रखेगोतथा तराबी की नमाज पढ़कर तथा इबादत बंदगी कर रात गुजारा करेगा।

### सरहुल की तैयारी को लेकर हुई बैठक



**अनगड़ा:** सरहूल महापर्व को लेकर गेतलसूद बजरंग चौक के सरना प्रांगण में सरहुल महापर्व के सफल आयोजन के लिए श्रद्धा सरना समिति के सदस्यो का जुटान हुआ बैठक समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की के नेतृत्व में किया गया एक अप्रैल को विधिवत सरहूल पूजा अर्चना की जाएगी वही दो अप्रैल को सरना व्रतिया अपनी व्रत तोड़ेंगी एव 22 वां वर्षगांठ समारोह आयोजित होगी तीन अप्रैल को विशाल सरहुल शोभायात्रा सह नागपूरी रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन होगा। समिति के अध्यक्ष अजय उरांव ने बताया कि दो अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जानी थी परन्तु इसी दिन श्रद्धा सरना समिति का 22 वां वर्षगांठ समारोह बनाया जाना है सामूहिक निर्णन लिया गया और तीन अप्रैल को शोभायात्रा का कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ अगली अंतिम बैठक 6 मार्च को होगी जहां कार्यक्रम के संचालन के लिए नई कमिटी गठित कि जाएगी । मौके पर मुख्य पुजारी राजदेव पाहन मुखिया प्रतिनिधी गोरी शंकर मुण्डा प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम उरांव श्रद्धा सरना समिति गेतलसूद के अध्यक्ष अजय उरांव समिति के मिडिया प्रभारी कुलेश्वर मुण्डा बिट्टू उरांव, निशांत उरांव, चिन्टू उरांव, आजादी उरांव आदि कई लोग मौजूद थे।

# जीवन के लिये प्रकृति-वन्यजीवों का संरक्षण जरूरी

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई प्रजाति के जीव-जंतु, प्राकृतिक स्रोत एवं वनस्पति विलुप्त हो रहे हैं, जिससे पृथ्वी असंतुलित हो रही है। विलुप्त होते जीव-जंतु और वनस्पति की रक्षा के लिये विश्व-समुदाय को जागरूक करने के लिये ही विश्व वन्यजीव दिवस को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य दुनिया के लुप्त होते वन्य जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। जिसकी शुरूआत थाईलैंड द्वारा दुनिया के जंगली जीवों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मनाने के लिए प्रस्तावित किया गया था।। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वन्यजीवों के पारिस्थितिकी, आनुवांशिक, वैज्ञानिक, सौंदर्य सहित विभिन्न प्रकार से अध्ययन अध्यापन को बढ़ावा देने को प्रेरित किया। विभिन्न जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियों के अस्तित्व की रक्षा भी इसका उद्देश्य कहा जा सकता है। साल 2025 की थीम है, वन्यजीव संरक्षण वित्तः लोगों और ग्रह में निवेश, यह थीम वन्यजीव संरक्षण के लिए नए वित्तीय समाधानों की खोज और उनका आदान-प्रदान करने के लिए बनाई गई है।

वन्यजीव प्रजातियों, उनके आवासों, पारिस्थितिकी तंत्रों का निरंतर नुकसान एवं वनों का दोहन पृथ्वी पर मनुष्यों सहित सभी जीवन को खतरे में डाल रहा है। दुनिया भर के लोग अपने जीवन के लिए प्रकृति पर निर्भर हैं। भारत एवं दुनिया में कई वन्य जीव लुप्त होने के कगार पर हैं। शेर, चीता, बाघ, सफेद तेंदुआ, गैंडा, जंगली भैंसा, गंगीय डॉल्फिन, लाल पांडा, नीलगिरि लंगूर, कस्तूरी हिरन, संगाई हिरन, बारहसिंघा, कश्मीरी हिरन, जंगली गधा, एक सींग वाला गैंडा, तेंदुआ, अजगर, सियार, जरख, जंगली बिल्ली, भेड़िया, नेवला, सेंड ग्राउज झाऊ चूहा एवं गौरया आदि अनेक वन्यजीव प्रजातियां लुप्त हो रही है। कम मांस खाने और लुप्तप्राय जानवरों, जैसे हाथीदांत से निर्मित वस्तुओं से परहेज आदि वन्यजीवों को बचाने की मुहिम में कारगर है। यह दिवस महत्वपूर्ण रूप से लुप्तप्राय वन्य जीव प्रजातियों के भविष्य को संरक्षित करने, उनकी आदतों और पारिस्थितिकी तंत्र के पुनर्वास में सहायता करने और मानव जाति द्वारा इन जानवरों के सतत उपयोग को प्रोत्साहित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करेगा।

आज चिन्तन का विषय न तो रूस-यूक्रेन युद्ध है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार लुप्त होती वन्य जीव प्रजातियां, विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्रोत, विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बडे. खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व वन्यजीव दिवस का ध्येय है। हमारा सुविधावादी नजरिया एवं जीवनशैली पृथ्वी, उसके पर्यावरण, प्रकृति और वन्य जीवों के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा हैं।

लुप्तप्राय जंगली जानवरों और पौधों के संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। सूखे, नए रेगिस्तान, आग और बाढ़ की रोकथाम के लिए वन्यजीवों का संरक्षण आवश्यक है। जंगली जानवरों और पौधों का यह संरक्षण सुनिश्चित करता है कि मनुष्यों और वन्यजीवों की आने वाली पीढ़ियां प्रकृति से घिरी रहेंगी, तभी पृथ्वी का जीवन संभव होगा। जरूरत है हम वन्यजीवों एवं प्रकृति से प्यार करे और वन्यजीवों के महत्व को समझें। भविष्य की आशा मानवीय कब्जे एवं दोहनके प्रभाव को रोकने में है - इसके लिए पहले ही बहुत देर हो चुकी है, बल्कि उस प्रभाव की सीमा के बारे में बेहतर समझ बनाने और उसके शासन के लिए एक नई नैतिकता बनाने में है। तभी मानव जीवन एवं वन्य जीवों की अन्योन्याश्रयता को देख पाएंगे, तभी प्रकृति को क्षमाशील, उदार और लचीला पाएंगे। तभी हम प्रकृति दोहन को मात दे सकेंगे तथा उसकी मिठास का स्वाद लेने और उसकी वरिष्ठता का सम्मान करने की पात्रता प्राप्त कर सकेंगे।

## सूडोकु नवताल- 7358

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7357 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# महाकुंभ : वैश्विक समुदाय के लिए हैरत, भारत विरोधी ताकतों के लिए झटका

पंकज जगन्नाथ जयस्वाल



इतिहास के सबसे बड़े आयोजन, महाकुंभ की दुनिया साक्षी बनी। 45 दिनों का यह उत्सव, जिसमें 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। इनमें एक ही दिन में लगभग 10 करोड़ श्रद्धालु थे जिनमें लाखों की संख्या में विदेशी श्रद्धालु शामिल थे। इन लाखों अनुयायियों को प्रेरित करने वाली दिव्य शक्ति ने उन्हें किसी भी असुविधा की परवाह किए बिना आने के लिए प्रेरित किया। इतने बड़े समागम के बाद भी सीएम योगी आदित्यनाथ और उनकी टीम द्वारा की गई व्यवस्था न केवल सराहनीय है, बल्कि दुनिया भर के प्रमुख विश्वविद्यालयों के लिए शोध का विषय भी है। इतने बड़े आयोजन में पहली बार आए विदेशी मेहमान आयोजन की व्यापकता से हैरान थे। यह चमत्कार से कम नहीं था कि इतना बड़ा आयोजन बिना कठिनाई और अविश्वसनीय अनुशासन के साथ सुचारू रूप से चल सका।

भले इरादा 45 करोड़ श्रद्धालुओं का था लेकिन वास्तविक गिनती 66 करोड़ से अधिक थी, जो अत्यधिक है; फिर भी, संगम पर प्रशासन शानदार था। पुरानी सनातन प्रथाओं के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित आधुनिक तकनीक के संयोजन ने दुनिया को दिखाया कि केवल सनातन धर्म ही प्राचीन और नए ज्ञान दोनों को विवेकपूर्ण तरीके से लागू कर सकता है। महाकुंभ 2025 की सफलता का कारण एक ही नहीं हो सकता; यह धर्म, शासन, अनुशासन और ईश्वरीय कृपा का सामंजस्यपूर्ण संयोजन था। आध्यात्मिकता से लेकर बुनियादी ढांचे, सुरक्षा से लेकर आतिथ्य तक हर पहलू को सोच-समझकर योजनाबद्ध किया गया और शानदार ढंग से अंजाम दिया गया। इसका परिणाम क्या हुआ? एक दोषरहित, आनंदमय और आश्चर्यजनक रूप से मनोरंजक अनुभव जिसने प्रत्येक तीर्थयात्री को विस्मय में डाल दिया। सनातनियों ने यह प्रदर्शित किया है कि वे जाति, सामाजिक पद या रंग के आधार पर भेदभाव में विश्वास नहीं करते हैं, जिसने भारत को तोड़ने वाली ताकतों को चिंतित कर दिया है क्योंकि एकजुट हिंदू उनके स्वार्थी एजेंडे और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को कुचल देंगे।

जिन लोगों ने योगी आदित्यनाथ को महज पुजारी कहकर मजाक उड़ाया उन्होंने भी सनातन सिद्धांतों, ज्ञान और संस्कृति का पालन करते हुए एक सनातनी मुख्यमंत्री के गुणों का प्रदर्शन महाकुंभ में देखा है। मैं स्टालिन, पिनाराई विजयन और कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों को चुनौती देता हूँ कि वे अपने राज्यों में भी ऐसा आयोजन करके दिखायें। पश्चिमी दुनिया के लिए इतना बड़ा उत्सव आयोजित करना असंभव है। यह उन डीप स्टेट फोर्सेस के लिए स्पष्ट होना चाहिए जो भारत और सनातन धर्म को अस्थिर करने के लिए लाखों डॉलर बहा रहे हैं।

### राजनीतिक अराजकता

परेशान विपक्ष ने हर मौके पर महाकुंभ और योगी आदित्यनाथ पर हमला किया, मानो वे किसी दुर्घटना का इंतजार कर रहे थे ताकि योगी सरकार को नुकसान पहुंचाने वाली आलोचना का सहारा लिया जा सके। विपक्ष सनातनियों की भारी भीड़ से परेशान था, उनका मानना है कि हिंदू एकता उनके राजनीतिक करियर के लिए हानिकारक होगी, इसलिए किसी भी छोटे अवसर का उपयोग योगी आदित्यनाथ पर हमला करने और महाकुंभ की आवश्यकता के बारे में झूठी चिंताएं जताने के लिए किया जा रहा था। कुछ आंकड़े जो इस अद्भुत आयोजन की भव्यता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशासनिक और नेतृत्व क्षमता को दशार्ते हैं।

### ट्रैश स्कीमर मशीनों से नदी की सफाई

दो मशीनों से गंगा और यमुना से प्रतिदिन 10-15 टन कचरा निकाला जाता था। मशीन की क्षमताः 13 क्यूबिक मीटर, जो नदी के 4 किलोमीटर क्षेत्र को कवर करती है। नैनी प्लांट में कचरे का निपटान, प्लास्टिक को रिसाइकिलिंग के लिए भेजा गया और जैविक कचरे से खाद बनाई गई।

-सेप्टिक टैंक के साथ 12,000 एफआरपी शौचालय।

-सोखने के गड्ढों के साथ 16,100 प्रीफैब्रिकेटेड स्टील शौचालय।

-20,000 सामुदायिक मूत्रालय स्थापित किए गए।

-कचरा संग्रह के लिए 20,000 कूड़ेदान और 37.75 लाख लाइनर बैग।

-मुख्य अनुष्ठानों के बाद कचरे को साफ करने वाली विशेष स्वच्छता टीमें।

एक और घटक जिसने वैश्विक दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वह था महाकुंभ 2025 का पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार दृष्टिकोण। महाकुंभ का उद्देश्य इतिहास में पहली बार ₹हरित कुंभ₹ बनना था, जो दुनिया भर में भविष्य के बड़े समारोहों के लिए एक मिसाल कायम करता है। व्यापक कचरा प्रबंधन और जल संरक्षण पहलों ने यह सुनिश्चित किया कि गंगा हमेशा की तरह स्वच्छ बनी रहे।

### डिजिटल महाकुंभ और वैश्विक जुड़ाव

जनवरी के पहले सप्ताह में इस आयोजन की आधिकारिक वेबसाइट पर 183 देशों से 33 लाख आगंतुक आए। दुनिया भर के 6,206 शहरों से आगंतुकों ने इस साइट का उपयोग किया, जिसमें भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा और जर्मनी सबसे आगे थे। साइट के तकनीकी कर्मचारियों ने वैश्विक ट्रैफि क में वृद्धि देखी, जिसमें हर दिन लाखों उपयोगकर्ता महाकुंभ के इतिहास और आध्यात्मिक महत्व के बारे में सामग्री का अध्ययन कर रहे थे। डिजिटल पहल ने सुनिश्चित किया कि आगंतुकों को जानकारी तक आसान पहुँच मिले, जिससे वे रसद की चिंता किए बिना उत्सव के आध्यात्मिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

कुंभ सहायक चैटबॉटः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लॉन्च किया गया यह एआई-संचालित, बहुभाषी, वॉयस-सक्षम चैटबॉट तीर्थयात्रियों की सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। लामा एलएलएम जैसी उन्नत एआई तकनीकों द्वारा संचालित, इसने वास्तविक समय नेविगेशन और कार्यक्रम से संबंधित जानकारी प्रदान की। भाषिनी के भाषा अनुवाद ने चैटबॉट को हिंदी, अंग्रेजी और नौ अन्य भारतीय भाषाओं में काम करने में सक्षम बनाया, जिससे समावेशिता और पहुंच सुनिश्चित हुई।

### महाकुंभ में साइबर सुरक्षा

महाकुंभ नगर में 66 करोड़ से अधिक लोग शामिल हुए हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अच्छी तरह से सूचित हों, उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रिंट, डिजिटल और सोशल मीडिया सहित सभी उपलब्ध प्लेटफार्मों का उपयोग करने का विकल्प चुना था । साइबर पेशेवर लगातार इंटरनेट खतरों की निगरानी कर रहे थे और एआई, फेसबुक, एक्स और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफार्मों का गलत फायदा उठाने वाले गिरोहों की जांच कर रहे थे । बड़े पैमाने पर जन जागरूकता पहल का समर्थन करने के लिए एक मोबाइल साइबर टीम भी तैनात की गई थी।

विशेष साइबर सुरक्षाः साइबर गश्त करने के लिए 56 समर्पित साइबर योद्धा और विशेषज्ञ भेजे गए। धोखाधड़ी वाली वेबसाइट, सोशल मीडिया धोखाधड़ी और फर्जी लिंक जैसे साइबर जोखिमों से निपटने के लिए महाकुंभ साइबर पुलिस स्टेशन की स्थापना की गई। साइबर खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मेला ग्राउंड और कमिश्नरेट दोनों में 40 वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले लगाए गए। 1920 एक समर्पित हॉटलाइन नंबर स्थापित किया गया और प्रमाणित सरकारी वेबसाइटों को बढ़ावा दिया गया।

### निगरानी और कानून प्रवर्तन

एआई और ड्रोन निगरानी में 2,750 एआई-संचालित कैमरे, ड्रोन, एंटी-ड्रोन और वास्तविक समय की ट्रैकिंग के लिए टेथर्ड ड्रोन शामिल थे। पानी के नीचे के ड्रोनः पहली बार, 100 मीटर की गहराई पर 24 घंटे नदी की निगरानी के लिए ड्रोन तैनात किए गए थे।

# न्यायालयों में अनसुलझे मामलों की बढ़ती संख्या

प्रियंका सौरभ



देश की न्याय व्यवस्था कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों से जूझ रही है, जिसका मुख्य कारण भारतीय अदालतों में अभी भी 5 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। इनमें से कई मामले एक दशक से अधिक समय से लंबित हैं, जिनमें से लगभग 50 लाख मामले दस साल से भी अधिक समय पहले शुरू किए गए थे। नीति आयोग ने सुधारों की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए आगाह किया है कि मामले के समाधान की वर्तमान गति से केवल निचली अदालतों में लंबित मामलों को हल करने में 300 साल से अधिक लग सकते हैं। भारत में, "लंबित मामलों" का अर्थ कानूनी ढांचे के भीतर अनसुलझे मामलों की भारी संख्या है। स्थिति विशेष रूप से निचले न्यायिक स्तरों पर गंभीर है, जहाँ अधिकांश मामले दायर किए जाते हैं और न्यायाधीशों की कमी की वजह से निबटारा नहीं हो पाता। लंबित मामलों की बढ़ती संख्या भारतीय न्याय प्रणाली के लिए बड़ी चुनौती है। लंबी कानूनी प्रक्रियाएँ "न्याय में देरी न्याय से वंचित होने के समान है" कहावत को चरितार्थ करती हैं। अदालतों में मामलों की बड़ी संख्या अदालती दक्षता में बाधा डालती है और लंबित मामलों की संख्या में वृद्धि करती है, जिससे त्वरित न्याय लगभग असंभव हो जाता है।

सर्वोच्च न्यायालय में 82, 000 से अधिक और उच्च न्यायालयों में 62 लाख से अधिक मामले लंबित होने के कारण, निर्णयों में देरी आम बात है। मुकदमेबाजी का वित्तीय बोझ आर्थिक विकास को भी बाधित करता है, क्योंकि यह संसाधनों को खत्म करता है और व्यक्तियों और व्यवसायों को कानूनी कार्यवाही करने से हतोत्साहित करता है। भारत में न्यायिक देरी की अनुमानित लागत दो मिलियन डॉलर से अधिक है। न्याय प्रणाली पर लंबित मामलों का प्रभाव गहरा और दूरगामी है। लंबे समय तक चलने वाले मामले कानूनी प्रणाली में जनता के विश्वास को डिगा सकते हैं। देरी का यह चक्र समस्या को और बढ़ाता है।

न्यायिक देरी में योगदान देने वाला एक महत्त्वपूर्ण कारक जनसंख्या के लिए न्यायाधीशों का अपर्याप्त अनुपात है। भारत में, विकसित देशों की तुलना में कानूनी प्रणाली बहुत धीमी गति से काम करती है, जहाँ हर दस लाख निवासियों के लिए केवल 21 न्यायाधीश उपलब्ध हैं। सरकार सबसे बड़ी वादी है, जो सभी लंबित मामलों में से लगभग आधे मामलों के लिए ज़िम्मेदार है, जिनमें से कई छोटे मुद्दों पर अपील में बंधे हैं। सीमित कोर्ट रूम स्पेस और पुरानी केस मैनेजमेंट प्रथाओं जैसी चुनौतियों से लंबी अदालती कार्यवाही और भी जटिल हो जाती है।

दिल्ली उच्च न्यायालय मध्यस्थता केंद्र ने 15 वर्षों में 200, 000 से अधिक मामलों को सफलतापूर्वक हल किया है, जो वैकल्पिक विवाद समाधान विधियों की प्रभावशीलता को उजागर करता है। दुर्भाग्य से, वकील और वादी दोनों अक्सर स्थगन का दुरुपयोग करते हैं, जिसके कारण मामले सालों या दशकों तक टल जाते हैं। मैन्युअल दस्तावेजीकरण और पुरानी कानूनी प्रक्रियाओं पर निर्भरता मामलों के समय पर समाधान में बाधा डालती है, जिससे अनावश्यक नौकरशाही बाधाएँ पैदा होती हैं।

लंबित मामलों के बैकलॉग को कम करने के लिए यह सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण है कि कार्यवाही निरंतर हो। इसमें बढ़ती आबादी को समायोजित करने के लिए न्यायालय स्टाफिंग और बुनियादी ढांचे में निवेश करना शामिल है। न्यायालयों की संख्या बढ़ाने और पर्याप्त सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करने से प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिल सकती है। मामलों को अधिक तेजी से ट्रैक करने और आगे बढ़ाने के लिए प्रभावी केस प्रबंधन रणनीतियों को लागू करना भी महत्त्वपूर्ण है। उचित रूप से प्रबंधित मामलों के समय पर समाधान तक पहुँचने की अधिक संभावना होती है। कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कानूनों की नियमित समीक्षा और संशोधन अनिश्चितता को कम करने और कानूनी कार्यवाही में तेजी लाने के लिए आवश्यक है। वाणिज्यिक विवादों के त्वरित समाधान की सुविधा के लिए, वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम 2015 स्थगन पर सख्त नियम लागू करता है। मुकदमेबाजी से पहले मध्यस्थता को अनिवार्य करके वैकल्पिक विवाद समाधान को बढ़ावा देने से अदालतों पर बोझ कम करने में मदद मिल सकती है। मध्यस्थता अधिनियम (2023) वाणिज्यिक और नागरिक विवादों में मध्यस्थता को अनिवार्य बनाकर इसका समर्थन करता है, जिसका उद्देश्य अदालती लंबित मामलों को कम करना है। एक मजबूत लोकतंत्र न्याय के त्वरित और प्रभावी वितरण पर निर्भर करता है। न्यायिक देरी से निपटने के लिए न्यायिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाना, मौजूदा रिक्तियों को भरना, ऐआई-संचालित केस प्रबंधन को अपनाना और वैकल्पिक विवाद समाधान को बढ़ावा देना आवश्यक है। न्यायिक जवाबदेही को दूरदर्शी नीति ढांचे के साथ जोड़कर, भारत की न्याय प्रणाली अधिक निष्पक्ष, सुलभ और समय पर बन सकती है।

भारतीय अदालतों में लंबित मामलों से निपटने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें तकनीकी प्रगति के साथ-साथ प्रशासनिक, कानूनी और बुनियादी ढाँचे में सुधार शामिल हो। हालाँकि प्रगति हुई है, लेकिन विवादों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास महत्त्वपूर्ण हैं।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भारतीय राजनीति में बुद्धिमान नहीं 'वफादार' होना जरूरी

तनवीर जाफरी

इन दिनों कांग्रेस पार्टी के नेता,पूर्व केंद्रीय मंत्री व तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। शशि थरूर संयुक्त राष्ट्र की नौकरी छोड़कर 2009 में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे। उसके बाद वे लगातार चार बार केरल की तिरुवनंतपुरम सीट से लोकसभा सांसद निर्वाचित होते रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस के मलयालम पॉडकास्ट से बात चीत के दौरान यह कह दिया की यदि कांग्रेस पार्टी को उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है तो उनके पास 'विकल्प' हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर पार्टी उनका इस्तेमाल करना चाहती है तो वे पार्टी के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्यथा मेरे पास करने के लिए मेरी चीजें हैं। आपको नहीं सोचना चाहिए कि मेरे पास दूसरे विकल्प नहीं हैं।' उन्होंने कहा कि ₹मेरे पास मेरी किताबें, भाषण, और पूरी दुनिया से बातचीत करने के लिए निमंत्रण हैं। थरूर के इस बयान से इन अटकलों को बल मिलना स्वाभाविक था कि क्या अब थरूर भी कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं।

इस खबर के साथ ही मीडिया में इस बात को लेकर भी अटकलें लगाई जाने लगीं कि यदि थरूर कांग्रेस पार्टी छोड़ते हैं तो क्या वे भी भारतीय जनता पार्टी की शरण में जायेंगे? खासकर पूर्व में उनके द्वारा भाजपा सरकार की कुछ नीतियों की तारीफ किये जाने से इन कयासों को अधिक बल मिला। जैसे कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनकी मुलाकात की प्रशंसा की। उन्होंने मोदी के अमेरिका दौरे को काफी अच्छा बताया। इसी तरह थरूर ने एफ-35 लड़ाकू विमान को खरीदने में भारत की दिलचस्पी की तारीफ यह कहकर की कि ये विमान काफी कीमती है। जबकि उन्हीं की पार्टी के नेता व कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भारत सरकार द्वारा इस विमान को खरीदने में दिलचस्पी की आलोचना की। सुरजेवाला का कहना था, कि जिस ऋ35 को एलन मस्क 'कबाड़' बता चुके हैं उसे नरेंद्र मोदी खरीदने पर क्यों तुले हुए हैं। इसी तरह थरूर ने सोशल मीडिया एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनल्ड्स के साथ एक सेल्फी पोस्ट करते हुये लिखा था कि लंबे समय से रुकी हुई एफटीए वार्ता फिर से शुरू हो गई है, जो स्वागत योग्य है। बेशक सरकार के प्रति इस तरह के अप्रत्याशित वक्तव्य भाजपा के प्रति थरूर के सकारात्मक होने का संकेत दे रहे थे। परन्तु जब थरूर से भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्वयं को एक 'क्लासिक उदारवादी' बताते हुये कहा कि - मैं सांप्रदायिकता का विरोध करता हूं और आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय में विश्वास करता हूं। उन्होंने कहा, 'हर पार्टी का अपना विश्वास और इतिहास होता है। अगर आप किसी दूसरी पार्टी के विश्वास को नहीं अपना सकते तो उसके साथ जुड़ना सही नहीं है। मुझे नहीं लगता कि यह सही है। 'वैसे भी जिस तरह '50 करोड़ की गर्ल फ्रेंड' कहकर शशि थरूर को लेकर अपमान जनक टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने सार्वजनिक भाषण में की गयी थी उसे देखकर भी नहीं लगता कि थरूर जैसा बुद्धिजीवी व संवेदनशील व्यक्ति कभी भाजपा में भी शामिल होगा।

परन्तु इन्हीं खबरों के बीच एक बार फिर इस बात पर भी बहस छिड़ गयी है कि क्या राजनैतिक दलों में बुद्धिजीवियों की कोई महत्वपूर्ण भूमिका भी है? यदि थरूर के ही राज्य केरल में पिछले चुनावों के दौरान देखें तो भारत के एक प्रख्यात सिविल इंजीनियर, दिल्ली मेट्रो के निदेशक व पद्म श्री तथा पद्म विभूषण जैसे अति प्रतिष्ठित सम्मानों के हासिल करने वाले ई श्रीधरन जिन्हें भारत के 'मेट्रो मैन' के रूप में भी जाना जाता है,को भाजपा द्वारा केरल का मुख्यमंत्री प्रचारित किया गया था। यह और बात है कि ई श्रीधरन स्वयं अपना चुनाव भी नहीं जीत सके। परन्तु क्या कोई जानता है कि आज ई श्रीधरन भाजपा में क्या भूमिका निभा रहे हैं? एक श्रीधरन ही नहीं भाजपा में ही लाल कृष्ण आडवाणी से लेकर यशवंत सिन्हा व अरुण शौरी जैसे अनेक नेताओं का जो हश्र भाजपा में हुआ और हो रहा है वह किसी से छुपा नहीं है। क्या उनकी काबलियत के अनुसार उनके व्यक्तित्व का इस्तेमाल किया गया? हाँ यदि एस जय शंकर,अश्वनी वैष्णव और हरदीप पुरी जैसे गिने चुने लोगों को जिम्मेदारियाँ दी भी गयी हैं तो वे भी कितने स्वतंत्र हैं किसी से छुपा नहीं है। हाँ सत्ता प्रमुख, पूर्व नौकरशाह होने के नाते उनसे किसी तरह की 'ना' की उम्मीद तो कर ही नहीं सकते क्यों उन्होंने अपनी पूरी सेवा के दौरान केवल 'यस मिनिस्टर ' ही तो कहा है?

कमोबेश अधिकांश राजनैतिक दलों में यही स्थिति है। जहाँ पार्टी प्रमुखों को या आला कमान को बुद्धिजीवी, सलाह देने वाला,अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करते हुये शीर्ष नेताओं को कोई नेक सलाह देने वाला नेता नहीं बल्कि ऐसा व्यक्ति चाहिये जो उनके प्रति पूरी तरह वफादार हो और हर सही व गलत बात में आला कमान की हाँ में हाँ मिलाने की 'सलाहियत ' रखता हो। हाँ, इन्हीं राजनैतिक दलों में कई ऐसे अवसरवादी प्रवृति के 'समझदार ' नेता भी मिल जायेंगे जो केवल अपने सुखद राजनैतिक भविष्य के कारण सभी परिस्थितियों में गुजारा करने में भी संतुष्ट रहते हैं। क्योंकि कभी इन्हें मंत्री बनाकर खामोश कर दिया जाता है तो कभी राज्यपाल का पद नवाज कर सक्रिय राजनीति से दरकिनार कर दिया जाता है। चूँकि ऐसे नेता प्रायः अपनी उम्र के आखिरी पड़ाव में होते हैं इसलिये 'जो मिला उसी में संतोष ' के सिद्धांत पर समझौता करते हुये अपना समय गुजार लेते हैं जबकि कुछ बगावती तेवर रखने या सच बोलने अथवा सवाल खड़ा करने वाले नेता 'सतपाल मालिक ' बन जाते हैं। गोया भारतीय राजनीति में बुद्धिमान होना ज्यादा जरूरी नहीं बल्कि 'वफादार' होना ज्यादा जरूरी है।

## दैनिक पंचांग

3 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.58 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मेष | 08.29 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 10.09 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 12.07 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 14.20 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.37 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.49 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.59 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 23.14 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.30 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मकर | 03.35 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 05.22 बजे से |

**सोमवार** 2025 वर्ष का 62 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्थी 18.03 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रेवती 06.39 बजे तदनन्तर अश्विनी 04.30 बजे प्रातः को समाप्त। **योग** शुक्ल( शुक्र) 08.57 बजे तदनन्तर ब्रह्म 05.25 बजे प्रातः को समाप्त। **करण** वणिज 07.31 बजे, विष्टि 18.03 बजे तदनन्तर बव 04.38 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 03.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 06° 49' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872272 **जूलियन दिन** 2460737.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रमजान **तारीख** 02 **विशेष** विनायक चतुर्थी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# रमजान के पहले दिन मस्जिदों में लगी भीड़

**लखनऊ।** रमजान के मुबारक महीने की शुरूआत हो गई। शनिवार को मस्जिदों में पहली तरावीह की नमाज अदा की गई। रविवार को सूर्य उदय होने से पहले सेहरी करने के बाद लोगों ने रोजा रखा। चांद नजर आने के बाद अल्लाह की रहमतों और बरकतों वाले इस महीने की चारों ओर धूम देखी जा रही है। रमजान की इबादत के लिए मस्जिदें गुलजार हो गईं और तरावीह की नमाज की शुरूआत हो गई। तरावीह की नमाज में शहर की तमाम मस्जिदें खचा खचाखच भरी हुई थी। तरावीह में शामिल होने के लिए टोपी लगाकर मस्जिद में पहुंचने की ललक शहर में हर तरफ देखी गई। रमजान के पहले दिन तरावीह की नमाज हुई। इस दौरान मस्जिदों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था की कड़ी व्यवस्था की गई थी। जामा मस्जिद ईदगाह ऐशबाग, मस्जिद नदवातुल उलमा, मस्जिद दरगाह समीना शाह, मस्जिद तकवियतुल ईमान, दरगाह हाजी हरमैन मेडिकल कॉलेज, चांद वाली मस्जिद तालकटोरा, दरगाह वाली मस्जिद उजरियांव, दरगाह दादा मियां सदर, हनफिया जियाउल कुरान बड़ा चाँद गंज, मस्जिद नूर मोहम्मद हुसैनगंज, मस्जिद हाजी बारातीं उदयगंज समेत विभिन्न मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा की गई। 1996 से 5 पारा की हो रही है तरावीह फरहत हसन शाह ने बताया कि 1996 से दरगाह दादा मियां स्थित मस्जिद में 5 पारा की तरावीह की नमाज अदा की जा रही है। हुसैनगंज क्षेत्र में 1995 में तरावीह में नमाजियों की संख्या



बढ़ने की वजह से सड़क जाम हो गई थी। उसके बाद जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने तत्कालीन दरगाह के सज्जादानशीन से 5 पांच पारा तरावीह की अपील किया। उसके बाद से ये सिलसिला जारी है। यहां लगभग 15 हजार लोग नमाज में शामिल होते हैं। फरहत मियां ने कहा कि ये बेहद सम्मानित महीना है। लोग इस महीने में अधिक नमाजें पढ़ते है। झूठ बोलना या अन्य जो भी सामाजिक बुरे कार्य है उसे बिल्कुल छोड़ देते हैं। शासन-प्रशासन से अपील है कि लाउडस्पीकर समेत अन्य चीजों के लिए अधिक सख्ती न कि जाए। दरगाह दादा मियां में रोजा इफ्तार की भी व्यवस्था की जाती है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग यहाँ रोजा इफ्तार करते हैं। उन्होंने कहा कि इस महीने में अधिक से अधिक जरूरतमंदों की आर्थिक सहायता की जाए। तरावीह नमाज अदा करने वाले ऐनुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि 22 वर्षों से 5 पारा तरावीह की नमाज अदा कर रहे हैं। ये इबादत का महीना है, जो पूरे साल नमाज नहीं पढ़ते हैं वो भी इस महीने में नमाज पढ़ते है। ये बहुत खास महीना है सभी लोगों के लिए। पूरा समय नमाज, रोजा और कुरान पढ़ने में गुजरता है। लोगों के दिल में ये रहता है कि रमजान में इबादत करेंगे तो अल्लाह हमारी गलतियों को माफ करेगा। मुस्लिम समुदाय में अगर कोई शराब का सेवन करता है तो वो भी छोड़ देता है। रोजादार वसी हाशमी ने कहा कि रमजान के महीने का पूरे साल इंतिजार रहता है। पूरे महीने रोजा रखते हैं नमाज पढ़ते हैं। गर्मी, सर्दी किसी भी मौसम में रमजान हो कभी रोजा नहीं छोड़ते हैं। सभी लोगों को रोजा रखना चाहिए। रोजा के बहुत फायदे है डॉक्टर भी रोजा रखने की सलाह देते हैं। रोजा के साथ इस महीने में दान की बहुत मान्यता है इसलिए दूसरों को आर्थिक सहयोग करें। रमजान में रोजेदारों के सवालों के जवाब के लिए हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किया गया है।

## ग्राम पंचायत चकदेईया और शामपुर के ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों की सराहना की

संवाददाता



**कुशीनगर।** मुख्यमंत्री पुरस्कार से पुरस्कृत ग्राम पंचायतों का नोडल अधिकारी उपनिदेशक पंचायत स्वच्छ भारत मिशन द्वारा ग्रामपंचायतों में हो रहे विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया गया। जिसमें ग्राम पंचायतों में हो रहे नव निर्माण एवं पंचायत भवन खेल मैदान विवाह भवन शौचालय रख रखाव नाली खडनजा पेय जल बाउंड्री वाल पंचायत भवन में बैठक व्यवस्था, दिवालो में सीलन, विद्युती करण के साथ साथ लाइब्रेरी बनाने का आश्वासन दिया और संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण उप निदेशक पंचायत स्वच्छ भारत मिशन राघवेंद्र द्विवेदी के द्वारा किया गया। जनपद कुशीनगर के पंचायती राज अधिकारी आलोक कुमार प्रिदर्शी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कसया अमरजीत यादव, ग्राम पंचायत सचिव सरिता गुप्ता, आनंद शर्मा, आशुतोष कुमार, संजय भारती, रियासत अंसारी, संजय भारती, देवेंद्र उर्फ गुड्डू प्रजापति, रामप्यारे सिंह, भीम सिंह रामप्रीत सिंह हीरा शर्मा, रामपति, भरत सिंह के साथ ग्राम रोजगार सेवक सच्चिदानन्द सिंह, शिवचरन चौधरी, ग्राम प्रधान चकदेइया संजीव कुमार सिंह और ग्राम प्रधान शामपुर डॉक्टर संजय यादव के साथ सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## कत्ल की कोशिश के दो गुनाहगारों को सात-सात साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ बीस हजार रुपये का जुमार्ना

संवाददाता



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के जलालपुर क्षेत्र के ममना में 23 जुलाई 2017 को अनिल कुशवाहा अपनी पान और गुटके की दुकान के बगल में बैठा लकड़ी की डलिया बिन रहा था, तभी गाँव का ही अनिल अहिरवार पुत्र हल्के सहित मिलन पुत्र गयादीन अहिरवार दुकान पर आये और गुटका देने को कहा, और जैसे ही अनिल कुशवाहा उसे दुकान से गुटका देने गया,तभी अनिल अहिरवार ने जान से मारने की नियत से उसके पेट में चाकू मार दिया, जबकि बेटे को जख्मी हालत में देखकर मौजूद घरवालों ने हमलावर को पकड़ लिया,वही उसका साथी मिलन मौके से भाग निकला, हालांकि मौका देखकर हमलावर भी घरवालों से अपने आपको छुड़ाकर भाग निकला, जबकि जख्मी युवक को इलाज के के लिये पहले तो सरीला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से उसे उरई मैडिकल कालेज रैफर कर दिया गया, वहीं वारदात के दूसरे दिन जख्मी युवक की माँ कुसुम रानी की तहरीर पर अनिल पुत्र हल्के अहिरवार सहित मिलन पुत्र गयादीन अहिरवार के खिलाफ जलालपुर पुलिस ने अपराध संख्या 145/17, धारा 307 आईपीसी के तहत कत्ल की कोशिश का मामला दर्ज किया गया, वहीं ऑपरेशन कन्विकशन के तहत हमीरपुर की जिला सत्र अदालत के स्कालर जज मनोज कुमार राय ने दोनों अभियुक्तों को गुनाहगार मानते हुये सात-सात साल की सख्त सजा के साथ ही सुनाया दस-दस हजार रुपये का जुमार्ना, जबकि मामले की जांच एस आई अखिलेश यादव ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी, तो वहीं अभियोजन की तरफ से अदालत में डीजीसी राजेश कुमार शुक्ल की दमदार पैरवी की बदौलत दोनों गुनाहगारों को सात-सात साल की सख्त सजा के साथ ही दस-दस हजार रुपये का जुमार्ना कराने में बड़ी कामयाबी हासिल की।

# 75 टीबी रोगियों को दी प्रोटीनयुक्त पोषण पोटली

संवाददाता

**कुशीनगर।**

सौ दिन टीबी खोज अभियान के तहत जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के प्रेरणा एवं निर्देशन में जनपद में चलाये जा रहे टीबी रोगियों के गोद लेने के कार्यक्रम के क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग तमकुही द्वारा शनिवार को ब्लाक सभागर में 75 टीबी रोगियों को प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली दी गई।



मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ रामजियावन वर्मा ने कहा कि टीबी रोगियों को गोद लेना पुनीत कार्य है। जो भी शिक्षक या शिक्षिका गोद लिए लिया है उन रोगियों से भावनात्मक लगाव रखते हुये उस मरीज से महीने में एक बार जरूर बात कर उसके स्वास्थ्य की जानकारी ले ले। विशिष्ट अतिथि जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एसएन त्रिपाठी ने कहा कि जनांदोलन के द्वारा ही हम जनपद को टीबी मुक्त बना सकते है। उन्होंने इस पुनीत कार्य हेतु बेसिक शिक्षा विभाग के प्रति आभार भी प्रकट किया तथा टीबी रोग के लक्षणों एवं उपचार के बारे में बताया। अधीक्षक डॉ अमित राय, एमोटीसी डॉ हिमांशु मिश्र, निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र, एसटीएलएस संजय द्विवेदी ने संबोधित किया।अध्यक्षता कर रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार ने कहा कि शिक्षक शिक्षा कार्य के साथ सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी भूमिका में रहते है। संचालन शिक्षक राजू सिंह ने किया। अतिथियों का स्वागत शिक्षक संघ के अध्यक्ष शम्भू यादव तथा आभार ज्ञापन मंत्री देवेंद्र कुमार ओझा ने किया। इस दौरान एसटीएस धनंजय कुमार पांडेय, बीसीपीएम वाहिद, परामर्शदाता रत्नेश मणि त्रिपाठी,शिक्षक अमरनाथ यादव, अजय सिंह, सुधा सिंह, नलनी गुप्ता, सुनीता यादव, विद्यावती यादव आदि सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षका उपस्थित रहे।

## पडरौना - रामकोला- टेकुआटार - विजयपुर मथौली होते गोरखपुर जाने वाले मार्ग पर बस संचालन बहाल

संवाददाता



**कुशीनगर।** वर्षों बाद पडरौना रामकोला टेकुआटार विजयपुर मथौली होकर गोरखपुर तक जाने वाली रोडवेज बसों का संचालन बहाल हो गया है। बस संचालन बहाल होने से लोगों में खुशी है। इसको लेकर ग्रामीणों का एक समूह सपा नेता रमन शाही के नेतृत्व में उच्च अधिकारियों को लिखित पत्रक सौंपा था। 2019 -20 के मार्च में कोरोना के चलते बसों का संचालन बंद कर दिया गया था। लॉकडाउन खुलने के बाद प्रमुख मार्गों पर बसों का संचालन शुरू हो गया था। इस मार्ग पर बसें चालू न होने से लोग परेशान हो रहे थे। लोग डग्गामार वाहनों से अधिक किराया देकर गंतव्य आते जाते थे। इससे लोगों को काफी दिक्कतें हो रहीं थी। लोगों ने परिवहन विभाग को पत्र भी भेजा था। समाचार पत्रों ने भी यात्रियों की समस्या को प्रमुखता से उठाया था। और ग्रामीणों का एक समूह सपा नेता रमन शाही के नेतृत्व में उच्च अधिकारियों को लिखित रूप में पत्र सौंपा था बस संचालन का जिसको संज्ञान में लेते हुए परिवहन निगम के अधिकारियों ने शीघ्र बस संचालन शुरू कराने का आश्वासन दिया था। परिवहन निगम ने एक बस प्रतिदिन सुबह पडरौना से रामकोला टेकुआटार विजयपुर मथौली होते हुए गोरखपुर जायेगा और पुनः शाम को गोरखपुर से मथौली विजयपुर टेकुआटार रामकोला होते हुए पडरौना पहुचेगा। अब इस बस संचालन को लेकर ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया है।

## संक्षिप्त डायरी

### आनंद मार्ग प्रचारक संघ जिला इकाई के पदाधिकारियों ने किया नामांकन



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ जिला इकाई की एक बैठक नेशनल हाईवे कसया स्थित प्रोग्रेसिव कंप्यूटर सेंटर के सभागार में संपन्न हुई। जिसमें नई जिला कमेटी के चुनाव को लेकर दावेदारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। रविवार को आनंद मार्ग प्रचारक संघ जिला इकाई की बैठक में पर्यवेक्षक गोरखपुर कालेज के प्रवक्ता अशोक सिंह, संयोजक गोरखपुर के डीएस आचार्य दिवाकरानंद अवधूत और एडवोकेट जयश्री सिंह की देखरेख में जिला इकाई के पदाधिकारियों के विभिन्न पदों को लेकर संस्था के दावेदारों ने अपना नामांकन किया। इस दौरान सुशांत कुमार, राव, शकुंतला त्रिपाठी, बलराम सिंह, कृष्ण बिहारी सिंह, प्रभु निषाद, रविन्द्र तिवारी, कृपा सिंधु सिंह, श्रीमती मीरा देवी, सुदामा, रामचंद्र आदि मौजूद रहे।

### पूर्व माध्यमिक विद्यालय भठही राजा पांच बच्चों के चयन होने पर विद्यालय में खुशी



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में हाटा ब्लाक के जूनियर विद्यालय भठही राजा के कक्षा पांच छात्र - छात्राओं ने घोषित परीक्षाफल में उत्तीर्ण होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बता दें उक्त स्कूल के बीस छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा का फार्म भरा था। जिसका परिक्षा परिणाम घोषित हुआ तो उसमें रितिका कुशवाहा, शिवांगी चौधरी, रागिनी मद्धेशिया, अंशु गुप्ता, शिवम मद्धेशिया ने परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इनके चयन होने पर स्कूल के प्रधानाध्यापक अमित सिंह व प्रवीण राव, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव, खण्ड शिक्षा अधिकारी अमितेश कुमार, प्रधान सुभाष कुंड़ू, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राम दिनेश सिंह, मंत्री रामप्रवेश यादव, जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष, देवानंद धर दुबे, बिपिन सिंह, धीरज मिश्रा, सुमित राय आदि ने बधाई दी ।

### संतनगर पश्चिमी में स्वच्छता व्यवस्था बदहाल



**सिधौली।** कस्बे के संतनगर पश्चिमी में जलभराव की समस्या से लोग परेशान हैं। यहां की सड़कें और जल निकासी की नालियां पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। इससे मोहल्ले में पानी भरा रहता है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है।
स्थानीय निवासी कविता भटनागर ने बताया कि वह पिछले 25 वर्षों से यहां रह रही हैं। इतने लंबे समय में भी जिम्मेदार अधिकारी समस्या का समाधान नहीं कर पाए हैं। मीरा यादव के अनुसार सड़कों और नालियों का स्तर इतना नीचा है कि गंदा और बदबूदार पानी घरों में घुस जाता है। मोहल्ले के अन्य निवासी अमित पांडेय, सनोज गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, देवीशरण और रामेश्वर यादव का कहना है कि नगर पंचायत और सिंचाई विभाग एक-दूसरे पर दोष मढ़ते हैं। सिंचाई विभाग का दावा है कि माइनर से कोई समस्या नहीं है, बल्कि नगर पंचायत का ड्रेनेज सिस्टम ही अप्रभावी है। नगर पंचायत की कार्यकारी अधिकारी रेणुका यादव ने समस्या को स्वीकार किया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त किया जाएगा और सड़कों व नालियों का कायाकल्प कराया जाएगा।

## कंवर इंटर प्राईजेज बेरी इन्दपुरी मोरम खण्ड 10/6 के दबंग बेखौफ संचालक राजेश यादव उड़ा रहे हैं खनन निदेशक माला श्रीवास्तव के आदेशों की खुलेआम धज्जियां




संवाददाता

**हमीरपुर।** सूबे के ईमानदार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और खनन निदेशक माला श्रीवास्तव की रोक के बावजूद हमीरपुर के बेरी इन्दुपुरी कंवर इंटर प्राईजेज मोरम खण्ड 10/6 के दबंग और बेखौफ संचालक राजेश यादव और इनके गुर्गे प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से नदी की जलधारा में मोरम का अवैध खनन करने के साथ ही खण्ड में आने वाले ट्रकों में ओवर लोडिंग और अवैध परिवहन कर शासन को लगा रहे हैं लाखों के राजस्व का चूना, जबकि बेखौफ और दबंग मोरम माफिया अपने खण्ड के अलावा बगल के बंद पडे.खण्ड 10/5 में भी अवैध खनन कर शासन प्रशासन को दे रहे हैं कार्यवाही की खुली चुनौती, वहीं प्रदेश की तेज तर्रार और बेदाग छवि की मालिक खनन निदेशक माला श्रीवास्तव के हमीरपुर दौरे के बावजूद नहीं लग पा रही है मोरम के अवैध खनन सहित ओवर लोडिंग और अवैध परिवहन पर लगाम।

# मायावती ने भतीजे आकाश को उत्तराधिकारी पद से हटाया

## एक साल में दूसरी बार सभी पद छीने; बोलीं- जीते-जी किसी को जिम्मेदारी नहीं दूंगी

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद से सभी जिम्मेदारियां छीन ली हैं। एक साल में दूसरी बार आकाश आनंद को उत्तराधिकारी और नेशनल कोऑर्डिनेटर पद से हटा दिया है। उन्होंने कहा- जीते-जी किसी को भी अपना उत्तराधिकारी घोषित नहीं करूंगी। मायावती ने यह ऐलान रविवार को लखनऊ में बसपा कार्यकताओं के साथ बैठक में किया। मायावती ने दो नए नेशनल को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किए हैं। आकाश के पिता आनंद कुमार और राज्यसभा सांसद रामजी गौतम को जिम्मेदारी सौंपी है। बैठक में बसपा के कई राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष भी शामिल हुए। आकाश आनंद मीटिंग में नहीं पहुंचे थे। पहले मंच पर दो कुर्सियां लगाई गई थीं, लेकिन बाद में एक कुर्सी हटा ली गई। मंच पर अकेले मायावती ही बैठी रहीं।बसपा ने 10 दिसंबर, 2023 को यूपी-उत्तराखंड के नेताओं की बैठक बुलाई थी। इसमें मायावती ने अपने सबसे छोटे भाई आनंद कुमार के बेटे आकाश आनंद को उत्तराधिकारी घोषित किया था। पार्टी की विरासत और राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने अपने भतीजे पर विश्वास जताया था। हालांकि 7 मई, 2024 को आकाश की गलतबयानी की वजह से मायावती ने उनसे सभी जिम्मेदारियां छीन ली थीं। आकाश को अपने उत्तराधिकारी पद के साथ ही नेशनल कोऑर्डिनेटर पद से भी हटा दिया था। मायावती ने कहा था कि आकाश अभी अपरिपक्व (इमेच्योर) हैं। हालांकि 47 दिन बाद मायावती ने अपना फैसला पलट दिया था। 23 जून 2024 को उन्होंने भतीजे आकाश को फिर से अपना उत्तराधिकारी बनाया और नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी भी सौंप दी थी। अब फिर मायावती ने आकाश आनंद से सारी जिम्मेदारियां छीन ली हैं।मेरे लिए पार्टी सबसे पहले, परिवार बाद में मैं यह बताना चाहती हूं कि बदले हुए हालात को देखते हुए अब हमने अपने बच्चों के रिश्ते गैर-राजनीतिक परिवारों में ही करने का फैसला किया। इसका मकसद यह



है कि भविष्य में हमारी पार्टी को किसी भी तरह का नुकसान न हो, जैसा कि अशोक सिद्धार्थ के मामले में हुआ। इतना ही नहीं, बल्कि मैंने खुद भी यह निर्णय लिया है कि मेरे जीते जी और आखिरी सांस तक पार्टी में मेरा कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। मेरे लिए पार्टी और आंदोलन सबसे पहले हैं, जबकि परिवार और रिश्ते बाद में आते हैं। जब तक मैं जीवित रहूंगी, तब तक पूरी ईमानदारी से पार्टी को आगे बढ़ाती रहूंगी। आकाश को हटाने के पीछे उनके ससुर जिम्मेदार कांशीराम के पदचिह्नों पर चलते हुए अशोक सिद्धार्थ, जो आकाश आनंद के ससुर भी हैं। उन्हें पार्टी और मूवमेंट के हित में बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में पार्टी को गुटों में बांटकर कमजोर करने का काम किया था। जहां तक आकाश आनंद का सवाल है, तो यह सभी को पता है कि उनकी शादी अशोक सिद्धार्थ की बेटी से हुई है। अब जब अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निकाल दिया गया है, तो यह देखना जरूरी होगा कि उनकी बेटी पर उनके विचारों का कितना असर पड़ता है। वह आकाश आनंद को कितना प्रभावित कर सकती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए पार्टी के हित में आकाश आनंद को सभी जिम्मेदारियों से अलग कर दिया गया है। इसके लिए पार्टी नहीं, बल्कि पूरी तरह उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ ही जिम्मेदार हैं, जिन्होंने आकाश आनंद के राजनीतिक करियर को भी नुकसान पहुंचाया है। अब उनकी जगह, पहले की तरह ही आनंद कुमार पार्टी के सभी कार्यों को संभालते रहेंगे।सपा और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू मिल्कीपुर में बसपा ने उपचुनाव नहीं लड़ा था। इसके बाद भी समाजवादी पार्टी की करारी हार हुई। अब सपा किसे जिम्मेदार ठहराएगी? क्योंकि पहले सपा ने अपनी हार के लिए बीएसपी को दोषी ठहराने का झूठा प्रचार किया था। सपा और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। सिर्फ अंबेडकरवादी नीति और सिद्धांतों पर चलने वाली बीएसपी ही भाजपा और अन्य जातिवादी पार्टियों को हरा सकती है। यह बात पूरे देश के सभी समाज के लोगों को समझनी चाहिए।बसपा सुप्रीमो ने 15 दिन पहले भतीजे आकाश आनंद को अल्टीमेटम दिया था। कहा था- बसपा का वास्तविक उत्तराधिकारी वही होगा, जो कांशीराम की तरह हर दुख-तकलीफ उठाकर पार्टी के लिए आखिरी सांस तक जी-जान लगाकर लड़े और पार्टी मूवमेंट को आगे बढ़ाता रहे।18 दिन पहले मायावती ने भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निकाल दिया था। उनके करीबी नितिन सिंह को भी पार्टी से बाहर कर दिया। यह एक्शन संगठन में गुटबाजी और अनुशासनहीनता पर लिया था।कहा था- दक्षिणी राज्यों के प्रभारी रहे डॉ अशोक सिद्धार्थ और नितिन सिंह चेतावनी के बाद भी पार्टी में गुटबाजी कर रहे थे। इन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के चलते तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

आकाश ने 2017 में राजनीति में की थी एंट्रीआकाश आनंद पहली बार 2017 में सहारनपुर की एक जनसभा में मायावती के साथ दिखे थे।

# भारत को 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है तो कड़ी मेहनत जरुरी

## नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ ने वर्क-लाइफ बैलेंस पर रखी अपनी बात

**नई दिल्ली।** भारत के जी20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कहा है कि भारत को 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी, न कि वर्क-लाइफ बैलेंस की। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि कम काम करने की बातें करना फैशन बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों को हफ्ते में 80 या 90 घंटे काम करना चाहिए। अमिताभ कांत के मुताबिक वर्क-लाइफ बैलेंस पर बहस युवाओं के लिए गलत उदाहरण पेश करती है। उन्होंने कहा कि लोग समय सीमा से पहले प्रोजेक्ट पूरे करें, वे क्वालिटी से समझौता न करें और लागत को कंट्रोल में रखें। उन्होंने कोरिया और जापान का उदाहरण देते हुए कहा कि इन देशों ने कड़ी मेहनत से आर्थिक सफलता हासिल की है। उन्होंने भारत में भी ऐसी ही मानसिकता अपनाने की अपील की है। कांत नीति आयोग के सीईओ रह चुके हैं। वह वर्क-लाइफ बैलेंस पर चल रही बहस पर अपनी राय रख रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर भारत को 4 ट्रिलियन डॉलर से 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है तो कड़ी मेहनत करनी होगी जो जरूरी है। कांत ने कहा कि मैं कड़ी मेहनत में विश्वास रखता हूं। भारतीयों को कड़ी मेहनत करनी चाहिए, चाहे वह 80 घंटे हो या 90 घंटे प्रति सप्ताह। आपकी महत्वाकांक्षा 4 ट्रिलियन डॉलर से 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की है तो आप इसे मनोरंजन या कुछ फिल्मी सितारों के विचारों का पालन करके नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि समय सीमा से पहले परियोजनाओं को पूरा करना, गुणवत्ता से समझौता न करना और लागत सीमा से ज्यादा न होना अहम है। कांत ने कहा कि लंबे समय तक काम करने के बावजूद वर्क-लाइफ बैलेंस बनाना संभव है। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि मैं हर दिन काम करता हूं, व्यायाम करता हूं, गोल्फ खेलता हूं और फिर भी कड़ी मेहनत करता हूं।

# आयात शुल्क बढ़ने के बावजूद बीते सप्ताह अधिकांश तेल- तिलहन के दाम टूटे

## उपलब्धता में कमी और सस्ता होने से मांग बढ़ने के कारण बिनौला तेल सुधार के साथ बंद हुआ

**नई दिल्ली ।**

बीते सप्ताह केंद्र सरकार के द्वारा आयातित खाद्य तेलों के आयात शुल्क में बढ़ोतरी किए जाने के बावजूद पिछले सप्ताहांत में शिकॉगो एक्सचेंज में भारी गिरावट रहने के कारण कारोबारी दवाब बढ़ने से ज्यादातर तेल-तिलहनों की कीमत गिरावट के साथ बंद हुई। उपलब्धता में कमी और सस्ता होने की वजह से मांग बढ़ने के कारण केवल बिनौला तेल सुधार के साथ बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह विदेशों में पाम, सूरजमुखी और सोयाबीन तेल के दाम टूटे हैं और हमारे देश में इस गिरावट का असर व्यापक तेल-तिलहनों पर भी देखा गया जिससे उनके दाम में गिरावट आई। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 6,250-6,350 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों दादरी तेल का थोक भाव 200 रुपये की गिरावट के साथ 13,600 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 15-15 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,350-2,450 रुपये और 2,350-2,475 रुपये टिन (15 किलो), सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 80-130 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,200-4,250 रुपये और 3,900-3,950 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह, सोयाबीन दिल्ली एवं सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 200 रुपये, 200 रुपये और 150 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 14,150 रुपये, 13,750 रुपये और 10,100 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तिलहन का भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 5,600-5,925 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं, मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव क्रमशः 100 रुपये और 10 रुपये की गिरावट के साथ 14,300 रुपये और 2,200-2,500 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 250 रुपये की गिरावट के साथ 3,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 250 रुपये की गिरावट के साथ 14,700 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 200 रुपये की गिरावट के साथ 13,650 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# विदेशी निवेशकों ने पिछले माह भारतीय शेयर बाजार से 34,574 करोड़ निकाले

## - एफपीआई की निकासी 1.12 लाख करोड़ रुपये पार

**नई दिल्ली ।**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में भारतीय शेयर बाजारों से 34,574 करोड़ रुपये की निकासी की है। इस तरह 2025 के पहले दो माह में एफपीआई की कुल निकासी 1.12 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। वैश्विक व्यापार तथा कंपनियों की आय को लेकर चिंता के बीच एफपीआई लगातार बिकवाल बने हुए हैं। बाजार के जानकारों ने कहा कि भारतीय शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन और कॉरपोरेट आय में वृद्धि को लेकर चिंताओं के कारण एफपीआई लगातार निकासी कर रहे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने फरवरी में भारतीय शेयरों से 34,574 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने 78,027 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। इस तरह 2025 के पहले दो माह में एफपीआई 1,12,601 करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि बाजार की हालिया बिकवाली की मुख्य वजह अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी, अमेरिकी डॉलर में मजबूती और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताएं हैं। इससे निवेशकों का ध्यान अमेरिकी परिसंपत्तियों की ओर बढ़ रहा है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनियों के नतीजे कमजोर रहे हैं जो अनिश्चितता के माहौल को दर्शाता है। जिंस कीमतों में गिरावट और उपभोक्ता खर्च में कमी से यह समस्या और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि भारत में ऊंचे मूल्यांकन की वजह से एफपीआई बिकवाली कर रहे हैं। वे अपना पैसा चीन के शेयरों में लगा रहे हैं, जहां मूल्यांकन कम है। लेकिन इस प्रक्रिया में, वे आकर्षक मूल्यांकन वाले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों में बिक्री कर रहे हैं। एफपीआई की बिकवाली में एक महत्वपूर्ण विरोधाभास यह है कि वे वित्तीय सेवाओं में भारी मात्रा में बिकवाली कर रहे हैं, जबकि यह क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और इसका मूल्यांकन आकर्षक है। इसके अलावा वे ऋण या बॉन्ड बाजार से भी पैसा निकाल रहे हैं।

# जीएसटी कलेक्शन फरवरी में बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रहा

**नई दिल्ली ।**

भारत का गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) कलेक्शन फरवरी में सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये हो गया है। हाल ही में जारी हुए सरकारी डेटा से यह जानकारी मिली। यह लगातार 12वां महीना है, जब जीएसटी कलेक्शन 1.7 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। कलेक्शन में वृद्धि की वजह घरेलू स्तर पर जीएसटी राजस्व 10.2 प्रतिशत बढ़ना है, जो कि फरवरी में 1.42 लाख करोड़ रुपये रहा है। हालांकि, आयात पर लगने वाले से आय 5.4 प्रतिशत बढ़कर 41,702 करोड़ रुपये रही है। फरवरी में सेंट्रल जीएसटी कलेक्शन 35,204 करोड़ रुपये, स्टेट जीएसटी कलेक्शन 43,704 करोड़ रुपये और इंटीग्रेटेड जीएसटी कलेक्शन 90,870 करोड़ रुपये रहा है। वहीं बीते महीने 13,868 करोड़ रुपये का सेस एकत्रित किया गया है। रिफंड को निकाल दिया जाए तो फरवरी 2025 में शुद्ध जीएसटी कलेक्शन 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.63 लाख करोड़ रुपये रहा है। बीते महीने 20,889 करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया है, जो कि पिछले साल की समान अवधि से 17.3 प्रतिशत अधिक था। कलेक्शन में कमी की वजह फरवरी में 28 दिनों का होना था। भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी देखने को मिल रही है। देश की रियल जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई है, जो कि इससे पहले की तिमाही में 5.6 प्रतिशत (संशोधित अनुमान) थी। सरकार द्वारा जारी किए गए अनुमानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की रियल जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इस दौरान चालू वित्त वर्ष के लिए नॉमिनल जीडीपी वृद्धि दर 9.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।




# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों का मार्केट कैप 3.09 लाख करोड़ घटा

## - सबसे अधिक नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज रही

**मुंबई**

पिछले सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 3,09,244.57 करोड़ रुपये की गिरावट देखी गई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही। समीक्षाधीन सप्ताह में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बाजार मूल्यांकन 1,09,211.97 करोड़ रुपये घटकर 12,60,505.51 करोड़ रुपये रह गया। इससे शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में टीसीएस दूसरे से तीसरे स्थान पर आ गई है। एचडीएफसी बैंक सूची में दूसरे स्थान पर है। सप्ताह के दौरान इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 52,697.93 करोड़ रुपये घटकर 7,01,002.22 करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 39,230.1 करोड़ रुपये घटकर 8,94,993.67 करोड़ रुपये पर आ गई, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 38,025.97 करोड़ रुपये घटकर 16,23,343.45 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 29,718.99 करोड़ रुपये घटकर 6,14,236.97 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 20,775.78 करोड़ रुपये घटकर 8,49,803.90 करोड़ रुपये रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 11,700.97 करोड़ रुपये घटकर 5,14,983.41 करोड़ रुपये रह गई। आईटीसी का मूल्यांकन 7,882.86 करोड़ रुपये घटकर 4,93,867.57 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के विपरीत एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 30,258.49 करोड़ रुपये बढ़कर 13,24,411.31 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों के बिगड़ते जा रहे हालात

## - सोशल मीडिया पर छाया मीम्स का तूफान

**नई दिल्ली ।** शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार औंधे मुंह गिरा जब निफ्टी करीब 9 महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ, साथ ही बीएसई के सभी सेक्टर इंडेक्स में बिकवाली देखने को मिली। भारत के शेयर बाजार में दरार की मार ने निवेशकों को तगड़े झटके दिए हैं। सिर्फ फरवरी में ही सेंसेक्स में 4000 अंक की गिरावट आने से निवेशकों के 40 लाख करोड़ रुपये उड़ गए हैं। इस दुखद स्थिति में सोशल मीडिया पर मीम्स का तुफान छाया हुआ है। निवेशकों के दु:ख को दिखाने के लिए बनाए गए मीम्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एक सोशल मीडिया यूजर्स ने जोक के अंदाज में लिखा है– फिलहाल शेयर बाजार की स्थिति, 25 दिन में पैसा आधा। ये मीम्स लोगों के मनोरंजन के साथ–साथ शेयर बाजार की सच्चाई को भी उजागर कर रहे हैं। सिख लो, हंसो और जिए – इसी दु:खद समय में मीमर्स ने दिखाया है कि उनका कौन सा असली हौंसला है।




# राज्यों के निवेश अनुकूलता सूचकांक के दूसरे चरण पर काम जारी: नीति आयोग

**नई दिल्ली ।** नीति आयोग के सदस्य डॉ. अरविंद विरमानी ने कहा है कि राज्यों के निवेश अनुकूलता सूचकांक के दूसरे चरण पर काम जारी है और इसके एक-दो महीने में जारी होने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में प्रतिस्पर्धी सहकारी संघवाद की भावना को आगे बढ़ाने के लिए 2025 में राज्यों का निवेश अनुकूलता सूचकांक लाने की घोषणा की गई है। यह सूचकांक राज्यों को नियमों की समीक्षा के लिए प्रेरित करेगा, ताकि यह पता लगाया जा सके कि निवेश को क्या बाधित कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। वित्त मंत्रालय, नीति आयोग और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के परामर्श से राज्यों के निवेश अनुकूलता सूचकांक से संबंधित मानदंडों पर काम कर रहा है। विरमानी ने कहा, सूचकांक तैयार करने का पहला चरण पूरा हो गया है। दूसरे चरण पर काम जारी है। इसमें उद्योग से सुझाव लिये जा रहे हैं।

# एसबीआई रिपोर्ट:भारत की जीडीपी विकास दर 25 वित्त वर्ष में 6.5 फीसदी होगी

**नई दिल्ली ।** एसबीआई रिसर्च ने एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें वित्त वर्ष 25 के भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, जीडीपी विकास दर की 6.5 फीसदी से उम्मीद की जा रही है, जो कि एक स्थिर और सुखद वृद्धि को दर्शाता है। इसके साथ ही रिपोर्ट में उल्लेख था कि चौथी तिमाही में विकास दर 7.6 फीसदी तक पहुंच सकती है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के मंदिर स्थिति को दर्शाता है। इसमें मई 2025 के जीडीपी आंकड़ों में संशोधन की संभावना भी शामिल है। इस समय की अर्थव्यवस्था की स्थिति को देखते हुए, रिपोर्ट ने वित्त वर्ष 2023-24 की रियल जीडीपी वृद्धि दर को 9.2 फीसदी बताया, जो लंबे समय के बाद सबसे अधिक है। इसमें कोरोना महामारी के पश्चात उठाई गई अर्थव्यवस्था की रिकवरी का भी महत्वपूर्ण योगदान है। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 6.2 फीसदी की जीडीपी वृद्धि दर्ज की है, जो पिछली तिमाही की तुलना में अधिक है। चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में मुख्य उद्यमिक गतिविधियों में भी वृद्धि देखी गई है, जो ग्रॉस वैल्यू एडेड में उछाल के रूप में प्रकट हुआ है। इस इसकी संक्षेप में, वित्त वर्ष 24 की रियल जीडीपी वृद्धि दर में संशोधन किया गया है, जो एक सकारात्मक संकेत हो सकता है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और स्थिरता की ओर एक चिंताजनक कदम है।

# जहां से टेस्ला बिकेगी उस जगह का किराया होगा 35 लाख रुपए महीना

**नई दिल्ली।** एलन मस्क की कंपनी टेस्ला अपने कारें भारत में भी विक्रय करेगी। इसके लिए शो रुम कहां और कैसे होंगे इसका काम भी लगभग पूरा हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, टेस्ला ने भारत में अपने शोरूम के लिए लोकेशन और एरिया फाइनल कर लिया है। अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में स्थित मेकर मैक्सिटी में अपने शोरूम के लिए जगह फाइनल कर ली है। इसके अलावा, दिल्ली के एयरोसिटी में भी एक नया शो रूम खोलने की कंपनी की योजना है। मेकर मैक्सिटी में कार शोरूम की जगह लगभग 3,000 वर्ग फुट में फैली हुई है और यह मेकर मैक्सिटी के कमर्शियल टॉवर के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित है। इस जगह का मंथली किराया लगभग 35 लाख रुपये है और इसमें कुछ कार पार्किंग भी शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि टेस्ला ने दिल्ली में लगभग 4000 वर्ग फुट का शोरूम स्पेस फाइनल किया है और इसका मंथली रेंट लगभग 25 लाख रुपये है। सूत्रों के मुताबिक, टेस्ला ने नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास ब्रुकफील्ड प्रॉपर्टी में स्थित एयरोसिटी एरिया में शोरूम स्पेस का लीज फाइनल किया है। टेस्ला की ओर से शोरूम खोलने के लिए यह समझौता उस मीटिंग के कुछ हफ्तों बाद किया गया है, जब टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में मुलाकात की थी।




# अमेरिकी डॉलर में मजबूती और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं से बाजार में बढ़ी बिकवाली

## विदेशी निवेशकों ने फरवरी में भारतीय बाजारों से निकाले 34,574 करोड़

### -इस साल अब तक 1.12 लाख करोड़ के शेयर्स बेचे, हाई वैल्यूएशन की वजह से लगातार पैसा निकाल रहे

**मुंबई।**

भारतीय शेयर बाजार खतरे के निशान के दौर से गुजर रहा है। इसकी एक वजह है विदेशी निवेशकों (फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स) का मोहभंग। ने फरवरी में भारतीय शेयर बाजारों से 34,574 करोड़ रुपए निकाले हैं। वहीं 2025 के पहले दो महीनों जनवरी और फरवरी में फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्सने टोटल 1.12 लाख करोड़ रुपए की बिकवाली की है। जनवरी में फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्सने 78,027 करोड़ रुपए के शेयर्स बेचे थे।

विशेषज्ञों के मुताबिक, भारतीय शेयरों की हाई वैल्यूएशन और कॉरपोरेट इनकम में ग्रोथ को लेकर चिंताओं के कारण फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्सलगातार पैसे निकाल रहे हैं। दिसंबर 2024 में फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्सने भारतीय शेयर बाजारों में 15,446 करोड़ रुपए निवेश किए थे।

**11,639.02 करोड़ के शेयर्स बेचे**

वहीं पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को भी फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्सनेट सेलर्स बने रहे। वहीं डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स बायर्स बने रहे। प्रोविजनल डेटा के अनुसार, 28 फरवरी को फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स ने 11,639.02 करोड़ रुपए के शेयर्स बेचे, जबकि डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स ने 12,308.63 करोड़ रुपए के शेयर्स खरीदे हैं। ट्रेडिंग सेशन के दौरान, डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स ने 28,065.55 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे और 15,756.92 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। वहीं फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्सने 39,239.44 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे और 50,878.46 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे।

**निवेशकों का ध्यान अमेरिकी एसेट्स की ओर**

बाजार की हालिया बिकवाली की मुख्य वजह अमेरिका में बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी, अमेरिकी डॉलर में मजबूती और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताएं हैं। इससे निवेशकों का ध्यान अमेरिकी एसेट्स की ओर बढ़ रहा है। वित्त-वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनियों के नतीजे कमजोर रहे हैं, जो अनिश्चितता के माहौल को दर्शाता है। मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, भारत में हाई वैल्यूएशन की वजह से फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्सबिकवाली कर रहे हैं। वे अपना पैसा चीन के शेयरों में लगा रहे हैं, जहां वैल्यूएशन कम है। इतना ही नहीं फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्सफाइनेंशियल सर्विसेज में बड़े पैमाने पर बिकवाली कर रहे हैं, जबकि यह सेक्टर अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और इसकी वैल्यूएशन आकर्षक है।

**डेट और बॉन्ड बाजार से भी पैसा निकाल रहे विदेशी**

इसके अलावा फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्सडेट या बॉन्ड बाजार से भी पैसा निकाल रहे हैं। फरवरी महीने में फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्सने बॉन्ड बाजार से जनरल लिमिट के तहत 8,932 करोड़ रुपए और वॉलंटरी रिटेंशन रूट से 2,666 करोड़ रुपए निकाले। फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्सका 2024 में भारतीय बाजार में निवेश 427 करोड़ रुपए रहा था। इससे पहले 2023 में फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्सने 1.71 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया था।

# भारत में निजी उपभोग हुआ लगभग दोगुना

**नई दिल्ली ।** भारत में निजी उपभोग 2013 के 1000 अरब डॉलर से करीब दोगुना होकर वर्ष 2024 में 2100 अरब डॉलर हो गया। यानी प्राइवेट कंजम्पशन सालाना 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, जो अमरीका, चीन और जर्मनी से भी अधिक है। देश में निजी उपभोग में बंपर बढ़ोतरी हुई है। डेलॉयट इंडिया और रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत 2026 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बनने की राह पर अग्रसर है और जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है। यह देश के मध्यम वर्ग की महत्वपूर्ण वृद्धि और खर्च में होने वाले मौलिक बदलाव को दर्शाता है। आय बढ़ने से ग्रामीण और शहर इलाकों में परिवारों का अपैरल, फुटवियर, ट्रैवल और वेलनेस पर खर्च बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का रिटेल मार्केट वर्ष 2034 तक 190 लाख करोड़ रुपए का होने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2030 तक 10,000 अमरीकी डॉलर से अधिक कमाने वाले भारतीयों की संख्या करीब तीन गुना बढ़ने की उम्मीद है। इससे अधिक आय वाले लोगों की संख्या वर्ष 2024 में 6 करोड़ है, जो 2030 तक बढ़कर 16.5 करोड़ होने की उम्मीद है।

# अमेरिकी टैरिफ, वैश्विक रुख से तय होगी घरेलू शेयर बाजार की दिशा: विश्लेषक

**मुंबई ।** इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा अमेरिकी टैरिफ, वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। ऐसा बाजार के विश्लेषकों ने अनुमान लगाया है। विश्लेषकों ने कहा कि आने वाले दिनों में व्यापार शुल्क की चिंताओं तथा विदेशी कोषों की निकासी से निवेशकों की धारणा कमजोर हो सकती है। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों की नजर शुल्क नीति और बेरोजगारी दावों सहित महत्वपूर्ण घटनाक्रमों पर रहेगी। आने वाले समय में बाजार की स्थिति कमजोर रह सकती है। हालांकि, अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनियों के नतीजों में सुधार तथा वैश्विक व्यापार मोर्चे पर अनिश्चितता कम होने के बाद स्थिति में धीरे-धीरे सुधार की उम्मीद है। वृहद आर्थिक मोर्चे पर सप्ताह के दौरान एचएसबीसी विनिर्माता और सेवा पीएमआई आंकड़े आएंगे, जिनपर निवेशकों की निगाह रहेगी। एक फायनेंसियल कंपनी प्रमुख का मानना है कि कमजोर वैश्विक रुख और घरेलू मोर्चे पर संकेतकों की कमी की वजह से बाजार कमजोरी के रुख के साथ कारोबार करेगा। दिसंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। यह क्रमिक आधार पर सात तिमाहियों के निचले स्तर से उबर रही है। हालांकि, दिसंबर तिमाही की वृद्धि दर इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की तुलना में कम रही है। आर्थिक वृद्धि दर का यह आंकड़ा ऐसे समय आया है जबकि अमेरिका का शुल्क युद्ध चुनौती बना हुआ है। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रही है। यह जुलाई-सितंबर तिमाही के 5.6 प्रतिशत के संशोधित आंकड़े से अधिक है। हालांकि, यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 6.8 प्रतिशत के अनुमान से कम है। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि अनिश्चितता अक्सर वास्तविक घटनाक्रम से अधिक महत्वपूर्ण होती है, और बाजार वर्तमान में संभावित व्यापार युद्ध की चिंता से जूझ रहा है। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली का दबाव लगातार बढ़ रहा है। फरवरी में कुल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 9.1 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.84 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो घरेलू खपत से बढ़ा है और संभावित आर्थिक पुनरुद्धार का संकेत है। शनिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सकल आधार पर, केंद्रीय जीएसटी से संग्रह 35,204 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी से 43,704 करोड़ रुपये, एकीकृत जीएसटी से 90,870 करोड़ रुपये और मुआवजा उपकर से 13,868 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।

# भारत में कोयला उत्पादन में 5.73 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली ।** भारत में कोयला उत्पादन अप्रैल से फरवरी अवधि में 5.73 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। इसके अनुसार, प्रतिवर्ष कोयला सेक्टर में मजबूत वृद्धि को दर्ज किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि सालाना आधार पर कोयले का समुदायिक उत्पादन 929.41 मिलियन टन पर पहुंच गया है, जो पिछले साल के 880.92 मिलियन टन की तुलना में है। मंत्रालय के अनुसार यह सुनिश्चित करता है कि देश बढ़ती मांग को संतुलित रूप से पूरा करता है। सरकार इस सकारात्मक गति को बनाए रखने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास और परिचालन दक्षता को बढ़ा रही है। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बताया कि सरकार कोयला परियोजनाओं की मंजूरी में सुधार के लिए कदम उठा रही है। इसके अतिरिक्त कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने एक गृहणियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। यह पहल गृहणियों को प्राथमिक देखभाल के बारे में जागरूक करने का उद्देश्य रखती है। इस बाबत, एनसीएल की योजना है कि जून तक 8,000 गृहणियों को प्राथमिक देखभाल करेगा।

# पटना में 4 मंजिला अपार्टमेंट में लगी आग

## फायर फाइटर्स ने ढाई घंटे में पाया काबू, सीढ़ी लगाकर फ्लैट में फंसे लोगों को बाहर निकाला





**पटना।** में शनिवार की शाम 4 मंजिला अपार्टमेंट के एक फ्लोर पर आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि दूसरी मंजिल तक पहुंच गई। घटना अगमकुआं थाना क्षेत्र के भूतनाथ रोड के नीलकंठ पथ की है। अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों ने जैसे-तैसे बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल की छह गाड़ियां मौके पर पहुंची और 8.30 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। आग बुझाने में करीब दो से ढाई घंटे तक का समय लगा। घटना की जानकारी मिलते ही अगमकुआं थाना सहित आसपास के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची थी। अगमकुआं थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि 'आग लगने के कारण और नुकसान का आकलन आग बुझने के बाद किया जाएगा।' शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंकापहले फ्लोर पर रहने वाली कल्पना कुमारी ने बताया कि 'उनके पति प्रेमचंद कुंवर पटना के एक्सेस जीएसटी में सुपरिटेंडेंट के पद पर कार्यरत हैं। वह अपने एक बेटे के साथ कमरे में थी। तभी नीचे के तल्ले पर बिजली बोर्ड के पास अचानक आग लगी। चार फ्लोर में धुआं भर गया।' अपार्टमेंट चार तल्ले का है। आग लगने के दौरान लगभग 7 से 8 लोग बिल्डिंग में फंस गए थे। लोगों ने सीढ़ी लगाकर फ्लैट में फंसे लोगों को निकालना शुरू किया था। इसके बाद अग्निशमन के पदाधिकारी ने रेस्क्यू कर फ्लैट में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

## 14 लाख की विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**जमुई।** में उत्पाद विभाग की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल से लाई जा रही 14 लाख रुपए की विदेशी शराब जब्त की है। डुमरी चेक पोस्ट पर रविवार सुबह की गई इस कार्रवाई में दो शराब तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। उत्पाद अधीक्षक सुभाष पांडे ने बताया कि शराब की यह खेप पश्चिम बंगाल से गिरिडीह जिले के चतरो होते हुए जमुई लाई जा रही थी। होली के मद्देनजर शराब तस्करों की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए विभाग ने चार टीमें गठित की थीं। स्कैनर से जांच करने पर मिली शराब डुमरी चेक पोस्ट पर जब पेट्रोल टैंकर को स्कैनर से जांचा गया, तो उसमें शराब की मौजूदगी की पुष्टि हुई। टैंकर की तलाशी में 14 लाख रुपए मूल्य की विदेशी शराब बरामद की गई। उत्पाद अधीक्षक के अनुसार, यह शराब जमुई के एक तस्कर को डिलीवर की जानी थी। पकड़े गए दोनों तस्करों से पूछताछ जारी है। विभाग जल्द ही इस रैकेट के मुख्य सरगना को गिरफ्तार करने का दावा कर रहा है। होली के त्योहार को देखते हुए उत्पाद पुलिस और स्थानीय थाना पुलिस संयुक्त रूप से कार्रवाई कर रही है।

## महिला मुखिया को जान से मारने की धमकी



**गया।** जिले के फतेहपुर प्रखंड की मतासो पंचायत की मुखिया बेबी देवी और उनके पति को जान से मारने की धमकी दी गई है। आरोप है कि पंचायत के ही कुछ दबंगों ने फोन पर उन्हें धमकाया और जब फोन नहीं उठाया तो व्हाट्सएप पर वॉयस मैसेज भेजकर भद्दी-भद्दी गालियां दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मुखिया और उसका परिवार दहशत में है। पुलिस से न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़िता का यह भी आरोप है कि दबंग सरकारी कार्य कराने के एवज में रंगदारी की मांग करते हैं। दबंगों की धमकी, बात नहीं मानी तो जान से मार देंगे मुखिया बेबी देवी ने थाने में दर्ज शिकायत में बताया कि पंचायत के बड़गांव निवासी सुरेंद्र सिंह उर्फ सुली सिंह, मनीष कुमार और रामपुर निवासी बबलू कुमार लंबे समय से विकास योजनाओं में रंगदारी की मांग कर रहे थे। वो मनमाने ढंग से आवास योजना में नाम जोड़ने के लिए उन पर और आवास सहायक पर रंगदारी के लिए दबाव बना रहे थे। उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उन्हें और उनके पति को लगातार धमकियां देना शुरू कर दिया।बेबी देवी के अनुसार, शनिवार को उनके पति जब एकामा गांव पहुंचे, तो मनीष कुमार ने फोन किया। जब उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया, तो व्हाट्सएप पर गाली-गलौज से भरे ऑडियो भेजे गए। इस घटना के बाद मुखिया ने सारे रिकॉर्डिंग पुलिस को पेन ड्राइव में सौंप दी है। बेबी देवी का आरोप यह भी है कि दबंग लोग जब उन्हें देखते हैं तो जाति सूचक के साथ-साथ अश्लील टिप्पणी करते हैं। यही नहीं सभी आरोपी का यह भी कहना है कि वो अपनी पिस्टल में 9 गोली लोड रखते हैं। तुम्हारे पति के शरीर मे उतार देंगे।

पुलिस ने दर्ज किया केस, जांच जारी फतेहपुर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि मुखिया की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अगर आरोप सही पाए गए, तो सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

## नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा NDA

### जहानाबाद में भाजपा सांसद भीम सिंह ने लोगों से हुंकार सम्मेलन जुड़ने की अपील की



**जहानाबाद।** भाजपा के राज्यसभा सांसद भीम सिंह ने जहानाबाद में एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगले मुख्यमंत्री भी नीतीश कुमार ही होंगे। भीम सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार का लगातार विकास हो रहा है। नीतीश कुमार ने राज्य में सुशासन कायम किया है। जब उनसे तेजस्वी यादव की लोकप्रियता को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि सर्वे का कोई मतलब नहीं है। बिहार की जनता नीतीश और मोदी की दीवानी है। सांसद जहानाबाद में 9 तारीख को पटना के मिलन हाई स्कूल में होने वाले अत्यंत पिछड़ा हुंकार सम्मेलन के लिए लोगों को आमंत्रित करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि इस रैली का उद्देश्य अत्यंत पिछड़ा वर्ग को उनकी आबादी के अनुसार सत्ता में भागीदारी दिलाना है। उन्होंने बताया कि सत्ता में उचित भागीदारी न होने के कारण यह वर्ग सभी क्षेत्रों में पिछड़ा हुआ है।

भीम सिंह ने कहा कि वे पूरे बिहार में घूम-घूमकर लोगों को रैली में आने का निमंत्रण दे रहे हैं। इस रैली के माध्यम से वे अपनी ताकत दिखाना चाहते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगा।

## 4 महीने से लापता नाबालिग सूरत से बरामद



**शेखपुरा।** के हथियावां थाना क्षेत्र से चार माह पहले अपहृत हुई नाबालिग 10वीं की छात्रा को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी रोशन कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है। सहायक पुलिस सब इंस्पेक्टर सुरेश प्रसाद के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में पुलिस को बड़ी सफलता मिली। थाना प्रभारी सुरेश प्रसाद ने बताया कि आरोपी रोशन कुमार खलासपुर गांव निवासी सुनील यादव का पुत्र है। घटना 9 नवंबर 2024 की है। पीड़िता के पिता ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था। छात्रा जब मंदिर में पूजा करने गई थी, तभी आरोपी ने उसका अपहरण कर लिया। इसके बाद वह उसे गुजरात के सूरत शहर ले गया। लंबे समय तक छात्रा की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर कोर्ट ने कुर्की का आदेश जारी किया।

## नाबालिक से देह व्यापार करवाने के मामले में 2 गिरफ्तार



**मुजफ्फरपुर।** के नगर थाना क्षेत्र की एक किशोरी को जबरन गलत काम में धकेलने के केस में पुलिस ने चंदा खातून व मुन्नी खातून को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों महिलाओं पर आरोप है कि नाबालिग को नशा देकर शोषण करवाती थी। पीड़िता ने वर्ष 2014 में नगर थाने में एफआईआर फर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि वह नगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में बहन के साथ रहकर घरेलू काम करती थी। उसकी मुलाकात चंदा खातून व मुन्नी खातून से हुई। पीड़िता ने बताया था कि आरोपी महिला ने उसे बहला-फुसलाकर अपने पास बुलाया। फिर नशा देकर जबरन गलत काम के लिए मजबूर किया। इसका विरोध करने पर जान से मार देने की धमकी देकर प्रताड़ित किया गया। पीड़िता ने महिला विकास केंद्र की एक सामाजिक कार्यकर्ता को अपनी आपबीती सुनाई। जिसके बाद केस दर्ज किया गया। लेकिन आरोपी फरार हो गए थे। हाल में पुलिस को इनके ठिकाने का पता चला, जिसके बाद छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। साक्ष्य के आधार पर आरोपी गिरफ्तार नगर थानेदार शरत कुमार ने बताया कि पुराना केस है। इसकी समीक्षा की गई तो पाया गया कि इसमें तो केस के बाद से ही कोई कार्रवाई नहीं हुई। साक्ष्य के आधार पर जांच कर मामले में दोनों महिला आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## संक्षिप्त डायरी

### पार्किंग विवाद में युवक के मुंह में मारी गोली, गंभीर



**गोपालगंज।** के मीरगंज थाना क्षेत्र के पुरानी भट्ठी वार्ड-21 में गाड़ी पार्किंग को लेकर हुए विवाद में एक युवक के मुंह में गोली मार दी गई। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से घायल दिग्विजय को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान मीरगंज थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 निवासी दिग्विजय सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दिग्विजय एक तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। वह अपनी कार आरोपी के घर के पास पार्क कर रहे थे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि स्थानीय आकाश साह ने दिग्विजय के मुंह पर गोली चला दी।चार लोगों से पूछताछ जारी मीरगंज थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि गोली दिग्विजय के चेहरे को छूते हुए निकल गई। पुलिस ने मामले में चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। आगे की कार्रवाई जारी है।

### NH-333 पर गिरा पेड़, एक घंटे तक यातायात प्रभावित



**जमुई।** के गिद्धौर में रविवार को एनएच-333 पर बंधन बैंक के समीप एक लिप्टस का पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया। इस घटना से करीब एक से चार घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सड़क पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। घटना के समय सड़क पर भीड़ कम होने के कारण कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार पेड़ पहले से ही कमजोर था। हल्की हवा चलने से यह अचानक गिर गया। करीब आधे घंटे तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान बाइक, कार, बस समेत अन्य वाहन दोनों तरफ फंसे रहे। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना गिद्धौर पुलिस को दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों और समाजसेवियों की मदद से पेड़ की टहनियों को काटकर सड़क से हटाया गया। इसके बाद यातायात सामान्य हो गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इलाके में कमजोर और पुराने पेड़ों की नियमित जांच करने का अनुरोध किया है। उनका कहना है कि अगर पेड़ किसी वाहन या व्यक्ति पर गिरता तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल सड़क पर यातायात सुचारू रूप से चल रहा है।

### हिंदू चेतना महासम्मेलन को ले निकाली शोभायात्रा

**शेखपुरा।** बिहार प्रदेश इकाई के द्वारा भारतीय अपना समाज पार्टी का स्थापना दिवस सनातन संस्कृति हिंदू चेतना महासम्मेलन एवं राष्ट्र गौरव सम्मान समारोह के रूप में मनाया गया। इसका उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन सिंह सूर्यवंशी ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अयोध्या धाम के संत शिरोमणि जगतगुरु करपात्री जी महाराज एवं अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय धरा धाम प्रमुख डॉ सौरव पांडेय के अलावा भारतीय अपना समाज पार्टी सहित विभिन्न हिंदू संगठन से जुड़े हिंदूवादी नेताओं एवं कार्यकताओं ने शिरकत किया। आगत अतिथियों का स्वागत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार, उपाध्यक्ष अजीत कुमार उर्फ मुन्ना सिंह, प्रदेश महासचिव सतीश कुमार, नगर अध्यक्ष कुंदन कुमार, अपना विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष विवेक कुमार ने अतिथियों को अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ, पुष्प माला एवं राष्ट्र गौरव का प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया। जबकि मंच का संचालन भारतीय अपना समाज पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मुकुल मोहन द्वारा किया गया। इसके पूर्व गाजे -बाजे, भगवा ध्वज एवं विभिन्न हिंदू देवी देवताओं की झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें काफी संख्या में महिला -पुरुष श्रद्धालु एवं बच्चे- बच्चियों ने माथे पर पगड़ी एवं भगवा लिवास में बरबीघा नगर परिषद के विभिन्न मोहल्ले का परिक्रमा किया। शोभा यात्रा जुलूस और झांकी श्री अवध बिहारी बड़ी ठाकुरबाड़ी से निकालकर शहर के डाकघर रोड पुरानी शहर थाना चौक टैक्सी स्टैंड अस्पताल रोड होते हुए डॉक्टर श्री कृष्ण जी चौक पहुंचा जहां पर बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री एवं बरबीघा धरती के पुत्र स्वर्गीय डॉक्टर श्री कृष्ण सिंह जी की आदमकद प्रतिमा पर पार्टी के संरक्षक एवं अयोध्या धाम के संत जगतगुरु करपात्री जी महाराज और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन सिंह सूर्यवंशी सहित अन्य लोगों ने माल्यार्पण किया।

## वैशाली में महिला ने खुद को मारा चाकू, गंभीर



**वैशाली।** के सदर थाना क्षेत्र के रजौली गांव में एक महिला ने पति से फोन पर हुए विवाद के बाद खुद को चाकू मारकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद जुटे परिजनों ने घायल महिला को इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद महिला की स्थिति को नाजुक देखते हुए डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। घायल महिला की पहचान प्रीति देवी (23) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि प्रीति के पति राजकुमार महतो दूसरे प्रदेश में मजदूरी करते हैं। फोन पर बातचीत के दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद प्रीति ने चाकू से खुद को घायल कर लिया।

खून से लथपथ महिला को देखकर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रीति को हाजीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी स्थिति नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया है।

## बाढ़ घोटाला को लेकर शिकायतकर्ता जाएंगे हाईकोर्ट





**समस्तीपुर।** जिले की मोहनपुर और मोहिउद्दीन नगर प्रखंड में बाढ़ राहत घोटाला मामले को शिकायतकर्ता हाईकोर्ट में ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। जन शिकायत में पेशी के दौरान जन शिकायत पदाधिकारी ने इस मामले को यह कहते हुए क्लोज कर दिया कि डीएम ने मामले की जांच को लेकर 7 सदस्य कमेटी का गठन किया है। जन शिकायत पदाधिकारी के इस तर्क से शिकायतकर्ता अवनीश कुमार झा संतुष्ट नहीं दिखे और उन्होंने इस मामले को अब उच्च न्यायालय में ले जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बाढ के नाम पर इतना बड़ा घोटाला हुआ उनके द्वारा मामला उजागर करने के बाद 100 से अधिक लोगों ने करीब 12 से 15 लख रुपए लौट आया है। ऐसी स्थिति में यह मामला सिद्ध हो जाता है बावजूद इस मामले को सिर्फ टाल मटोल किया जा रहा है। गंभीरता से नहीं लिया जा रहा तो अब उनके पास हाई कोर्ट जाने के सिवा कोई चारा नहीं बचा है। बीते साल सितंबर महीने में मोहिउद्दीन नगर प्रखंड के मदुदाबाद पंचायत में गंगा के बाढ़ का पानी नहीं आया था। बावजूद पंचायत के अधिकतर लोगों के अकाउंट में बाढ़ राहत की राशि ट्रांसफर की गई। इस मामले को लेकर गांव के ही अवनीश कुमार द्वारा जिलाधिकारी से लेकर आपदा के अधिकारी तक शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामला सामने आने के बाद इस मामले में पटोरी के डीएसपी विकास पांडे ने जांच का आदेश जारी किया था । वही इस मामले में मोहिउद्दीन नगर के सीईओ से जबाव तलब किया गया है। लेकिन इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। यहां तक इस मामले में जांच कर रहे पटोरी के एसडीओ को भी कमेटी से हटा दिया गया और समस्तीपुर के डीसीएलआर को पूरे मामले की जांच का आदेश जारी किया गया। बीते वर्ष गंगा नदी में आई बाढ़ के कारण पटोरी अनुमंडल क्षेत्र के मोहनपुर, मोहिउद्दीन नगर के कई पंचायत वार्ड की चपेट में आए थे। लेकिन मोहिउद्दीन नगर का मदुदाबाद पंचायत बाढ प्रभावित नहीं था ।यहां बाढ़ का पानी नहीं आया था। सरकारी रिकॉर्ड में भी यह बाढ़ से मुक्त पंचायत है ।बावजूद इस पंचायत के लोगों के अकाउंट में बाढ़ राहत की सात - सात हजार रुपए की राशि बिचौलियों के माध्यम से भेजी गई। बताया गया है कि लोगों के अकाउंट में राशि आने के बाद पंचायत के एक जनप्रतिनिधि द्वारा इसे मनरेगा की राशि बताते हुए यूपीआई के माध्यम से वापस निजी अकाउंट में लिया गया इसके बाद यह मामला खुल गया

और चारों ओर चर्चा होने लगी। अकाउंट धारी के अकाउंट में मात्र पांच 500 छोड़ दिए गए और 6500 यूपीआई के माध्यम से जनप्रतिनिधि ने अपने अकाउंट में ले लिया। चर्चा है कि जनप्रतिनिधि की बहू ने ही अकाउंट की राशि इधर से उधर की है।




# कैसे दक्षिणमुखी मकान में नहीं होता दक्षिण दोष

**वास्तु शास्त्र में दक्षिण दिशा के मकान को कुछ परिस्थिति को छोड़कर अशुभ और नकारात्मक प्रभाव वाला माना जाता है। दरअसल, हर दिशा में कोई न कोई ग्रह स्थित है जो कि अपना अच्छा या बुरा प्रभाव डालता है। यह निर्भर करता है मकान के वास्तु, मुहल्ले के वास्तु और उसके आसपास स्थित वातावरण और वृक्षों की स्थिति पर।**

प्रत्येक ग्रह का अपना एक वृक्ष होता है। जैसे चंद्र की शनि से नहीं बनती और यदि आपने घर के सामने चंद्र एवं शनि से संबंधित वृक्ष या पौधे लगा दिए हैं तो यह कुंडली में चंद्र और शनि की युति के समान होते हैं जो कि विषयोग कहा गया है। आओ जानते हैं कि कैसे दक्षिणमुखी मकान में नहीं होता दक्षिण दोष?

- यदि दक्षिणमुखी मकान के सामने द्वार से दोगुनी दूरी पर स्थित नीम का हराभरा वृक्ष है तो दक्षिण दिशा का असर कुछ हद तक समाप्त हो जाएगा।
- यदि दक्षिणमुखी मकान के सामने मकान से दोगना बड़ा कोई दूसरा मकान है तो दक्षिण दिशा का असर कुछ हद तक समाप्त हो जाएगा।
- दक्षिणमुखी मकान का दोष खत्म करने के लिए द्वारा के उपर पंचमुखी हनुमानजी का चित्र भी लगाना चाहिए।
- दक्षिण मुखी प्लाट में मुख्य द्वार आग्नेय कोण में बना है और उत्तर तथा पूर्व की तरफ ज्यादा व पश्चिम व दक्षिण में कम से कम खुला स्थान छोड़ा गया है तो भी दक्षिण का दोष कम हो जाता है।। बगीचे में छोटे पौधे पूर्व-ईशान में लगाने से भी दोष कम होता है।
- आग्नेय कोण का मुख्यद्वार यदि लाल या मरून रंग का हो, तो श्रेष्ठ फल देता है। इसके अलावा हरा या भूरा रंग भी चुना जा सकता है। किसी भी परिस्थिति में मुख्यद्वार को नीला या काला रंग प्रदान न करें।
- दक्षिण मुखी भूखण्ड का द्वार दक्षिण या दक्षिण-पूरब में कतई नहीं बनाना चाहिए। पश्चिम या अन्य किसी दिशा में मुख्य द्वार लाभकारी होता हैं।
- यदि आपका दरवाजा दक्षिण की तरफ है तो द्वार के ठीक सामने एक आदमकद दर्पण इस प्रकार लगाएं जिससे घर में प्रवेश करने वाले व्यक्ति का पूरा प्रतिबिंब दर्पण में बने। इससे घर में प्रवेश करने वाले व्यक्ति के साथ घर में प्रवेश करने वाली नकारात्मक उर्जा पलटकर वापस चली जाती है।



# कैसा होना चाहिए घर का मुख्य द्वार

**घर के दरवाजे बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं। कई बार हम मकान खरीदते वक्त या बनवाते वक्त यह ध्यान नहीं देते हैं कि किस प्रकार के दरवाजे लगाए जा रहे हैं। घर का मुख्य द्वार वास्तु अनुसार होता है तो कई समस्याएं स्वत: ही समाप्त हो जाती है। बेहतर होगा कि दरवाजा शीशम या सागौन की लकड़ी और धातु का बना हो। दरजावा किसी भी प्रकार सा टूटा फूटा या तिरछा नहीं होना चाहिए। द्वार के खुलने बंद होने में आने वाली चरमराती ध्वनि स्वरवेध कहलाती हैं जिसके कारण आकस्मिक अप्रिय घटनाओं को प्रोत्साहन मिलता है। आओ जानते हैं कि घर का मुख्य द्वार कैसा होना चाहिए।**

- एक सीध में तीन दरवाजे नहीं होना चाहिए।
- दरवाजे के भीतर दरवाजा नहीं बनाना चाहिए।
- एक पल्ले वाला दरवाजा नहीं होना चाहिए। दो पल्ले वाला हो।
- ऐसा दरवाजा नहीं होना चाहिए जो अपने आप खुलता या बंद हो जाता हो।
- घर का मुख्य द्वार बाहर की ओर खुलने वाला नहीं होना चाहिए।
- कुछ दरवाजे ऐसे होते हैं जिनमें खिड़कियां होती हैं ऐसे दरवाजों में वास्तुदोष हो सकता है।
- मुख्य द्वार त्रिकोणाकार, गोलाकार, वर्गाकार या बहुभुज की आकृति वाला नहीं होना चाहिए।
- मुख्य दरवाजा छोटा और उसके पीछे का दरवाजा बड़ा नहीं होना चाहिए। मुख्य दरवाजा बड़ा होना चाहिए।
- घर के ऊपरी माले के दरवाजे निचले माले के दरवाजों से कुछ छोटे होने चाहिए।
- घर में दो मुख्य द्वार हैं तो वास्तुदोष हो सकता है। विपरीत दिशा में दो मुख्य द्वार नहीं बनाना चाहिए।




# क्या कोई युग लाखों वर्ष का होता है

**युग क्या होता है इस संबंध में 5 तरह की मान्यताएं प्रचलित हैं। दूसरी बात यह कि भारत के धार्मिक इतिहास को युगों की प्रचलित धारण में लिखना या मानना कितना उचित है? जैसे कि श्रीराम जी त्रैता में और श्रीकृष्ण जी द्वापर में हुए थे। इस तरह तो इतिहास कभी नहीं लिखा जा सकता है। इतिहास को तो तारीखों में ही लिखना होता है और वह भी तथ्य और प्रमाणों के साथ। आओ जानते हैं कि युग की 5 मान्यताएं।**

उल्लेखनीय है कि आपने सुना ही होगा मध्ययुग, आधुनिक युग, वर्तमान युग जैसे अन्य शब्दों को। इसका मतलब यह कि युग शब्द को कई अर्थों में प्रयुक्त किया जाता रहा है। मतलब यह कि युग का मान एक जैसी घटनाओं के काल से भी निर्धारित हो सकता है। तो क्या यह सही है या कि युग की धारणा कुछ और ही है?

## पहली मान्यता

युग के बारे में कहा जाता है कि 1 युग लाखों वर्ष का होता है, जैसा कि सतयुग लगभग 17 लाख 28 हजार वर्ष, त्रेतायुग 12 लाख 96 हजार वर्ष, द्वापर युग 8 लाख 64 हजार वर्ष और कलियुग 4 लाख 32 हजार वर्ष का बताया गया है।

## दूसरी मान्यता

एक पौराणिक मान्यता के अनुसार प्रत्येक युग का समय 1250 वर्ष का माना गया है। इस मान से चारों युग की एक चक्र 5 हजार वर्षों में पूर्ण हो जाता है।

## तीसरी मान्यता

भारतीय ज्योतिषियों ने समय की धारणा को सिद्ध धरती के सूर्य की परिक्रमा के आधार पर नहीं प्रतिपादित किया है। उन्होंने संपूर्ण तारामंडल में धरती के परिभ्रमण के पूर्ण कर लेने तक की गणना करके वर्ष के आगे के समय को भी प्रतिपादित किया है। वर्ष को 'संवत्सर' कहा गया है। 5 वर्ष का 1 युग होता है। संवत्सर, परिवत्सर, इद्वत्सर, अनुवत्सर और युगवत्सर ये युगात्मक 5 वर्ष कहे जाते हैं। बृहस्पति की गति के अनुसार प्रभव आदि 60 वर्षों में 12 युग होते हैं तथा प्रत्येक युग में 5-5 वत्सर होते हैं। 12 युगों के नाम हैं- प्रजापति, धाता, वृष, व्यय, खर, दुर्मुख, प्लव, पराभव, रोधकृत, अनल, दुर्मति और क्षय। प्रत्येक युग के जो 5 वत्सर हैं, उनमें से प्रथम का नाम संवत्सर है। दूसरा परिवत्सर, तीसरा इद्वत्सर, चौथा अनुवत्सर और 5वां युगवत्सर है।

## चौथी मान्यता

ऋग्वेद के अन्य 2 मंत्रों से 'युग' शब्द का अर्थ काल और अहोरात्र भी सिद्ध होता है। 5वें मंडल के 76वें सूक्त के तीसरे मंत्र में 'नहुषा युगा मन्हारजांसि दीयथ:' पद में युग शब्द का अर्थ 'युगोपलक्षितान कालान प्रसरादिसवनान अहोरात्रादिकालान वा' किया गया है। इससे स्पष्ट है कि उदय काल में युग शब्द का अन्य अर्थ अहोरात्र विशिष्ट काल भी लिया जाता था। ऋग्वेद के छटे मंडल के नौवें सूक्त के चौथे मंत्र में 'युगे-युगे विदध्यं' पद में युगे-युगे शब्द का अर्थ 'काले-काले' किया गया है। वाजसनेयी संहिता के 12वें अध्याय की 11वीं कंडिका में 'दैव्यं मानुषा युगा' ऐसा पद आया है। इससे सिद्ध होता है कि उस काल में देव युग और मनुष्य युग ये 2 युग प्रचलित थे। तैतिरीय संहिता के 'या जाता ओ वधयो देवेभ्यस्त्रियुगं पुरा' मंत्र से देव युग की सिद्धि होती है।

## पांचवीं मान्यता

धरती अपनी धूरी पर 23 घंटे 56 मिनट और 4 सेकंड अर्थात 60 घटी में 1,610 प्रति किलोमीटर की रफ्तार से घूमकर अपना चक्कर पूर्ण करती है। यही धरती अपने अक्ष पर रहकर सौर मास के अनुसार 365 दिन 5 घंटे 48 मिनट और 46 सेकंड में सूर्य की परिक्रमा पूर्ण कर लेती है, जबकि चन्द्रमास के अनुसार 354 दिनों में सूर्य का 1 चक्कर लगा लेती है। अब सौरमंडल में तो राशियां और नक्षत्र भी होते हैं। जिस तरह धरती सूर्य का चक्कर लगाती है उसी तरह वह राशि मंडल का चक्कर भी लगाती है। धरती को राशि मंडल की पूरी परिक्रमा करने या चक्कर लगाने में कुल 25,920 साल का समय लगता है। इस तरह धरती का एक भोगकाल या युग पूर्ण होता है। वैज्ञानिक कहते हैं कि लगभग 26,000 वर्ष बाद हमेशा ही उत्तर में दिखाई देने वाला ध्रुव तारा अपनी दिशा बदलकर पुन: उत्तर में दिखाई देने लगता है।



**धर्म शास्त्रों में भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। सूर्य उपासना से न केवल सुख-समृद्धि आती है, बल्कि यश भी बढ़ता है।**

# सूर्योपासना के समय जपें ये खास मंत्र

महिलाओं को रविवार और सोमवार को सूर्योपासना से घर में समृद्धि व गर्भवती महिलाओं को गुणी पुत्र की प्राप्ति होती है। बह्मवैवर्त पुराण के अनुसार इन दिनों में खेजड़ी के पेड़ के नीचे प्रात: काल सूर्योपासना करते हुए इस मंत्र का 51 बार जाप करने से लाभ मिलता है-

नम: उग्राय वीराय सारंगाय नमो नम:।
नम: पद्मप्रबोधाय प्रचंडाय नमोस्तु ते।।
ओम आदित्याय नम:।

आत्मबल, बुद्धि, इन्द्रियों में सौम्यता, शिष्टता, काम, क्रोधादि शमन व मानसिक पीड़ा से मुक्ति के लिए इन महीनों में आने वाले हर रविवार को खेजड़ी के नीचे सूर्य के सामने बैठ इस मंत्र का 51 बार वाचन करें। पेड़ के नीचे की मिट्टी को लाकर घर में फेंकना शुभ होता है।

ओम नम: पूर्वाय गिरये पश्चिमायाद्रये नम:।
ज्योतिर्गणानां पतये दिनाधिपतये नम:।।
ओम सूर्याय नम:।

जिन महिलाओं को संतान सुख न हो, ऐसी महिलाओं को आंवले के पेड़ के नीचे अथर्ववेद के इस मंत्र का 101 बार जाप व सूर्य देव को जल सिंचन करने से संतान प्राप्ति सुख संभव है-

परिहस्त विधारय योनिं गर्भाय धातवे।
ओम भास्कराय नम:।

नीलें रंग के अपराजिता (विष्णुकान्ता ) नामक पौधे के नीचे इस मंत्र का जाप करने से घर के मुकदमेबाजी व न्यायालय में विजय, घर में समृद्धि व स्नायु तंत्र (नर्वस सिस्टम), चर्म रोग व श्वसन संबंधी रोगों से मुक्ति मिलती है। इस पौधे के न होने की दशा में पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर सूर्य को जल सिंचन कर इस मंत्र का 101 बार जाप करें -


ओम विश्वानिदेव सवितु: दुरितानि परांसुव: यद् भद्रं तन्नासुव:। सूर्य कृणोतु भेशजं चन्द्रमा वोपोच्छतु।।
ओम सूर्याय नम:।

दीर्घायु व हृदय संबंधी बीमारियों के लिए आश्विन व कार्तिक मास के प्रति रविवार बड़, ढाक, अशोक या सूर्यमुखी पौधे के नीचे आदित्य हृदय स्तोत्रम का पाठ करें या अथर्ववेद के इस मंत्र का 51 बार जाप करें -

उत सूर्योदिव एति पुरो रक्षांसि निजूर्वन।
ओम भानवे नम:।

कुशाग्र बुद्धि, इंटरव्यू में सफलता व शिक्षा से जुड़े पक्षों तथा वायु संबंधी रोगों के निवारण के लिए अथर्ववेद के इस मंत्र का पीपल के पेड़ के नीचे प्रात: काल हर रविवार इस मंत्र के जाप से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

यं जीवमश्नवामहै न स रिष्याति पुरुष:।
त्वं सूर्यस्य रश्मिभिस्त्वं नोअसियज्ञिया।।
ओम सूर्याय नम:।



# महाभारत काल में हुआ था गणेशजी का गजानन अवतार

**मोदक प्रिय श्री गणेशजी विद्या-बुद्धि और समस्त सिद्धियों के दाता हैं तथा थोड़ी उपासना से ही प्रसन्न हो जाते हैं। उन्हें हिन्दू धर्म में प्रथम पूज्य देवता माना गया है। किसी भी कार्य को प्रारंभ करने के पूर्व उन्हीं का स्मरण और पूजन किया जाता है। गणेशजी ने तीनों युग में जन्म लिया है और वे आगे कलयुग में भी जन्म लेंगे।**

धर्मशात्रों के अनुसार गणपति ने 64 अवतार लिए, लेकिन 12 अवतार प्रख्यात माने जाते हैं जिसकी पूजा की जाती है। अष्ट विनायक की भी प्रसिद्धि है। आओ जानते हैं उनके द्वापर के अवतार गजानन के बारे में संक्षिप्त जानकारी।

- द्वापर युग में उनका वर्ण लाल है। वे चार भुजाओं वाले और मूषक वाहन वाले हैं तथा गजानन नाम से प्रसिद्ध हैं।
- द्वापर युग में गणपति ने पुन: पार्वती के गर्भ से जन्म लिया व गणेश कहलाए।
- परंतु गणेश के जन्म के बाद किसी कारणवश पार्वती ने उन्हें जंगल में छोड़ दिया, जहां पर पराशर मुनि ने उनका पालन-पोषण किया। ऐसा भी कहा जाता है कि वे महिष्मति वरेण्य वरेण्य के पुत्र थे। कुरुप होने के कारण उन्हें जंगल में छोड़ दिया गया था।
- इन्हीं गणेशजी ने ही ऋषि वेदव्यास के कहने पर महाभारत लिखी थी।
- इस अवतार में गणेश ने सिंदुरासुर का वध कर उसके द्वारा कैद किए अनेक राजाओं व वीरों को मुक्त कराया था।
- इसी अवतार में गणेश ने वरेण्य नामक अपने भक्त को गणेश गीता के रूप में शाश्वत तत्व ज्ञान का उपदेश दिया।

# सुनसान जगह पर नहीं रहना चाहिए घर

हिन्दू पुराणों और वास्तु शास्त्र में कुछ जगहों पर एक सभ्य व्यक्ति को नहीं रहना चाहिए। यदि वह वहां रहता है तो निश्चित ही उसके जीवन और भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। घर यह सुकून का नहीं है तो कैसे जीवन में सुकून आएगा। जैसे चौराहे, तिराहे, अवैध गतिविधियों वाली जगह, शोर मचाने वाली दुकान या फैक्ट्री आदि। इन्हीं में से एक है सुनसान इलाका। दरअसल, आप जहां रहते हैं उस स्थान से ही आपका भविष्य तय होता है। यदि आप गलत जगह रह रहे हैं तो अच्छे भविष्य की आशा मत कीजिये। आओ जानते हैं कि क्यों नहीं रहना चाहिए सुनसान जगह पर।

- दो तरह के सुनसान होते हैं एक मरघट की शांति वाले और दूसरे एकांत की शांति वाले। कई लोग एकांत में रहना पसंद करते हैं। इसके चलते वे सुनसान में रहने चले जाते हैं। सुनसान जगह पर रहने के कई खतरें हैं और साथ ही शास्त्रों में ऐसी जगहों पर रहने की मनाही है।
- भविष्य पुराण अनुसार आपका घर नगर या शहर के बाहर नहीं होना चाहिए। गांव या शहर में रहना ही तुलनात्मक रूप से अधिक सुरक्षित होता है।
- यदि घर बहुत सुनसान स्थान पर या शरह-गांव के बाहर होगा तो जब भी आप घर से बाहर कहीं जाएंगे उस दौरान आपके मन और मस्तिष्क में घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी।
- यह तो आप भी जाते होंगे कि सभी सुनसान स्थान पर अपराधी आसानी से अनिष्ट संबंधी गतिविधियों को अंजाम दे सकते हैं।
- दूसरी बात यदि शहर से दूर घर है तो रात-बिरात आने जाने में भी आपको परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, भले ही आपके पास कार या बाइक हो।
- सुनसान जगहों को राहु और केतु की बुराई का स्थान माना जाता है। यहां पर घटना और दुर्घटना के योग बने रहते हैं।
- सुनसान जगहों पर नकारात्मक ऊर्जा और नकारात्मक विचार बहुत तेजी से पनपते हैं।
- जहां अस्पताल, विद्यालय, नदी, तालाब, स्वजन या मनुष्य की आबादी नहीं है वहां पर नहीं रहना चाहिए।



# विदर्भ ने तीसरी बार जीता रणजी ट्रॉफी का खिताब, फाइनल में केरल को हराया

**दुबई (एजेंसी)।** नागपुर - विदर्भ ने फाइनल मुकाबले में रनों का पहाड़ करते हुए केरल को हराकर रविवार को पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया है। केरल और विदर्भ के बीच नागपुर में खेला गया फाइनल मुकाबला पांचवें दिन ड्रॉ पर समाप्त हुआ। विदर्भ को पहली पारी में केरल पर बनाई गई बढ़त के आधार पर जीत मिली और इस घरेलू टूर्नामेंट में चैंपियन बन गया।

विदर्भ ने तीसरी बार रणजी का खिताब जीता है। इससे पहले उसने 2017-18 और 2018-19 में खिताब जीता था। विदर्भ के दानिश मालेवार को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। वहीं विदर्भ के हर्ष दुबे को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार मिला।

विदर्भ ने कल के चार विकेट पर 249 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में मैच के पांचवें दिन करूण नायर ने अभी अपने कल के स्कोर में तीन रन जोड़े थे कि आदित्य सरवटे ने उन्हें अजरुद्दीन ने स्टंप कर पवेलियन भेज दिया। नायर ने (295) में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए (135) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। हर्ष दुबे (चार) रन बनाकर आउट हुए। कप्तान अक्षय वड़कर (25) को सरवटे ने बोल्ड आउट किया। अक्षय कारनेवार (30) को एनपी बासिल ने बोल्ड किया।

दोनों कप्तानों की मैच ड्रा करने की सहमति के समय विदर्भ ने 143.5 ओवरों में नौ विकेट पर 375 रन बना लिए थे और दर्शन नालकंडे (51 अविजित) और यश ठाकुर (आठ) अविजित रहे। केरल की ओर से आदित्य सरवटे ने चार विकेट लिए। एम डी निधीष, जलज सक्सेना, ईडन ऐपल टॉम, एनपी बासिल और अक्षय चंद्रन ने एक-एक विकेट लिया।



# विराट 300वें एकदिवसीय खेलने वाले सातवें भारतीय क्रिकेटर बने




**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने चैम्पियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरते ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम कर लिया। विराट 300 एकदिवसीय खेलने वाले सातने भारतीय क्रिकेटर बने हैं।

विराट इस मैच में उतरते ही महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी, राहुल द्रविड़, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सौरव गांगुली और युवराज सिंह के 300 एकदिवसीय खेलने के क्लब में शामिल हो हो गये। विराट कोहली ने 300 एकदिवसीय की 288 पारियों में 14085 रन बनाये हैं। वह इस प्रारुप में सबसे ज्यादा 51 शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। वहीं उन्होंने 73 अर्धशतक भी लगाये हैं। उनका औसत 58.2 का का है। विराट हालांकि अपने 300 वें मैच में बड़ी पारी नहीं खेल पाये और केवल 11 रन बनाकर आउट हो गये। एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन 18426 बनाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम दर्ज है। इसके बाद श्रीलंका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगाकारा ने 404 मैच खेलते हुए 25 शतक के जरिए 14234 रन बनाए थे। वहीं विराट कोहली 14085 रनों के साथ नंबर तीन पर हैं।

# रोहित शर्मा के नाम जुड़ा अनचाहा वर्ल्ड रिकॉर्ड, बतौर कप्तान लगातार 10 टॉस हारने वाले तीसरे कप्तान बने




**दुबई (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का 12वां मुकाबला खेला जा रहा है। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। भारत और न्यूजीलैंड मैच में टॉस होते ही भारतीय टीम वनडे में लगातार 13वीं बार टॉस हार गई है। इस शर्मनाक रिकॉर्ड में बतौर कप्तान रोहित शर्मा का योगदान सबसे ज्यादा रहा है।

वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में टीम इंडिया का टॉस हारने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले के दौरान भारत 13वीं बार टॉस हारा है। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने कुल तीन मैच खेले हैं और तीनों ही मैचों में रोहित टॉस हार गए हैं। हालांकि, मैच में टीम को जीत नसीब हुई है। बतौर कप्तान रोहित शर्मा लगातार 10वीं बार वनडे में टॉस हार चुके हैं। इसके साथ ही उनका नाम एक अनचाहे रिकॉर्ड बुक में दर्ज हो गया है। रोहित से ज्यादा बतौर कप्तान सबसे ज्यादा टॉस हारने का रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम दर्ज है। लारा अक्टूबर 1998 से मई 1999 तक कुल 12 बार टॉस हारे थे। वहीं पीटर बोरेन मई 2011 से अगस्त 2013 तक 11 बार टॉस हार चुके हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा नंवबर 2023 से मार्च 2025 तक कुल 10 बार टॉस गंवा चुके हैं। बता दें कि, वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल से टीम इंडिया का टॉस हारने का सिलसिला जारी है। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ नवंबर 2023 में आखिरी बार वनडे में टॉस जीता था। जिसके बाद कुल 13 बार टॉस हुए हैं और भारतीय टीम ने सभी टॉस गंवाए हैं। 2023 में वनडे वर्ल्ड कप के बाद भारत ने तीन वनडे सीरीज खेली है और इन सीरीज में सभी टॉस हारे है। इस दौरान केएल राहुल ने भी टीम की कमान संभाली थी।

# चैंपियंस ट्रॉफी : पाकिस्तान के बाहर होने से स्थानीय फैंस का क्रैज खत्म, सेमीफाइनल पर पड़ेगा असर

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के क्रिकेट प्रशंसकों ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी टीम के जल्दी बाहर होने और रमजान की शुरुआत के बाद टूर्नामेंट को लेकर रुचि खो दी है। शनिवार को इंग्लैंड-दक्षिण अफ्रीका मैच के लिए यहां नेशनल स्टेडियम में मुश्किल से कुछ हजार लोग थे और आयोजन स्थल पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने राहत की सांस ली कि उनके लिए टूर्नामेंट लगभग खत्म हो गया है।



स्टेडियम में तैनात एसएसपी इमरान जमील ने कहा, 'पिछले दो सप्ताह हमारे लिए कठिन और तनावपूर्ण रहे हैं, इसलिए अब हम काफी राहत महसूस कर रहे हैं। इंग्लैंड के साथ मैच में भी अपेक्षाकृत शांति रही।' 19 फरवरी को कराची में शुरू हुए चैंपियंस ट्रॉफी मैचों के लिए कराची में कम से कम 7000 पुलिसकर्मी, अर्धसैनिक रेंजर्स और यहां तक ??कि कुछ सैन्य इकाइयां भी ड्यूटी पर थीं। लेकिन जमील ने कहा कि टीमों, अधिकारियों, मीडिया और प्रशंसकों के लिए राज्य स्तरीय सुरक्षा प्रदान करने का काम इस मेगा इवेंट की शुरुआत से पहले ही शुरू हो गया था, क्योंकि लाहौर और कराची में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की भागीदारी वाली तीन देशों की प्रतियोगिता होने वाली है।

उन्होंने कहा, 'अब सुरक्षाकर्मी रमजान में सामान्य ड्यूटी पर लौट सकते हैं।' शनिवार को कॉलेज के दोस्तों के एक समूह के साथ आई दो बहनों फरिहा और फैजा ने कहा कि पाकिस्तान के बिना चैंपियंस ट्रॉफी उनके लिए खत्म हो गई है। फैजा ने कहा, 'हम आज आए हैं, क्योंकि हमने पहले ही मैच के लिए टिकट खरीद लिए थे।'

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने घोषणा की है कि रावलपिंडी में बारिश के कारण रद्द हुए दो मैचों के लिए अलग-अलग परिसरों के लिए टिकट लाने वाले सभी दर्शकों को पूरा पैसा वापस मिलेगा। बुरी खबर यह है कि जिन प्रशंसकों ने आतिथ्य और गैलरी दृश्यों के लिए प्रीमियम का भुगतान किया था, उन्हें कोई पैसा वापस नहीं मिलेगा। टूर्नामेंट के तीन मैच बारिश से प्रभावित रहे, जिनमें से आखिरी मैच अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच लाहौर में भारी बारिश के कारण रद्द कर दिया गया।

क्रिकेट पत्रकार और विश्लेषक महमूद रियाज ने कहा कि घरेलू टीम के प्रदर्शन के कारण चैंपियंस ट्रॉफी थोड़ी निराशाजनक रही। उन्होंने कहा, 'हम इतने सालों के बाद एक बड़े आईसीसी इवेंट की मेजबानी कर रहे थे और लोग उत्साहित थे, लेकिन टीम ने वास्तव में सभी को निराश किया।' 65 वर्षीय तौसीफ सिद्दीकी ने नेशनल स्टेडियम में कभी भी कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा, 'त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में और 19 मार्च को न्यूजीलैंड से पाकिस्तान को दो बार हारते देखना हमारे लिए बहुत बड़ी निराशा थी।' उन्होंने कहा कि कराची में होने वाले मैचों के लिए अपने और अपने दोस्त के लिए टिकट खरीदने पर लगभग 60,000 पाकिस्तानी रुपए खर्च किए थे।

विशेषज्ञों का मानना है कि रविवार से रमजान शुरू होने के कारण सेमीफाइनल के लिए लाहौर में भी भीड़ जुटाना मुश्किल होगा। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा, 'आम तौर पर लोग रमजान के पहले दो हफ्तों में उपवास तोड़ने के बाद घर पर रहते हैं और तरावीह की नमाज पढ़ते हैं और वे पवित्र महीने के पहले 15-20 दिनों के बाद इफ्तार के बाद ही बाहर निकलते हैं।'

पीसीबी गद्दाफी स्टेडियम में होने वाले सेमीफाइनल के लिए मुफ्त इफ्तार बॉक्स उपलब्ध कराने की योजना पर भी काम कर रहा है, ठीक वैसे ही जैसे अमीरात क्रिकेट बोर्ड ने दुबई में होने वाले मैचों के लिए किया है। उन्होंने कहा, 'अगर सेमीफाइनल के लिए बड़ी संख्या में भीड़ नहीं होगी तो यह निराशाजनक होगा। यह पाकिस्तान क्रिकेट के लिए अच्छा नहीं है।'

# अफगानिस्तान के खिलाड़ी धैर्य रखकर खेलें तो आने वाले समय में जीत सकते हैं आईसीसी ट्रॉफी : स्टेन

जोसंसबर्ग। दक्षिण अफीका के पूर्व क्रिकेटर डेल स्टेन ने चैम्पियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान टीम के प्रदर्शन की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि अगर वह इसी प्रकार का प्रदर्शन करती रही तो आने वाले समय में आईसीसी ट्रॉफी जीत सकती है। स्टेन के अनुसार अभी देखा जाये तो अफगानिस्तान की टीम पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश से आगे नजर आती है। अफगानिस्तान की टीम भारत के बाद एशिया की दूसरी सबसे अच्छी टीम बनकर उभरी है। स्टेन के अनुसार अफगानिस्तान के खिलाड़ी जिस दिन संयम से खेलना सीख लेंगे। उस दिन ववे आईसीसी टूर्नामेंट जीत सकते हैं। इस पूर्व तेज गेंदबाज के अनुसार अफगानिस्तान की टीम 2023 एकदिवसीय विश्व कप में भी नॉकआउट में जगह बनाने के करीब पहुंच गई थी। तब उसने इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान को हराया था जबकि पिछले साल के टी20 विश्व कप में टीम में वह सेमीफाइनल में पहुंची थी जिसमें उसने ऑस्ट्रेलिया को बाहर कर दिया था। ऐसे में अब अफगान टीम सफेद गेंद के टूर्नामेंट में एक मजबूत टीम बनती जा रही है। स्टेन ने कहा, 'हम ऐसे समय में जी रहे हैं जिसमें लोग इतने संयमित नहीं हैं। हम सोशमी मीडिया की स्टोरी को भी मुश्किल से दो सेकेंड देख पाते हैं और ऐसा लगता है कि अफगानिस्तान के खिलाड़ी भी क्रिकेट खेलते समय ऐसे ही होते हैं। संयम सबसे बड़ी चीज में से एक है जिसे अफगानिस्तान के खिलाड़ियों को सीखने की जरूरत है। वह एक बार जब इसे हासिल कर लेंगे तो आने वाले समय में आईसीसी टूर्नामेंट जीत सकते हैं।' स्टेन ने कहा, 'वे चाहते हैं कि चीजें इतनी जल्दी हो जायें कि हर गेंद विकेट लेने वाली होनी चाहिए। टीम गेंदबाजों में संयम नहीं है। बल्लेबाज भी ऐसा ही करते हैं। पहले ओवर में ही उसे बल्लेबाज छक्का मारने का प्रयास करते हैं।



# हम बहुत खराब प्रदर्शन कर रहे हैं और हमें अभी बहुत काम करना है : ब्रेंडन मैकुलम

स्पोर्ट्स डेस्क। इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल टीम लगातार दो आईसीसी वनडे टूर्नामेंटों से पहले दौर में बाहर होने के बाद काफी मुश्किल में है। इंग्लैंड पहले भारत में 2023 वनडे विश्व कप और अब पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी के पहले दौर से बाहर हो गया। दोनों टूर्नामेंटों में खराब प्रदर्शन का एक जैसा ही नजारा देखने को मिला। बल्लेबाजी आक्रमण में 50 ओवरों का सर्वश्रेष्ठ तरीके से उपयोग करने के लिए कोई खाका नहीं था और तेज गति के गेंदबाजों के बावजूद गेंदबाजी आक्रमण कमजोर दिख रहा था। इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने टूर्नामेंट के आखिरी मैच में दक्षिण अफीका के खिलाफ सात विकेट से हार के बाद कहा, 'हम पूरे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए, जाहिर तौर पर हम बहुत निराश हैं।' उन्होंने कहा, 'हमें टूर्नामेंट को धमाकेदार तरीके से खत्म करने की बहुत उम्मीद थी, लेकिन हम बहुत खराब प्रदर्शन कर रहे हैं और हमें अभी बहुत काम करना है। हम अगले कुछ हफ्तों में अपनी सोच को बदलेंगे और अपने सफेद गेंद वाले क्रिकेट में सुधार के लिए प्रयास करना शुरू करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम इस पर पूरी तरह से ध्यान दें और ऐसा तरीका खोजें जिससे हम खुद को उस स्थिति में वापस ला सकें जहां हमें होना चाहिए।' मैकुलम ने कहा कि भारत में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला इंग्लैंड के लिए टूर्नामेंट के लिए अच्छी तरह से तैयार होने का एक अच्छा अवसर था। हालांकि ये द्विपक्षीय मैच में भारत के खिलाफ अपनी व्यापक हार से सीखने में विफल रहे और चैंपियंस ट्रॉफी में भी इसी तरह की गलतियां दोहराई गईं। इंग्लैंड के कीवी कोच ने स्वीकार किया, 'मुझे लगा कि भारत ने वास्तव में हमारे लिए अच्छी तैयारी की, भले ही हम वहां आसानी से हार गए। मुझे लगा कि यह एक प्रमुख टूर्नामेंट में आने से पहले जितनी अच्छी तैयारी हो सकती थी, उतनी ही थी और जाहिर है कि हमारे पास पहले दो मैचों में अपना मौका था, लेकिन आज रात हमने जो देखा, वह शायद इस बात का उदाहरण था कि हम टूर्नामेंट से बाहर क्यों हैं। जब दबाव डाला गया तो हम उसका सामना नहीं कर पाए और हम अपना रास्ता नहीं बना पाए और मुझे लगता है कि मैंने कल फिर से आपसे कहा था कि मुझे लगा कि हममें आत्मविश्वास की कमी है और मुझे लगता है कि आज इसका एक और उदाहरण है।

# ऑस्ट्रेलिया का 'नीली जर्सी' से 36 का आंकड़ा, ट्रेविस हेड बना बड़ा खतरा !

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जिस तरह खाने की चीज़ देखकर मुँह में पानी आ जाता है या बच्चों को खिलौना देखकर खुशी मिलती है, उसी तरह ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को नीली जर्सी वाली टीमों को हराने में अलग ही जोश आता है। कंगारू टीम के लिए जैसे ही नीली जर्सी सामने आती है, उनकी रगों में उबाल आ जाता है और वे अपने पुराने अंदाज में लौट आते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला।




हालांकि, इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया का ऑस्ट्रेलिया से अब तक सामना नहीं हुआ, लेकिन फिर भी दो ऐसी टीमें थीं जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरीं और दोनों टीमें इंग्लैंड और अफगानिस्तान का हश्र एक जैसा रहा। संयोग से दोनों ही टीमों की जर्सी नीले रंग की थी और दोनों को कंगारुओं ने मात दी। ऑस्ट्रेलिया के रेगुलर कप्तान पैट कमिंस, स्टार तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, मिचेल मार्श और मार्कस स्टोइनिस जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी के बावजूद यह टीम जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है। जब इंग्लैंड ने लाहौर में 351 रन बनाए तो ऐसा लगा कि वे मुकाबला जीत लेंगे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लिस के शतक की बदौलत यह लक्ष्य भी हासिल कर लिया। इसके बाद अफगानिस्तान को भी कंगारुओं ने करारी शिकस्त दी।

ऑस्ट्रेलिया की इस लय के पीछे एक नाम है ट्रेविस हेड। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के लिए नीली जर्सी वाली टीमों के खिलाफ खेलना जैसे किसी मिशन से कम नहीं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अफगानिस्तान के खिलाफ उन्होंने 40 गेंदों पर 60 रन ठोक डाले, जिसमें 10 चौके और 1 छक्का शामिल था। उनका स्ट्राइक रेट 147 का रहा। अगर थोड़ा पीछे जाएं, तो 2023 वर्ल्ड कप फाइनल में भी यही हुआ था। भारत के खिलाफ हेड ने 120 गेंदों पर 140 के स्ट्राइक रेट से 137 रन जड़ दिए थे, जिसमें 15 चौके और 4 छक्के शामिल थे। उस पारी ने भारत का तीसरी बार वर्ल्ड कप जीतने का सपना तोड़ दिया था। इतना ही नहीं, 2023 में हुए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भी ऑस्ट्रेलिया और भारत का आमना-सामना हुआ था, और वहां भी हेड ने शतक ठोककर भारत को शिकस्त दिलाई थी।

**भारत को रहना होगा सतर्क!**

इतिहास गवाह है कि ऑस्ट्रेलिया जब भी किसी आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट मुकाबले में भारत से भिड़ा है, उसने ज्यादातर मौकों पर बाजी मार ली है। भारत अब चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में पहुंच चुका है, और अगर फाइनल में उसका मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होता है, तो रोहित शर्मा एंड कंपनी को कंगारुओं से बचने के लिए खास रणनीति बनानी होगी। क्या इस बार भारत 'नीली जर्सी' के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के अजेय रिकॉर्ड को तोड़ पाएगा? यह देखना दिलचस्प होगा!

# प्रज्ञानानंदा ने लगातार अपनी दूसरी जीत हासिल की, जर्मनी के विंसेंट केमेर को दी मात



मुम्बई। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए जर्मनी के विंसेंट केमेर को हराया और अब प्राग मास्टर्स शतरंज के चौथे दौर के बाद वह तीन अंक लेकर अराविंद चिदंबरम के साथ टॉप पर है। अराविंद ने अमेरिका के सैम शांकलैंड के साथ ड्रॉ खेला जबकि टॉप वरीयता प्राप्त चीन के वेई यि ने स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा को हराया। नीदरलैंड के अनीश गिरी ने लगातार चौथा ड्रॉ खेला। उनकी बाजी तुर्किए के गुरेल एडिज के साथ बराबरी पर रही। चेक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर एंगुयेन थाई देइ वान ने वियतनाम के कुआंग लेइम ली से ड्रॉ खेला। शांकलैंड, केमेर, गिरि और ली संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा का सामना अगले दौर में अराविंद से होगा जिसमें वह सफेद मोहरों से खेलेंगे। चैलेंजर वर्ग में दिव्या देशमुख ने चीन की मा कुन से ड्रॉ खेला और अब चार मुकाबलों के बाद उनके डेढ अंक हैं। बता दें कि, इससे पहले आर प्रज्ञानानंदा ने डी गुकेश को हराकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज खिताब जीता था। पहली बार किसी भारतीय ने ये खिताब अपने नाम किया था।

# बटलर के बाद कौन होगा इंग्लैंड का कप्तान? टीम में हैं तीन मजबूत दावेदार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर होने के बाद टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। मैच के बाद उन्होंने कहा था कि वे इस बारे में सोचेंगे, लेकिन अगले ही दिन उन्होंने वनडे टीम की कप्तानी से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया। वे चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के टीम के आखिरी लीग मैच में साउथ अफ्रीका के खिलाफ कप्तानी करते नजर आएंगे, लेकिन इसके बाद इंग्लैंड की व्हाइट बॉल टीम का कप्तान कौन होगा? इंग्लैंड की टीम की कप्तानी हैरी ब्रूक ने कुछ महीने पहले की थी। वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की वनडे सीरीज में कप्तान रह चुके हैं और वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को उनकी टीम ने 3-2 से हराया था। मौजूदा समय में इंग्लैंड के बाहर उनसे रन नहीं बन रहे हैं। इसके बावजूद उनकी दावेदारी कप्तानी के लिए मजबूत लग रही है।



इंग्लैंड के ओपनर बेन डकेट की लोकप्रियता भी कम नहीं है। इंग्लैंड की टीम को कई बार बेन डकेट ने संघर्षों से बाहर निकाला है। उन्होंने मध्य क्रम में भी कुछ अच्छी पारियां खेली हैं। वह तीनों फॉर्मेट में खेलते हैं और एक सीनियर प्लेयर हैं। उनके साथ समस्या है कि जब भी वह बोलते हैं तो इंग्लैंड के प्रशंसकों को परेशान कर देते हैं। उन्होंने हाल ही में बयान दिया था कि भारत के खिलाफ वनडे सीरीज जीतने से अच्छा है कि चैंपियंस ट्रॉफी जीते, लेकिन ऐसा नहीं कर पर पाए। इसमें कुछ बुरा नहीं है।

अगर इंग्लैंड की भारत से पहले की सीरीज देखें तो वहां लियाम लिविंगस्टोन ने प्रभावित किया था और एक शतक जड़ा था। वे मैच्योर प्लेयर हैं और सीधे साफ बोलने के लिए मशहूर हैं। वे शॉर्ट फॉर्मेट में उनकी टीम में जगह भी फिलहाल पक्की है। ऐसे में वे कप्तानी के दावेदार हैं। इसके अलावा जो रूट और बेन स्टोक्स भी ब्रैंडन मैकुलम के साथ सीमित ओवरों की टीम की कप्तानी करते नजर आ सकते हैं।

# 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत' : सेबेस्टियन को

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष पद के दावेदार सेबेस्टियन को का मानना है कि 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत' है लेकिन कई अन्य देशों के इस दौड़ में शामिल होने से प्रतिस्पर्धा कठिन होगी। भारत ने आईओसी के भावी मेजबान आयोग को 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही आशय पत्र सौंप दिया है जो वैश्विक खेल की शीर्ष संस्था के साथ महीनों की अनौपचारिक बातचीत के बाद एक महत्वाकांक्षी योजना में पहला ठोस कदम है। को ने 'पीटीआई' से विशेष साक्षात्कार में कहा, ''मेरी पृष्ठभूमि को देखते हुए मेरे यह कहने से आपको हैरानी नहीं होगी कि मैं बहुत खुश हूं कि भारत वैश्विक खेल और विशेष रूप से ओलंपिक आंदोलन के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे यह सुनकर बहुत खुशी हुई।'' उन्होंने कहा, ''पर यह बहुत प्रतिस्पर्धी होगा। क्योंकि इसमें सिर्फ एक ही बोलीदाता नहीं होगा, लेकिन भारत इसे बहुत मजबूत दावा बना सकता है।'' पोलैंड, इंडोनेशिया, दक्षिण अफीका, कतर, हंगरी, तुर्कीये, मैक्सिको और मिस्र उन अन्य देशों में शामिल हैं जिन्होंने 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा व्यक्त की है। 2036 खेलों के मेजबान देश का 2026 से पहले पता नहीं चलेगा। लेकिन यह निश्चित है कि नए आईओसी प्रमुख के 20 मार्च के चुनाव के विजेता की अध्यक्षता के दौरान मेजबान का चयन किया जाएगा। आईओसी अध्यक्ष के रूप में चुनाव लड़ने वाले सात उम्मीदवारों में उन्हें सबसे आगे माना जा रहा है। 68 वर्षीय को दो बार ओलंपिक 1500 मीटर के स्वर्ण पदक विजेता हैं। उन्होंने भारत को सलाह देते हुए कहा कि अगर उसे 2036 ओलंपिक की मेजबानी का अधिकार नहीं मिलता है तो उसे ओलंपिक आयोजित करने की अपनी महत्वाकांक्षा को खत्म नहीं करना चाहिए।



# 'मैंने वेट्रेस के तौर पर काम किया' : गुजरात जायंट्स की ऑलराउंडर का खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात जायंट्स की इंग्लिश ऑलराउंडर डेनियल गिब्सन ने खुलासा किया कि वह पूर्णकालिक क्रिकेटर बनने से पहले वेट्रेस के तौर पर काम करती थीं, हालांकि उन्हें यह पसंद नहीं था। गिब्सन ने पैसे कमाने के लिए एक स्थानीय पब में वेट्रेस के तौर पर काम किया। उन्होंने WPL 2025 मिनी-नीलामी में जायंट्स से 30 लाख रुपए का अनुबंध हासिल किया। गिब्सन ने 22 टी20आई में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया है। हालांकि वह महिला प्रीमियर लीग में अपना व्यापार करके अच्छी खासी कमाई कर रही हैं, लेकिन हमेशा से ऐसा नहीं था। गिब्सन ने रैपिड-फायर सेशन के दौरान बोलते हुए कहा, 'मैंने इंग्लैंड में एक पब में वेट्रेस के तौर पर काम किया। मुझे इसमें मजा नहीं आया।'

उसी वीडियो में गिब्सन ने बताया कि पहली बार वह 18 साल पहले लॉर्ड्स में लाइव क्रिकेट मैच देखने गई थी, जब वह सिर्फ छह साल की थी। उसने आगे बताया कि वह अपने भाइयों को टूर्नामेंट के फाइनल में खेलते हुए देखने गई थी। जब गिब्सन से उनके पहले क्रिकेट हीरो के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ का नाम लिया। उन्होंने बताया कि उनका पहला फोन सैमसंग टचस्क्रीन डिवाइस था। जब उनसे उनके पहले टैटू के बारे में पूछा गया तो गिब्सन ने कहा, 'मुझे क्रिकेट पसंद नहीं, बहुत पसंद है। 2001 में ग्लॉस्टरशायर में जन्मी गिब्सन ने जुलाई 2023 में बर्मिंघम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20आई में इंग्लैंड के लिए पदार्पण किया। वह आखिरी बार पिछले महीने नॉर्थ सिडनी में गवर्नर-जनरल XI महिलाओं के खिलाफ महिला एशेज टूर गेम में नजर आई थीं, जहां उन्होंने 3-0-14-0 की अच्छी गेंदबाजी की थी। जायंट्स के अलावा गिब्सन एडिलेड स्ट्राइकर्स और लंदन स्पिरिट के लिए भी खेल चुके हैं। इस बीच एशले गार्डनर ने 31 गेंदों पर 58 रनों की धमाकेदार पारी खेलकर टीम की अगुआई की जिससे निचले पायदान पर मौजूद जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर छह विकेट से जीत दर्ज करके अपनी हार का सिलसिला तोड़ा। गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए जायंट्स ने डिएंड्रा डॉटिन (2/31) और तनुजा कंवर (2/16) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत बेंगलुरु को 125/7 के औसत स्कोर पर ही रोक दिया। जायंट्स ने बेंगलुरु के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए सिर्फ 17 ओवर लिए और अब उनका अगला मुकाबला 3 मार्च को लखनऊ में यूपी वॉरियर्स से होगा।



## एक नजर

### चार मंजिला मकान में लगी आग, एक की मौत

**नई दिल्ली :** मध्य जिले के पहाड़गंज इलाके स्थित मोतिया खान में एक मकान में शनिवार दोपहर अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के अलावा दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग बुझाने के दौरान मकान में एक एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। सिलेंडर ब्लास्ट के दौरान चार मंजिला मकान का कुछ हिस्सा गिर गया। दमकल विभाग के अनुसार रविवार दोपहर करीब तीन बजे सूचना मिली कि मोतिया खान मकान संख्या-10554 में आग लग गई है। उसके बाद एक एक कर दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा दिया। दमकल विभाग के अनुसार आग बुझाने के दौरान एक एलपीजी सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ। आग बुझाने के बाद दमकल ने जब सर्च ऑपरेशन चलाया तो उन्हें मकान की चौथी मंजिल पर एक जला शव मिला।

### पुलिस ने नशीली दवाओं समेत तस्कर को दबोचा

**फरीदाबाद :** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की यूनिट ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रविन्द्र कुमार के रूप में हुई है। वह पलवल जिले के गांव डूंडसा का रहने वाला है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी चंदावली चौक पर नशीली दवाईयां बेचने आने वाला है। एनसीबी की टीम ने सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार के नेतृत्व में नाकाबंदी कर आरोपी को पकड़ा। उसके पास से 1200 अल्प्राजोलम गोलियां और 3 शीशी कोडीन सीरप बरामद हुई। थाना सदर बल्लभगढ़ में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। फरीदाबाद यूनिट प्रभारी मनोज सांगवान के अनुसार, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। टीम यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वह नशीली दवाइयां कहां से खरीदता था और कहां सप्लाई करता था। मुख्य सप्लायर की तलाश के लिए एक अलग टीम बनाई गई है।

### अंबेडकर पार्क में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद :** अखिल भारतीय पाल महासभा द्वारा रविवार को मुरादाबाद के सिविल लाइन स्थित अंबेडकर पार्क में भव्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में समाज के लगभग 450 युवक-युवतियों ने विवाह हेतु पंजीकरण कराया था। जिसमें 11 जोड़ें वैवाहिक बंधन में बंधे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि पाल समाज ने हमेशा देश और समाज की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाई है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और एकजुट करने का सशक्त माध्यम हैं। सम्मेलन में विशेष अतिथि के रूप में अखिल भारतीय पाल महासभा दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाल और उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विजयपाल रहे। आयोजन में लखन सिंह और पूर्व प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीकांत पाल और मास्टर नौबत सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय पाल महासभा की जिला अध्यक्ष रीता पाल ने की। इस अवसर पर डॉ एपी सिंह, नैन सिंह पाल, प्रीतम पाल, सतवीर सिंह, विनीत पाल सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही समाज के वरिष्ठजनों ने युवाओं को मार्गदर्शन दिया और उन्हें समाज की उन्नति में योगदान देने की अपील की।

# अपनी संभावनाओं से दुनिया को आकर्षित कर रहा है भारत : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत अब वादे करने वाला देश नहीं रह गया है। भारत को अब सपेरों का देश नहीं माना जाता। भारत पूरी दुनिया को अपनी संभावनाओं से आकर्षित कर रहा है। उपराष्ट्रपति धनखड़ रविवार को केरल राज्य के तिरुवनंतपुरम में लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, विकास और भारत का भविष्य विषय पर चौथे पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पी. परमेश्वरन की भारतीय मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता, भारतीय लोकाचार की उनकी गहरी समझ और राष्ट्रीय एकता के लिए उनका अथक प्रयास पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। सांस्कृतिक रूप से निहित और आध्यात्मिक रूप से जागृत एक आत्मनिर्भर भारत के लिए उनका



दृष्टिकोण पूरे देश में गहराई से गूंजता है। हाल के दशक में भारत के विकास को लेकर धनखड़ ने कहा कि जन-केंद्रित नीतियों और पारदर्शी जवाबदेह शासन ने पारिस्थितिकी तंत्र को उछाल दिया है। 1.4 बिलियन का राष्ट्र ग्रामीण क्षेत्र में आए परिवर्तनकारी बदलाव को देखें। हर घर में शौचालय है, बिजली कनेक्शन है, पानी का कनेक्शन आने वाला है, गैस कनेक्शन है, कनेक्टिविटी, इंटरनेट और सड़क, रेल और स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में सहायता करने वाली नीतियां। ये हमारी विकास पथ को परिभाषित करती हैं। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक पुनर्जागरण, जो कुछ साल पहले कल्पना से परे था, चिंतन से परे था, सपनों से परे था, उसने हमारे सनातन का सार, समावेशिता, गैर-भेदभावपूर्ण, समान, समान विकास के परिणाम और सभी के लिए फल उत्पन्न किए हैं। किसी भी योग्यता, जाति, धर्म, जाति, रंग के बावजूद प्रयास किया गया है कि लाभ अंतिम पंक्ति में रहने वाले लोगों तक पहुंचना चाहिए और यह बड़ी सफलता के साथ किया जा रहा है। धनखड़ ने कहा कि भारत के सबसे महान सपूतों में से एक की स्मृति में यह स्मारक व्याख्यान है। वे इस सदी में हिंदू विचार प्रक्रिया के अग्रणी विचारकों में से एक हैं। हम इस व्याख्यान के माध्यम से सामाजिक कार्यों के लिए प्रतिबद्ध सबसे बेहतरीन बुद्धिजीवियों में से एक का जश्न मना रहे हैं। एक सभ्यता को केवल एक बुनियादी विचार से जाना जाता है। क्या यह वास्तव में अपने महान सपूतों का सम्मान करती है। और पिछले कुछ वर्षों में यही विषय रहा है। हमारे भूले हुए नायक, गुमनाम नायक, अच्छी तरह से नहीं तो अनदेखे नायक, हमने उन्हें याद किया है। अकार्बनिक जनसांख्यिकीय परिवर्तनों पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए धनखड़ ने कहा कि जनसांख्यिकी मायने रखती है। जनसांख्यिकी को बहुसंख्यकवाद के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए। हम इन दो खेमों में विभाजित समाज नहीं बना सकते लेकिन जब जनसांख्यिकी की बात आती है तो देश को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। राष्ट्र में राजनीतिक रूप से विभाजनकारी माहौल पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम कुछ पहलुओं पर चिंताजनक परिदृश्यों से घिरे हुए हैं। राजनीति ध्रुवीकृत हो गई है, ऊर्ध्वाधर रूप से विभाजनकारी हो गई है, तापमान हमेशा उच्च रहता है।

# प्रवासियों को उत्तराखंड स्थित पुश्तैनी गांव व पहाड़ों के विकास में सहभागी बनना चाहिए : पुष्कर धामी

एजेंसी

**गाजियाबाद :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को प्रवासियों को उनके उत्तराखंड स्थित पुश्तैनी गांव, पहाड़ों के विकास में सहभागी बनने का आवाहन किया।कहा कि प्रवासी अपनी पैतृक भूमि में निवेश कर वहां स्वरोजगार, लघु उद्योगों को बढ़ावा देकर अपनी जन्मभूमि को आगे बढ़ाएं। राज्य सरकार ने प्रवासी भाई बहनों के साथ सम्मेलन कर राज्य के विकास को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान पूरे देशभर में रहने वाले हमारे प्रवासी भाई बहन उत्तराखंड आए और उनसे कई विषयों पर मंथन हुआ। प्रवासी उत्तराखण्डियों ने अपने गांव को भी




गोद लिया है। जिससे वो उत्तराखंड के विकास में सहभागी बनेंगे। धामी रविवार को इन्द्रापुरम में पर्वतीय प्रवासी जन-कल्याण समिति गाजियाबाद द्वारा आयोजित 'उत्तरैंणी-मकरैंण महोत्सव' में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरैंणी-मकरैंण महोत्सव महोत्सव उत्तराखंड की संस्कृति वेशभूषा खानपान और अपनेपन का संगम है। इस प्रकार के महोत्सव हमारी सांस्कृतिक विरासत लोक कला लोक संगीत को बढ़ावा देने के साथ उत्तराखंडी प्रवासियों को प्रेम के एक सूत्र में पिरोने का भी कार्य करते हैं। महोत्सव में पारंपरिक हस्तशिल्प, जैविक उत्पाद और उत्तराखंडी व्यंजनों को भी प्रदर्शित किया गया है। जो इन उत्पादों को नई पहचान देंगे। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास और विरासत को साथ में बढ़ाया जा रहा है। देश में बड़े धार्मिक स्थलों का विकास व पुनर्निर्माण किया जा रहा है। काशी विश्वनाथ, उज्जैन महाकाल लोक, अयोध्या में श्री राम मंदिर परिसर का भी भव्य दिव्य परिसर बना है।

### नशामुक्ति केंद्र में युवक की पीट-पीटकर हत्या दो आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर :** कोतवाली कटरा पुलिस ने नशामुक्ति केंद्र लोहदी में युवक की हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से हत्या में प्रयुक्त लोहे की पाइप और बांस का बेंत बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओपी सिंह के अनुसार मृतक तौसीफ अंसारी को 14 फरवरी को उसके परिजनों ने नशामुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। वहां उसने भागने की कोशिश की थी, जिसके चलते केंद्र के कर्मचारियों ने उसे पकड़कर पीटा। मारपीट के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना को लेकर तौसीफ अंसारी के पिता अकालून ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देश पर गठित टीम ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया।

## उत्कृष्ट चिकित्सकीय सेवा से रोगियों को मिलेगी नई रोशनी : कुलपति



एजेंसी

**गोरखपुर :** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूटऑफ मेडिकल साइंसेज द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय में किया गया। शिविर में 228 मरीजों की जांच की गई। शिविर का उद्घाटन महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एपी त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह ने कहा कि समाज में गरीब और जरूरतमंद वर्ग के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का महत्व अत्यधिक है। इस शिविर का प्रमुख उद्देश्य लोगों के बीच नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और मोतियाबिंद जैसी गंभीर आंखों की बीमारी का समय रहते इलाज करना है। उन्होंने कहा कि पूर्ण विश्वास है इस शिविर में आए नेत्र रोगियों को उत्कृष्ट चिकित्सकीय सेवा से नई रोशनी मिलेगी। कुलपति ने कहा कि मोतियाबिंद से आंखों की लेंस धुंधली हो जाती है और व्यक्ति की दृष्टि धुंधली या पूरी तरह से खराब हो सकती है। यह बीमारी विशेषकर बुजुर्गों में अधिक देखी जाती है, लेकिन समय पर इलाज से इससे बचा जा सकता है। शिविर में आए मरीजों के नेत्र परीक्षण के बाद मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई। अन्य को मुफ्त दवाएं और जरूरत के अनुसार चश्मे दिए गए।

## रूस-यूक्रेन मुद्दे पर लंदन में आज बड़ी बैठक, यूरोप के दिग्गज करेंगे मंथन

एजेंसी

**लंदन :** रूस और यूक्रेन मुद्दे पर ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर की अगुवाई में रविवार को बैठक बुलाई गई है जिसमें यूरोप के तमाम दिग्गज हिस्सा ले रहे हैं। जर्मनी के निवर्तमान चांसलर और अन्य प्रमुख नेताओं को बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच हुई तीखी बहस के बाद हो रही इस बैठक पर दुनिया भर की निगाहें हैं। इस बीच अमेरिका से वापस लौटे जेलेंस्की शनिवार को लंदन पहुंचे जहां उनका जबर्दस्त स्वागत किया गया। ब्रिटेन ने उन्हें 2.84 बिलियन डॉलर के ऋण की घोषणा की। रूस-यूक्रेन के मुद्दे पर आज लंदन



में होने जा रही महत्वपूर्ण बैठक के लिए ब्रिटेन के पीएम स्टार्मर ने यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन, नाटो महासचिव मार्क रुटे और यूरोपीय परिषद् के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा को भी आमंत्रित किया है। पोलिश पीएम डोनाल्ड टस्क, इटली की पीएम जियोर्जिया मेलोनी और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की भी इसमें हिस्सा लेंगे। ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच हुई तीखी बहस के बाद हो रही इस आपात बैठक का उद्देश्य रूस-यूक्रेन युद्ध खत?म कराना और कीव की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस मुद्दे पर ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका के रुख में आए ताजा बदलाव के बाद यूरोपीय देशों के नेता अपने एक्शन प्लान पर चर्चा करेंगे। इसमें ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच हुई तीखी बहस पर भी चर्चा होगी। यूरोपीय देश चाहेंगे कि जेलेंस्की और ट्रम्प के बीच संबंध सामान्य बना रहे और यूक्रेन के मुद्दे पर अमेरिका हमेशा साथ रहे। इसके साथ ही बैठक के दौरान अमेरिका पर यूरोप की निर्भरता कम करने को लेकर भी चर्चा होगी।

# मप्र में किसानों को पांच रुपये में मिलेगा बिजली का स्थायी कनेक्शन, मुख्यमंत्री ने किया एलान

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश राज्य सरकार के हाल में लिए गए किसान हितैषी निर्णयों के लिए रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का किसानों ने सम्मान कर आभार जताया। रविवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों के हित में बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को अब पांच रुपये में बिजली का स्थायी कनेक्शन मिलेगा। यह योजना मध्य क्षेत्र में सबसे पहले लागू की जाएगी। इसके बाद इसका पश्चिम क्षेत्र में विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार इस बजट में किसानों को सोलर पंप के माध्यम से बिजली के झंझट से मुक्त करने की योजना बना रही है। अगले तीन



साल में 30 लाख सोलर पंप दिए जाएंगे। इससे दिन में भी बिजली मिलेगी। उन्होंने कहा कि सोलर एनर्जी उत्पादन करने वाले किसानों से सरकार बिजली भी खरीदेगी। बता दें कि अभी किसानों को खेतों में स्थायी बिजली कनेक्शन लेने के लिए हर साल 7.500 रुपये चुकाने पड़ते हैं। मुख्यमंत्री ने आभार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की साख बढ़ाने के लिए किसानों का जीवन सुखी और समृद्ध बनाना जरूरी है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के कार्यकाल के बारे में कहा कि पहले लोग तार पकड़ लेते थे, लेकिन करंट नहीं आता था। पहले गांवों में न बिजली थी, न सड़कें। नगरों में पेयजल, खेतों को पानी और उद्योगों को पानी दिया जा सकता था, लेकिन जब हम उज्जैन में सिंहस्थ के लिए नर्मदा का पानी मांगते थे, तो दिग्विजय सिंह ने विधानसभा में कहा था कि यह असंभव है। शिप्रा ऊंचाई पर है और नर्मदा नीचे, इसलिए यह आ ही नहीं सकती। लेकिन आज नर्मदा-शिप्रा लिंक बन चुका है। केन-बेतवा नदी जोड़कर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड को बहुत पहले ही पानी मिल सकता था, लेकिन कांग्रेस के नेताओं ने इसे असंभव बताया। फिर वे कोर्ट चले गए और अड़चनें डालीं। लेकिन हमने इस असंभव काम को करके दिखाया। उन्होंने कहा कि चंबल-मालवा के 13 जिले पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना से बदलने वाले हैं। चंबल क्षेत्र के लोग कभी-कभी बंदूक भी उठा लेते थे, क्योंकि ₹भूखे भजन न होय गोपाला₹। सरकार को इस स्थिति को सुधारना चाहिए था। अब यह पानी सभी क्षेत्रों में पहुंचेगा। किसान आभार सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दर्शन सिंह चौधरी, कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर और विधायक रामेश्वर शर्मा मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सामरिक रूप से सशक्त आज के भारत को दबाना या झुकाना संभव नहीं : संजय सेठ



**कोलकाता :** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि भारत आज सामरीक रूप से इस हद तक सशक्त हो चुका है कि इसे दबाना, झुकाना या आंख दिखाने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता। कुछ सालों पहले तक हमारी सेना के पास पर्याप्त हथियार ओर अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं हुआ करते थे, लेकिन पिछले करीब एक दशक में हालात तेजी से बदले हैं। आज न सिर्फ हमारी सेना पूरी तरह आत्मनिर्भर है, बल्कि हम दुनिया के करीब सौ देशों को हथियार मुहैया कराने में सक्षम हैं। यह बात उन्होंने रविवार को कोलकाता के रथीन्द्र मंच में श्री बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय के तत्वावधान में आयोजित विवेकानंद सेवा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने महाकुंभ का उल्लेख करते हुए कहा कि यह एक ऐसा महा आयोजन था, जिसने सनातन संस्कृति की विशिष्टताओं को दुनिया भर के समक्ष महमामंडित किया। महाकुंभ में किसी प्रकार का भेदभाव नजर नहीं आया। समाज के हर तबके के लोगों ने एक साथ संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने देशवासियों से विकसित भारत निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि 2047 में विकसित और दुनिया के सिरमौर के रूप में ही भारत अपनी आजादी के सौ वर्ष पूर्ण करेगा। समारोह में भारत सेवाश्रम संघ, बेलडांगा के संत स्वामी प्रदीप्तानंद उपाख्य कार्तिक महाराज को विवेकानंद सेवा सम्मान से नवाजा गया। सम्मान के तौर पर उन्हें एक लाख रुपए के चेक व मानपत्र प्रदान किया गया। सम्मान पाकर अपने उदगार व्यक्त करते हुए कार्तिक महाराज ने कहा कि इस सम्मान ने मुझे अपने कर्तव्यों और दायित्वों के प्रति और अधिक सचेत कर दिया है। ऐसे सम्मान समाज के प्रति और अधिक दायित्ववान होने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने धर्मांतरण को गंभीर समस्या बताते इसके निदान का उपाय करने एवं पिछड़ों और आदिवासियों के उत्थान के सतत प्रयत्नशील रहने का संकल्प व्यक्त किया। मुख्य वक्ता जाने-माने पत्रकार बलवीर पुंज ने कहा कि भारत में सिर्फ हिंदू ही हैं। एक वर्तमान और दूसरी पूर्व हिन्दू। अगर हममें से एक पूर्व हिन्दू बन जाता है तो न सिर्फ हमारी एक संख्या कम हो जाती है, बल्कि हमारा एक शत्रु भी बढ़ जाता है। हिंदू संस्कृति इतिहास से भी प्राचीन है, इसलिये चिरस्थायी है। समारोह में सुप्रसिद्ध आ?कर सलाहकार सज्जन तुलस्यान, उद्योगपति सज्जन भजनका, समाजसेवी लक्ष्मी नारायण भाला, कुमारसभा के अध्यक्ष महाबीर प्रसाद बजाज, अरुण प्रकाश मल्लावत व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। समारोह का संचालन डा. तारा दुग्गड़ ने किया।

### संगठन को मजबूत किए बगैर कोई चुनाव नहीं लड़ा जा सकता : अनुप्रिया पटेल



**लखनऊ :** लखनऊ में अपना दल की अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने रविवार को पार्टी कार्यकताओं के बीच मासिक समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि आने वाला पंचायत चुनाव हो या विधानसभा चुनाव 2027 या फिर 2029 लोकसभा चुनाव हो, बिना संगठन को मजबूत किये कोई चुनाव नहीं लड़ा जा सकता। अपना दल की अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि पंचायत चुनाव में अपना दल सोनेलाल पार्टी मैदान में उतरेगी। जमीन पर काम करने वाले कार्यकर्ता इस बार पंचायत चुनाव में टिकट मांगें। संगठन को मजबूती देने के लिए पंचायत चुनाव में पार्टी का उतरना बेहद जरूरी है। कुर्सियों को खाली देखकर अनुप्रिया पटेल ने कहा कि आप सभी का बैठक में प्रतिभाग करने के लिए धन्यवाद है। कुछ पदाधिकारियों के नहीं आने पर मुझे कहना है, हमें आपको अपना दल सोनेलाल को सर्वोपरि रखकर चलना है। पार्टी के लिए कार्य करने वाले कार्यकताओं को बैठकों का भी ध्यान रखना चाहिए।

### हिमाचल के आठ ट्राउट फार्मों में हुआ लाखों अंडों का उत्पादन

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश ने देश में उच्च गुणवत्ता वाले रेनबो ट्राउट के आंख वाले अंडों के प्रमुख उत्पादक और आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। राज्य ने उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों को इन अंडों की आपूर्ति कर मत्स्य पालन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अकेले उत्तराखंड को 9.05 लाख रेनबो ट्राउट के आंख वाले अंडे भेजे गए हैं। मत्स्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष राज्य के आठ सरकारी ट्राउट फार्मों ने 12.60 लाख रेनबो ट्राउट और 1.74 लाख ब्राउन ट्राउट के आंख वाले अंडों का उत्पादन किया है। ये फार्म कुल्लू जिले के पतलीकूहल और हामनी, मंडी जिले के बरोट, शिमला जिले के धमवाड़ी, किन्नौर जिले के सांगला तथा चंबा जिले के थल्ला, होली और भंडाल में स्थित हैं। 20 लाख से अधिक उत्पादन की संभावना एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार प्रदेश में रेनबो ट्राउट मछली का प्रजनन कार्य अभी भी जारी है, जिससे उम्मीद है कि इस बार आंख वाले अंडों का कुल उत्पादन 20 लाख से अधिक हो सकता है। यह पिछले वर्ष के 15.79 लाख अंडों के मुकाबले उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त निजी क्षेत्र से भी बराबर मात्रा में योगदान की संभावना है। कुल्लू, मंडी और सिरमौर जिलों में स्थित नौ निजी हैचरियों ने सामूहिक रूप से 20 लाख अंडों के उत्पादन का लक्ष्य रखा है। प्रवक्ता ने कहा कि राज्य में कुल ट्राउट उत्पादन वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1,402 मीट्रिक टन था, जिसे 2024-25 में बढ़ाकर 1,600 मीट्रिक टन तक पहुंचाने का अनुमान है।

### कार्तिक महाराज को मिला विवेकानंद सेवा सम्मान

**कोलकाता :** श्री बड़ा बाजार कुमार सभा पुस्तकालय की ओर से रविवार को स्वामी प्रदीप्तानंद उपाख्य कार्तिक महाराज को विवेकानंद सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर कोलकाता के रथीन्द्र मंच में आयोजित समारोह में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने अपने संबोधन में स्वामी कार्तिक महाराज के कार्यों की जमकर प्रशंसा की। कहा कि महाराज आदिवासी समाज के उत्थान और हिंदू समुदाय को एकजुट रखने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उनके इन्हीं कार्यों को देखते हुए केंद्र सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया और अब विवेकानंद सेवा सम्मान मिलना भी उनके योगदान का उचित सम्मान है। उन्होंने बताया कि महाराज की पहल पर 11 विद्यालयों में करीब 21 हजार बच्चों को शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा मिल रही है। हिमंत बिस्व सरमा ने भारतीय सभ्यता की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत को विश्व गुरु बनाने का सपना देखा था। उनके सपनों को साकार करने की दिशा में लगातार काम हो रहा है और विश्वास है कि यह सपना जल्द ही पूरा होगा। भारतीय सभ्यता का आधार ज्ञान और प्रज्ञा है, जबकि दुनिया की अन्य सभ्यताएं राजनीतिक पहचान पर आधारित रहीं और काल के साथ विलीन हो गईं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**